www.navpradesh.com

दैनिक **नव प्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर

2 | छत्तीसगढ़
4 | अभिव्यक्ति
9 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, शनिवार, 27 जून 2026 | शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-12 अंक- 76 | पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

हाउसिंग बोर्ड अब अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में भी देगा नई गति: सीएम साय

■ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के नए लोगो का किया विमोचन

■ पूंजीगत व्यय करने वाले विभागों को सक्षम बनाकर प्रदेश के विकास को गति देना हमारी इकोनॉमिक फिलॉसफी : ओपी चौधरी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नया रायपुर स्थित सर्किट हाउस में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के नवीन लोगो का विमोचन किया। इस अवसर पर वर्ष 2025 के आवास मेले में आवास बुक करने वाले हितग्राहियों को लकी ड्रा के माध्यम से कार, स्कूटी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एलईडी टीवी सहित विभिन्न पुरस्कार वितरित किए गए। साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल का नया लोगो तैयार करने वाले श्री अंशुल कश्यप को शुभकामनाएं दी और प्रतियोगिता की पुरस्कार राशि ढाई लाख रुपए का चेक सौंपा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक परिवार का अपना पक्का घर होने का सपना होता है और राज्य सरकार इस सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पूर्व में केवल गृह निर्माण तक सीमित रहा मंडल अब अधोसंरचना ■ शेष पृष्ठ 8 पर

प्रदेश में प्रतिदिन लगभग 1,600 नए आवास तैयार किए जा रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने सभी संकल्पों और वायदों को तेजी से पूरा किया है। सरकार के गठन के बाद पहली कैबिनेट बैठक में ही 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों को स्वीकृति प्रदान की गई थी। आज प्रदेश में गरीब और जरूरतमंद साढ़े दस लाख से अधिक परिवार के आवास पूर्ण हो चुके हैं तथा प्रतिदिन लगभग 1,600 नए आवास तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास के लिए केंद्र सरकार से 15 हजार अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराए गए हैं तथा विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए भी विशेष आवास योजना संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन हमारे सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। 'सेवा सेतु' के माध्यम से 450 से अधिक शासकीय सेवाएं अब मोबाइल ऐप के जरिए घर बैठे उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 भी प्रारंभ की गई है, जहां नागरिक अपनी शिकायतें दर्ज कर समयबद्ध समाधान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में लगभग 65 हजार घरों में रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना के माध्यम से सरकार घर में सोलर संयंत्र लगाने के लिए आकर्षक सब्सिडी भी दे रही है और इन परिवारों लिए आने वाले समय में बिजली पूरी तरह मुफ्त हो जाएगी और अतिरिक्त बिजली ग्रिड को बेच पाएंगें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के माध्यम से लंबित बिजली बिल के भुगतान का भी बड़ा अवसर दिया है और बिल पर लगने वाले सरचार्ज समेत आकर्षक छूट का प्रावधान किया है।

आज बेबाक

यह क्या बात हुई? यदि कोई गलती कर बैठे और माफी न मांगे तो उसकी निंदा की जाती है कि देखो गलती करके भी माफी नहीं मांग रहा है। यदि वही बंदा गलती करके माफी मांग ले तो भी उसकी खिल्ली उड़ाई जाती है कि देखो माफीवीर को, कैसे नाक रगड़कर माफी मांग रहा है और गा रहा है–माफकरो ओ बाबा माफकरो। अरे भाई, बड़े-बड़े लोगों से छोटी-छोटी गलतियां हो जाया करती हैं। इसके लिए सामने वाला माफी मांग रहा हो तो उसे मत चिढ़ाओ। बच्चे हैं। बच्चों से गलतियां हो जाती हैं।

भारत-दक्षिण कोरिया की विशेष रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने की प्रतिबद्धता

नई दिल्ली/वार्ता। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दक्षिण कोरिया का आधिकारिक दौरा किया, जहाँ उन्होंने अपने समकक्ष चो ह्यून और राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशक वाई सुंग-लैक से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों में आई नई गति का स्वागत किया और व्यापार, निवेश, रक्षा, जहाज निर्माण, उभरती तकनीकों व स्टार्टअप जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। दोनों मंत्रियों ने इस साल अप्रैल में कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग की भारत यात्रा के नतीजों की समीक्षा की और रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए लगातार संपर्क में रहने का संकल्प लिया।

जापान की पीएम सनाए तकाइची एक जुलाई को भारत यात्रा पर आएंगी

नई दिल्ली/वार्ता। जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर 16वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए 1 जुलाई को तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर भारत आ रही हैं। पद संभालने के बाद सुश्री तकाइची की यह पहली भारत यात्रा होगी। इस शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देश द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा करेंगे और आपसी हित के क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। इससे पहले 15वां शिखर सम्मेलन पिछले साल अगस्त में टोक्यो में हुआ था, जिसमें पीएम मोदी शामिल हुए थे। यह यात्रा दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को आगे बढ़ाने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला : चंपत राय के ड्राइवर टिन्नू समेत आठ आरोपी गिरफ्तार

ट्रस्ट महासचिव चंपत का इस्तीफा ट्रस्टी अनिल मिश्रा की भी छुट्टी

अयोध्या/ए.। अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉक्टर अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों के मुताबिक, मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव को भी मंदिर की व्यवस्था से बाहर कर दिया गया है।

चंपत के पास पूरे मंदिर की जिम्मेदारी थी। राय के बाद ट्रस्टी अनिल और गोपाल राव की मंदिर व्यवस्था में बड़ी भूमिका थी। एक हफ्ते पहले सीएम योगी अयोध्या दौरे पर गए थे। उस वक्त चंपत को उनके दौरे से दूर रखा गया था, तभी से यह सुगबुगाहट थी कि उन्हें हटाया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक अब ट्रस्ट का पुनर्गठन किया जाएगा। चढ़ावा चोरी मामले में गुरुवार देर शाम ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की शिकायत पर पहली एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसमें चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा समेत अन्य बड़े पदाधिकारियों के नाम नहीं हैं। इसके बाद देर रात रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू समेत 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। शुक्रवार को मेडिकल के बाद सभी को कोर्ट में पेश किया।

एक और तरीके से चढ़ावा चोरी होने का दावा

मिली जानकारी के अनुसार यह चोरी एक और तरह से हो रही थी। नोट गिनने वाले कर्मचारी हर गड्डी में एक्स्ट्रा नोट जमा कर देते। जब बैंक के पास रकम गिनने की बारी आती तो हर गड्डी के एक एक नोट को गिनने के बजाए सिर्फ गड्डी गिनी जाती और उसका वाउचर बन जाता. जब यह रकम बैंक में जमा करने के लिए मंदिर से जाई जाती, उस दौरान हर गड्डी में जो एक्स्ट्रा नोट लगाए गए थे वह निकाल दिए जाते। सूत्र बताते हैं कि इस तरह वाउचर से रकम का मिलान भी हो जाता और रकम चोरी भी हो रही थी। अनुकल्प मिश्रा चढ़ावे के वाउचर बनाने की प्रक्रिया से जुड़ा था और वह यही हेरा फेरी अपने बहनोई लवकुश मिश्रा के जरिए कर रहा था।

एसआईटी ने 23 जून को रिपोर्ट सौंपी, 2 दिन बाद गिरफ्तारी

चोरी का मामला पहली बार 7 जून को सामने आया। यूपी सरकार ने 13 जून को एसआईटी बनाई। एसआईटी ने 23 जून को एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (गृह) संजय प्रसाद को प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी। इसके 2 दिन बाद कार्रवाई हुई और मंदिर से जुड़े 8 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें टिन्नू, लवकुश मिश्रा, अनुकल्प मिश्रा, मनीष यादव, अविनाश शुक्ला, करुणेश पांडेय, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव और रमाशंकर मिश्रा शामिल हैं। अनुकल्प लवकुश का जीजा है। ये दोनों अनिल मिश्रा के रिश्तेदार हैं। वहीं, मनीष टिन्नू यादव का भतीजा है।

पहले चोरी होती थी, फिर लिखा-पढ़ी

सबसे अहम बात कि आरोपी चोरी पहले करते, बाद में नोटों की गिनती या दान पेटी में मिले जेवरात की लिखा पढ़ी होती थी। इसके अलावा, इस मामले में राम शंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव और सुभाष चंद्र ऐसे व्यक्ति हैं जो बराबर राम मंदिर ट्रस्ट के उस कमरे में आते जाते थे, जहां दान पेटियां खुलती थीं। रोजाना 6 से 7 लाख रुपये की चोरी का शक हुआ था।

रामभक्तों की अग्निपरीक्षा मत लो, सख्त कार्रवाई होगी: सीएम योगी

लखनऊ/ए.। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को देवरिया में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कानून व्यवस्था और जन आस्था के मुद्दों पर अब तक का सबसे कड़ा रुख अपनाया है। अयोध्या धाम के चढ़ावा और वित्तीय गबन प्रकरण में विशेष जांच दल की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर दर्ज हुई पहली आधिकारिक एफआईआर और 8 आरोपियों की गिरफ्तारी के तुरंत बाद मुख्यमंत्री जनसभा के मंच पर पहुंचे। उन्होंने अपने संबोधन में साफ शब्दों में कहा कि उत्तर प्रदेश के भीतर जो कोई भी आम जनता और सनातनियों की जन आस्था के साथ खिलवाड़ करने का दुस्साहस करेगा, उसके विरुद्ध राज्य सरकार 'जीरो टॉलरेंस नीति' के तहत सबसे कठोर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

वेनेजुएला भूकंप में अब तक 235 की मौत, 4300 से ज्यादा घायल

■ **सरकार बोली- 39,000 लोग लापता, मलबे के नीचे से आवाजें आ रहीं**

कराकस/वेनेजुएला/ए.। दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में आए दो भूकंप में अब तक 235 लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है। जबकि 4300 से ज्यादा लोग घायल हैं। वेनेजुएला में बुधवार यानी 25 जून को साल 1821 के काराबोबो युद्ध की याद में राष्ट्रीय अवकाश था। इसलिए ज्यादातर लोग घरों में थे और फीफा वर्ल्ड कप मैच देख रहे थे। इससे मलबे में दबने वालों की संख्या ज्यादा होने की आशंका है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मलबे के अंदर से आवाजें आ रहीं हैं। सरकार ने देर रात बताया कि 39 हजार से ज्यादा लोग लापता हैं। भूकंप की भयावहता की असल तस्वीर अभी आना बाकी है। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक भूकंप से 10 हजार से ज्यादा लोगों के मारे जाने की 44% आशंका है।

वहीं, एक लाख लोगों के जान गंवाने की 30% आशंका है। इस आपदा से वेनेजुएला की अर्थव्यवस्था को 9.5 लाख करोड़ रुपए के नुकसान हो सकता है। कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने आपातकाल लगा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड्रिग्ज से बात कर मदद की पेशकश की है।

दिनदहाड़े युवती की गोली मारकर हत्या

■ **वारदात के बाद नकाबपोश बाइक सवार बदमाश फरार**

सक्ती/नवप्रदेश। सक्ती जिले में दिनदहाड़े एक युवती की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद दो नकाबपोश बाइक सवार आरोपी मौके से फरार हो गए। यह घटना जोंगरा गांव की है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है।

मृतका की पहचान पूर्णिमा चौहान के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह हर्बल लाइफ के प्रोडक्ट का व्यवसाय करती थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दो युवक बाइक पर सवार होकर पहुंचे। दोनों नकाब पहने हुए थे।

आरोपियों ने पूर्णिमा चौहान पर गोली चलाई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर गिर पड़ी। घटना के बाद दोनों आरोपी बाइक से फरार हो गए।

सूचना मिलते ही सक्ती थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, घटना स्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। फिलहाल हत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी के दो वर्ष पूरे

नई दिल्ली/वार्ता। लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में श्री राहुल गांधी के दो वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस पार्टी ने कहा कि उन्होंने इस दौरान सड़क से संसद तक युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और गरीबों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी है। राहुल गांधी ने भी सोशल मीडिया पर आभार जताते हुए कहा कि इन दो वर्षों का हर दिन हर भारतीय की आवाज को सत्ता तक पहुंचाने के लिए समर्पित रहा। नीट के छात्रों की लड़ाई, वोट चोरी के पर्दाफाश और संविधान की रक्षा का जिक्र करते हुए कहा कि जनता का भरोसा ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

ऑपरेशन सिंदूर के 6 बलिदानियों के नामों का पहली बार आधिकारिक खुलासा

■ **राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर अंकित हुए नाम**

नई दिल्ली/ए.। भारत सरकार ने पिछले साल मई 2025 के महीने में सीमा पार पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में संचालित किए गए सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर एक बड़ा कदम उठाया है।

सरकार ने पहली बार आधिकारिक तौर पर भारतीय सशस्त्र बलों के उन छह वीर सैनिकों के नामों को सार्वजनिक कर दिया है, जिन्होंने इस बेहद कठिन ऑपरेशन के दौरान मातृभूमि की ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नेशनल वॉर मेमोरियल की 'वॉल 3डी' पर साल 2025 के खंड में अंकित हुए नाम

प्राप्त जानकारियों के अनुसार, देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले इन वीर सपूतों के नाम स्मारक के 'वॉल 3डी' पर साल 2025 के विशेष खंड में स्वर्ण अक्षरों में लिखे गए हैं। सर्वोच्च बलिदान देने वाले इन छह नायकों में मुख्यालय 10 इन्फैंट्री ब्रिगेड के सूबेदार मेजर पवन कुमार, 4 जम्मू और कश्मीर लाइट इन्फैंट्री के राइफलमैन सुनील कुमार (मरणोपरांत वीर चक्र से सम्मानित), 5 फील्ड रेजिमेंट के लांस नायक दिनेश कुमार, 851 लाइट रेजिमेंट के एविएशन टेक्निशियन मूड मुरलीनायक, 237 फील्ड वर्कशॉप कंपनी के हवलदार सुनील कुमार सिंह और भारतीय वायुसेना की 39 विंग के सार्जेंट सुरेंद्र कुमार (वायु सेना पदक विजेता) शामिल हैं।

निर्णय : 5 सदस्यीय हाई लेवल कमेटी गठित, विवाह-तलाक समेत सभी पर्सनल लॉ की होगी स्टडी

छत्तीसगढ़ में यूसीसी लागू करने की तैयारी तेज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की दिशा में साय सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार ने यूसीसी की स्टडी, सुझाव और ड्राफ्ट तैयार करने के लिए 5 सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है।

इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने गुरुवार (25 जून) को आदेश जारी किया। समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई करेंगी। समिति में शत्रुघ्न सिंह, एमके राउत, मोहन पवार और ज्योति रानी सिंह को सदस्य बनाया गया है। यह समिति राज्य में यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार करेगी। इसके लिए सभी धर्मों के पर्सनल लॉ की स्टडी कर सुझाव दिए जाएंगे।

जनता और एक्सपर्ट्स से लिए जाएंगे सुझाव: सरकार ने समिति को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रिपोर्ट के आधार पर आगे बढ़ेगी सरकार: साय

समिति समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का प्रारूप तैयार कर राज्य सरकार को सौंपेगी। इसके साथ ही वह जरूरी विधायी और प्रशासनिक सुझाव भी देगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सरकार व्यापक अध्ययन और सभी पक्षों से विचार-विमर्श के बाद आगे की प्रक्रिया तय करेगी। राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में इस पहल को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। छत्तीसगढ़ उन राज्यों में शामिल हो सकता है, जहां यूसीसी लागू करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में यूसीसी आदिवासियों के हितों अधिकारों पर डाका डालने की कोशिश: बैज

रायपुर/नवप्रदेश। साय सरकार ने यूसीसी लागू करने के लिए एक कमेटी का गठन किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर छत्तीसगढ़ में यूसीसी लागू होता है तो सबसे बड़ा नुकसान छत्तीसगढ़ के आदिवासियों को होगा। यूसीसी छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के खिलाफ है। राज्य में केवल आदिवासी ही ऐसे हैं जिन्हें प्रदेश में निवासरत अन्य लोगों की अपेक्षा विशेष संवैधानिक संरक्षण मिला हुआ है। इसके अलावा कोई भी वर्ग छत्तीसगढ़ में नहीं है जिसके लिए विशेष नागरिक प्रावधान लागू है। छत्तीसगढ़ में 32 प्रतिशत से अधिक आबादी आदिवासियों की है, संरक्षित जनजातियां हैं, जिन्हें संविधान में कुछ विशेष अधिकार मिले हैं। उनकी रक्षा के लिए पेसा कानून लागू है और पांचवीं अनुसूची लागू है।

बेमेतरा में प्रधान आरक्षक 15 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार

■ **एंटी करप्शन ब्यूरो की कार्रवाई से मचा हड़कंप**

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थान खम्हरिया थाना के प्रधान आरक्षक अजय लहरे को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, एसीबी की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से थानखम्हरिया थाना में दबिश दी और आरोपी प्रधान आरक्षक को रिश्वत की रकम लेते हुए पकड़ा।

गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई जारी है। बताया जा रहा है कि बेमेतरा पुलिस विभाग में यह एसीबी की पहली बड़ी कार्रवाई है, जिससे विभाग में हड़कंप मच गया है। वहीं एसीबी की टीम रिश्वतखोरी के मामले की जांच में जुटी हुई है और यह पता लगाया जा रहा है कि मामले में किसी अन्य की भी भूमिका तो नहीं है।

साजा विधानसभा क्षेत्र में दूसरी कार्रवाई: गौरतलब है कि साजा विधानसभा क्षेत्र में यह एसीबी की दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले इसी क्षेत्र में एक पटवारी को भी रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया था।

गरमा-गरम

इंद्रावती की धाराओं पर ओलंपिक की उड़ान,कयाकिंग-कैनोइंग से नई पहचान गढ़ रहे बस्तर के युवा

- **कलेक्टर की पहल और एसपी के आह्वान से खेलों की ओर बढ़ा युवाओं का रुझान**
- **सेना, पुलिस भर्ती की तैयारी के साथ ओलंपिक खेल में भी बन रहे भविष्य के अवसर**

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर के युवाओं को खेलों के माध्यम से नई दिशा देने की पहल अब इंद्रावती नदी की धाराओं पर आकार ले रही है। कलेक्टर आकाश छिकारा की पहल और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के आह्वान पर लालबाग में बस्तर फाइटर, सेना भर्ती, पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों की तैयारी कर रहे युवा अब ओलंपिक खेल क्याकिंग एवं कैनोइंग का नियमित प्रशिक्षण ले रहे हैं। पुराने पुल के नीचे प्रतिदिन होने वाले अभ्यास में युवाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

प्राकृतिक जल संसाधनों से समृद्ध बस्तर में इस खेल की संभावनाओं को देखते हुए युवाओं को राज्य,राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशिक्षण से युवाओं की शारीरिक क्षमता, सहनशक्ति, संतुलन, मानसिक दृढ़ता, अनुशासन,त्वरित

निर्णय क्षमता और नेतृत्व कौशल विकसित हो रहे हैं,जो सुरक्षा बलों में भर्ती के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी खेलों में भी उपयोगी साबित होंगे।

प्रशिक्षण खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। नियमित अभ्यास के दौरान खिलाड़ियों को जल सुरक्षा,नाव संचालन,पैडलिंग तकनीक, संतुलन और प्रतियोगी स्तर की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिले में इस पहल को ओलंपिक खेलों की मजबूत नींव रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

बस्तर फाइटर एवं सेना भर्ती के प्रभारी हेम सिंह नेगी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए नियमित अभ्यास और अनुशासन पर जोर दिया। इस अभियान में जिला खेल अधिकारी सुशांत पॉल,क्याकिंग एवं कैनोइंग के प्रभारी डी. कोटेश्वर राव नायडू तथा कोच अशोक साहू की महत्वपूर्ण भूमिका है।

इंद्रावती से अंतरराष्ट्रीय मंच तक की तैयारी

क्याकिंग एवं कैनोइंग ओलंपिक खेलों में शामिल एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है। छत्तीसगढ़ में इसकी नियमित गतिविधियां फिलहाल रायपुर और जगदलपुर तक सीमित हैं,जिससे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए आगे बढ़ने के अवसर अधिक हैं। जिला प्रशासन,बस्तर पुलिस और खेल विभाग के संयुक्त प्रयासों से यह अभियान युवाओं को खेल,अनुशासन और बेहतर भविष्य से जोड़ते हुए बस्तर की नई पहचान गढ़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बन गया है।

जिला स्तरीय शालेय खेल कैलेंडर को लेकर व्यायाम अनुदेशकों की बैठक

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले में वर्ष 2026-27 के जिला स्तरीय शालेय खेलकूद कैलेंडर के अनुमोदन एवं आगामी खेल गतिविधियों की रूपरेखा तय करने के लिए जिले के व्यायाम अनुदेशकों की महत्वपूर्ण बैठक जगतु महारा हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के सफल संचालन, खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने तथा विद्यालय स्तर पर खेल गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं की संभावित तिथियों, खेल विधाओं,आयु वर्ग,आयोजन स्थलों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं पर सुझाव लिए गए। साथ ही इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि जिले के दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी खेल प्रतियोगिताओं में समान अवसर मिलें। खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन,नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, टीम भावनाऔर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने पर भी बल दिया गया। जिला खेल अधिकारी ने कहा कि बस्तर में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत उन्हें उचित मंच,प्रशिक्षण और मार्गदर्शन देने की है। विद्यालय स्तर पर नियमित खेल गतिविधियां संचालित कर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान और उन्हें आगे बढ़ाने का आह्वान भी किया गया।

बैठक में विद्यालय के प्राचार्य बी एस रामकुमार एवं जिला खेल अधिकारी डी केमरो की उपस्थिति रही। अंतिम सत्र में वेद प्रकाश सोनी,प्रदीप राव,सुनील पिल्लई,अतुल शुक्ला,जोगेंद्र ठाकुर,डोरीस सुना, मधुसूदन वर्मा,श्रवण कुमार साहू,नीरज पांडे तथा कोटेश्वर राव नायडू सहित जिले के विभिन्न विद्यालयों के व्यायाम अनुदेशक मौजूद रहे।

5वीं बटालियन सीआरपीएफ में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

जगदलपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 5वीं बटालियन सीआरपीएफ, जगदलपुर में भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों, जवानों एवं अन्य प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। योग शिक्षिका गायत्री बड़कस एवं मंजू लुक्कड़ ने योगाभ्यास का संचालन करते हुए सभी को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए नियमित योग करने का संदेश दिया। योग शिक्षिकाओं ने योग के शारीरिक,मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योग स्वस्थ, संतुलित और तनावमुक्त जीवन की कुंजी है। उन्होंने प्रतिभागियों को दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने भी योग के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि योग शरीर को स्वस्थ रखने के साथ मानसिक एकाग्रता,आत्मविश्वास और कार्यक्षमता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है।

नव प्रवेशी विद्यार्थियों,पालकों और सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान,उत्साह के साथ मनाया गया प्रवेशोत्सव

जगदलपुर/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिन्दावाड़ा में संकुल प्राचार्य स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जनप्रतिनिधियों,शाला प्रबंधन एवं विकास समिति तथा पालकों की सक्रिय भागीदारी के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। नवीन शिक्षा सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों, विशेषकर कक्षा पहली,छठी,नौवीं और ग्यारहवीं के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मिष्ठान खिलाकर एवं पाठ्यपुस्तकें प्रदान कर आत्मीय स्वागत किया गया। प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों को गणवेश भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। विद्यालय और समाज के बीच सहभागिता को मजबूत बनाने के उद्देश्य से नवप्रवेशी विद्यार्थियों के पालकों का भी प्रतीक चिन्ह एवं पुष्पमाला से सम्मान किया गया। साथ ही ग्राम के सेवानिवृत्त शिक्षकों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर उनके शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।

शिकायतों के बावजूद नहीं हुई मरम्मत, रात में आवागमन हुआ जोखिमभरा

एनएच-30 पर बस स्टैंड से अस्पताल तक अंधेरा बंद स्ट्रीट लाइटों से बढ़ा हादसों का खतरा

- **ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी, मरीजों और राहगीरों की सुरक्षा पर उठे सवाल**

जगदलपुर/बस्तर/नवप्रदेश। नगर पंचायत बस्तर से गुजरने वाले नेशनल हाईवे-30 पर बस स्टैंड से बस्तर थाना और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक का हिस्सा कई दिनों से अंधेरे में डूबा हुआ है। सड़क के बीचों-बीच लगी नेशनल हाईवे विभाग की स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं, जिससे रात के समय आवागमन जोखिमभरा हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद अब तक लाइटों की मरम्मत नहीं कराई गई।

ग्रामीणों के अनुसार अंधेरे के कारण इस मार्ग पर दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। सड़क पर बैठे मवेशी रात में दिखाई नहीं देने से तेज रफ्तार वाहन उनकी चपेट में आ रहे हैं। वहीं बस्तर थाना, वन विभाग कार्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने भी पर्याप्त रोशनी नहीं होने से मरीजों, उनके परिजनों और अन्य राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि यह मार्ग देर रात तक व्यस्त रहता है, ऐसे में स्ट्रीट लाइटों का बंद रहना गंभीर लापरवाही है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही स्ट्रीट लाइटें चालू नहीं कराई गईं तो नेशनल हाईवे विभाग के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। उनका कहना है कि किसी बड़ी दुर्घटना से पहले विभाग को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए।

बहाल नहीं होने पर जनआंदोलन शुरू किया जाएगा

ग्रामीणों ने मांग की है कि बस स्टैंड से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक बंद पड़ी सभी स्ट्रीट लाइटों की तत्काल मरम्मत कर उन्हें चालू किया जाए। उनका कहना है कि इस मार्ग पर रोजाना बड़ी संख्या में मरीज,छात्र,कर्मचारी और आम नागरिक आवागमन करते हैं। समय रहते व्यवस्था बहाल नहीं होने पर जनआंदोलन शुरू किया जाएगा,जिसकी पूरी जिम्मेदारी नेशनल हाईवे विभाग की होगी।

संभाग स्तरीय रोजगार मेला आज

जशपुरनगर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए खुशखबरी है। संभाग स्तरीय रोजगार मेला 27 जून 2026 को राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल अम्बिकापुर में आयोजित किया गया है। उक्त मेले में 11 से अधिक निजी कंपनियों के नियोजक उपस्थित रहेंगे जो 1951 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती करेंगे। इस मेले में क्वालिटी सर्विस, वेदांत स्किल, श्रमिन टैलेंट प्राइवेट लिमिटेड, आश्रव फाउंडेशन, सेफ इंटेलिजेंस सिक्योरिटी सर्विसेज, एस बी आई लाइफ इंश्योरेन्स, लाइफ इंश्योरेन्स कारपोरेशन ऑफइंडिया अम्बिकापुर सरगुजा, या देवी एसोसिएट्स, यूनिक सलूशन प्राइवेट लिमिटेड, वी सी इंस्टिट्यूट और टी वी एस कंपनी सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल होंगी।

शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग

- **संचालक शिक्षा से मिला समग्र शिक्षक फेडरेशन**
- **शाला अनुदान, वरिष्ठता सूची और पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी लाने पर जोर**

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने बस्तर संभाग के शिक्षकों की लंबित समस्याओं और विभिन्न मांगों के शीघ्र निराकरण को लेकर संयुक्त संचालक (शिक्षा) एच. आर. सोम से सौजन्य भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने विद्यालय संचालन, पदोन्नति और प्रशासनिक प्रक्रियाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की।

फेडरेशन ने मर्ज की गई शालाओं के लिए शाला अनुदान राशि जारी करने अथवा विद्यालय संचालन के लिए वैकल्पिक वित्तीय व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि अनुदान नहीं मिलने से कई प्राथमिक विद्यालयों में प्रधान पाठक और शिक्षक निजी संसाधनों से आवश्यक खर्च वहन करने को मजबूर हैं। इसके अलावा 1 अप्रैल 2025 की स्थिति में सहायक शिक्षकों की संभाग स्तरीय अंतिम वरिष्ठता सूची शीघ्र प्रकाशित करने और लंबे समय से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को गति देने काभी आग्रह किया गया।

प्रतिनिधिमंडल ने वीएसके एप की तकनीकी समस्याओं तथा दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क बाधाओं का उल्लेख करते हुए इन कारणों से शिक्षकों के वेतन आहरण पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालने की मांग रखी। साथ ही विषयवार रिक्त शिक्षकीय पदों की जानकारी सार्वजनिक करने का आग्रह किया, ताकि पदस्थापना और पदोन्नति प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बन सके।

शीघ्र निराकरण से शिक्षकों को राहत मिलेगी

भेंट कार्यक्रम में समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष देवराज खूंटे,जिला सचिव गणेश्वर नायक,जिला कोषाध्यक्ष एस.एस. जॉन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। फेडरेशन ने उम्मीद जताई कि लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण से शिक्षकों को राहत मिलेगी और विद्यालयों का संचालन भी अधिक सुचारु हो सकेगा।

मशाल रैली निकाल भाजपा ने मनाई आपातकाल की 51वीं बरसी

- **चांदनी चौक से केंद्रीय जेल चौराहे तक निकली मौन रैली**
- **कांग्रेस पर लोकतांत्रिक मूल्यों के हनन का लगाया आरोप**

जगदलपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार शाम 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल की 51वीं बरसी पर शहर में मशाल रैली निकालकर इसे ÷काला दिवस÷ के रूप में मनाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने चांदनी चौक से केंद्रीय जेल चौराहे तक मौन रहते हुए मशाल रैली निकाली और आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय बताया।

रैली के दौरान भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सत्ता बचाने के लिए संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन करते हुए देश पर आपातकाल थोप दिया था। उनका कहना था कि 25 जून 1975 को घोषित आपातकाल के दौरान नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन हुआ, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया गया। भाजपा ने कहा कि लगभग 19 महीने तक देशवासियों ने आपातकाल की पीड़ा झेली और इस घटना को नई पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है।

इस दौरान भाजपा के श्रीनिवास मिश्रा, रामाश्रय सिंह, योगेंद्र पाण्डेय, आर्येंद्र सिंह आर्य, नरसिंह राव, परीसराम बेसरा, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, खेमसिंह देवांगन, मनीष पारेख, ममता राणा, रोहन घोष सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आपातकाल को लेकर राजनीतिक संदेश

भाजपा ने मशाल रैली के माध्यम से आपातकाल को लोकतंत्र पर सबसे बड़ा प्रहार बताते हुए इसे याद रखने का आह्वान किया। पार्टी नेताओं का कहना था कि लोकतांत्रिक अधिकारों और संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा के लिए नागरिकों को इतिहास की ऐसी घटनाओं से लगातार अवगत कराना जरूरी है।

भाजपा राज में खाद की कालाबाजारी पर कांग्रेस का हमला किसानों को अंधेरे में रखकर हुआ उर्वरक घोटाला : रेखचंद जैन

- **कांग्रेस जांच समिति के दबाव में जागा कृषि विभाग, एफआईआर और लाइसेंस निरस्तीकरण पर उठाए सवाल**

जगदलपुर/नवप्रदेश। ग्राम नानगुर स्थित अनन्या कृषि केंद्र से जुड़े उर्वरक प्रकरण को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोला है। राजीव भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने आरोप लगाया कि भाजपा शासन में खाद की कालाबाजारी और उर्वरक घोटाला किसानों के साथ खुला अन्याय है। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी के सबसे महत्वपूर्ण समय में किसानों को खाद से वंचित रखा गया, जबकि कालाबाजारी करने वालों को प्रशासनिक संरक्षण मिलता रहा। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि किसानों के हितों से खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

रेखचंद जैन ने कहा कि अनियमितताओं के चलते कृषि विभाग ने अनन्या कृषि केंद्र के निजी गोदाम को सील किया था, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि पंचनामा तैयार करने के बाद वही गोदाम आरोपियों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस को भी इसकी जानकारी नहीं दी गई।

एल-नीनो की चुनौती को अवसर में बदलें किसान

जशपुरनगर/नवप्रदेश। जिले में इस वर्ष एल-नीनो प्रभाव के कारण सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना को देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों को वैकल्पिक फसलों की खेती अपनाने की सलाह दी है। उप संचालक कृषि, जशपुर ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि वे विशेष रूप से टिकरा भूमि में धान के स्थान पर दलहन एवं तिलहन फसलों की खेती कर जोखिम को कम करें। कृषि विभाग के अनुसार कम वर्षा की संभावित परिस्थितियों में अरहर, मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी, रागी, मूंगफली, तिल, रामतिल एवं कुल्थी जैसी फसलें किसानों के लिए अधिक लाभकारी सिद्ध हो सकती हैं।

केंद्र के शीर्ष नेतृत्व लगातार कर रहा बस्तर की पहचान और विकास का उल्लेख

बस्तर नहीं देखा तो हिंदुस्तान नहीं देखा',केंद्रीय मंत्री के बयान से फिर राष्ट्रीय फोकस में बस्तर

- **पर्यटन,संस्कृति और विकास की अपार संभावनाओं को मिली नई राष्ट्रीय पहचान**

जगदलपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा एक टीवी कार्यक्रम में दिया गया कथन आपने बस्तर नहीं देखा तो हिंदुस्तान नहीं देखा - एक बार फिर बस्तर को राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा के केंद्र में ले आया है। केंद्रीय मंत्री ने बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता,जनजातीय संस्कृति और पर्यटन की असीम संभावनाओं की सराहना करते हुए इसे देश की अनमोल धरोहर बताया।

यह पहला अवसर नहीं है जब केंद्र के शीर्ष नेतृत्व ने बस्तर को विशेष महत्व दिया हो। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई वरिष्ठ केंद्रीय नेताओं ने विभिन्न मंचों से बस्तर की विशिष्ट पहचान,सांस्कृतिक विरासत और विकास की संभावनाओं का उल्लेख किया है। हाल ही में बस्तर प्रवास के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सार्वजनिक

मंच से कहा था कि ÷बस्तर का विकास ही देश का विकास है। केंद्र सरकार माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापित करने के साथ-साथ बस्तर के समग्र विकास को प्राथमिकता दे रही है। सड़क,शिक्षा,स्वास्थ्य,पर्यटन,संचार और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। लगातार हो रहे केंद्रीय नेतृत्व के दौरे और बस्तर पर विशेष फोकस को क्षेत्र के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप ने कहा कि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का यह वक्तव्य बस्तर की वैश्विक पहचान और यहां की प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक समृद्धि का सम्मान है। उन्होंने कहा कि बस्तर केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं,बल्कि अपनी गौरवशाली संस्कृति,ऐतिहासिक विरासत और प्राकृतिक वैभव के कारण पूरे देश की अमूल्य धरोहर है।

राष्ट्रीय पहचान की ओर बढ़ता बस्तर

पिछले कुछ वर्षों में केंद्र सरकार के शीर्ष नेतृत्व द्वारा बार-बार बस्तर का उल्लेख इस क्षेत्र के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। पर्यटन,जनजातीय संस्कृति, प्राकृतिक संपदा और विकास की संभावनाओं के कारण बस्तर अब केवल माओवाद की पहचान तक सीमित नहीं रहकर देश के उभरते पर्यटन और विकास मॉडल के स्थापित होने की दिशा में आगे बढ़ रहा।

छत्तीसगढ़ का बिलासपुर 'लर्निंग हब'

जहाँ सिर्फ डिग्रियां नहीं, भविष्य की नींव रखी जाती है

छत्तीसगढ़ के नक्शे पर बिलासपुर एक ऐसा नाम बन चुका है, जिसे राज्य की 'ज्ञान राजधानी' (Knowledge Capital) कहा जाए तो गलत नहीं होगा। यहाँ की हवाओं में एक खास तरह का अनुशासन और किताबों की खुशबू घुली हुई है। राज्य के सुदूर अंचलों से आने वाले युवाओं के लिए यह शहर एक ऐसी उम्मीद की खिड़की है, जहाँ से उनके करियर को नई उड़ान मिलती है। आइए समझते हैं कि कैसे बिलासपुर शिक्षा, कौशल और सफलता का एक बेजोड़ केंद्र बन चुका है।



प्रतिभा को तराशने का प्रारंभिक दौर: स्कूली शिक्षा

बिलासपुर में शिक्षा का स्तर केवल परीक्षाओं में नंबर लाने तक सीमित नहीं है। यहाँ के विद्यालयों में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जाता है। आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, अनुभवी शिक्षक और राष्ट्रीय स्तर की खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों के कारण यहाँ के स्कूली छात्र शुरुआत से ही मानसिक रूप से काफी मजबूत होते हैं। यही कारण है कि आगे चलकर राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में यहाँ के बच्चे बाजी मारते हैं।

आत्मनिर्भरता का रास्ता: तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण (ITI)

आज के दौर में सिर्फ किताबी ज्ञान काफी नहीं है, हुनर का होना भी उतना ही जरूरी है। इस मोर्चे पर बिलासपुर का योगदान सराहनीय है:

स्किल डेवलपमेंट: शहर के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (ITI) ने युवाओं को व्यावहारिक ज्ञान देकर सीधे रोजगार से जोड़ने का काम किया है।

इंडस्ट्री रेडी यूथ: यहाँ से निकले युवा न केवल राज्य के उद्योगों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, बल्कि खुद का स्टार्टअप और व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर भी बन रहे हैं।

सपनों को हकीकत में बदलता 'कोचिंग कल्चर'

बिलासपुर को जो बात अन्य शहरों से अलग करती है, वह है यहाँ का जीवंत कॉम्पिटिटिव माहौल। यह शहर आज हर उस युवा की पहली पसंद है जो सरकारी तंत्र या किसी बड़े संस्थान का हिस्सा बनना चाहता है।

सिविल सर्विसेज का गढ़: राज्य प्रशासनिक सेवा (CGPSC) के लिए बिलासपुर को छत्तीसगढ़ का 'मक्का' माना जाता है। यहाँ का माहौल छात्रों को ग्रुप डिस्कशन, कड़े अभ्यास और निरंतर पढ़ाई के लिए प्रेरित करता है।

तकनीकी और चिकित्सा प्रवेश परीक्षाएं: इंजीनियरिंग और मेडिकल के क्षेत्र में करियर बनाने की चाह रखने वाले छात्रों के लिए यहाँ का इकोसिस्टम बेहद मजबूत है, जो बिना बड़े महानगरों में जाए राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता प्रदान करता है।

एक ही छत के नीचे सब कुछ: रेलवे, बैंकिंग, रक्षा और व्यापम जैसी परीक्षाओं के लिए यहाँ रिसोर्स और गाइडेंस की कोई कमी नहीं है।

बिलासपुर को 'एजुकेशन हब' बनाने वाले मुख्य कारक

अध्ययन अनुकूल वातावरण: शहर का शांत स्वभाव और यहाँ की आधुनिक लाइब्रेरीज छात्रों को बिना किसी भटकाव के घंटों पढ़ाई करने की सुविधा देती हैं।

सस्ता और सुलभ जीवन: बिलासपुर में कम खर्च में बेहतर हॉस्टल, मेस और कोचिंग सुविधाएं मिल जाती हैं, जिससे मध्यम और निम्न-मध्यम वर्ग के परिवारों के बच्चों के लिए यहाँ रहकर पढ़ना आसान हो जाता है।

सांस्कृतिक विविधता: पूरे छत्तीसगढ़ से छात्र यहाँ आते हैं, जिससे विभिन्न विचारों और संस्कृतियों का आदान-प्रदान होता है, जो छात्रों के व्यक्तिगत विकास में मदद करता है।

नव प्रदेश
बिलासपुर, शनिवार, 27 जून 2026
Email: navpradesh@gmail.com

सुविचार

यदि सुबह जागते ही आप किसी लक्ष्य के प्रति उत्साहित नहीं होते हैं तो आप जी नहीं रहे हैं बस जीवन काट रहे हैं।

एनसीईआरटी की किताब पर बवाल

आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर इस साल भी देशभर में भाजपा ने 'संविधान हत्या दिवस' मनाया। इसी दिन एनसीईआरटी ने 9वीं कक्षा के पाठ्यक्रम में आपातकाल का एक चैप्टर शामिल कर दिया है, जिसका उद्देश्य यह बताया गया है कि छात्रों को भारतीय लोकतंत्र की चुनौतियों और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। स्कूली पाठ्यक्रम में आपातकाल का पाठ शामिल किए जाने से विपक्ष ने बवाल मचाना शुरू कर दिया है। खासतौर पर कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने सरकार पर आरोप लगाया है कि वह स्कूली छात्रों को गलत जानकारी परोस रही है, जबकि खुद भाजपा पिछले बारह सालों से देश में अघोषित आपातकाल लगाए हुए है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि देश के सामने मौजूद चुनौतियों और जनहित से जुड़े मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए एनसीईआरटी ने आपातकाल पर एक नया पाठ जोड़ दिया है। कांग्रेस नेता सचिन पायलट का कहना है कि भाजपा जब भी और जहां भी सत्ता में आती है, तो वह किताबों में बदलाव करती है तथा इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करती है। जबकि सरकार का कहना है कि आपातकाल का पाठ स्कूली पाठ्यक्रम में इसलिए जोड़ा गया है कि आज की पीढ़ी भारतीय लोकतंत्र के सामने खड़ी हो रही चुनौतियों को समझे और इसके लिए वह तैयार रहे, ताकि भविष्य में फिर कभी कोई सरकार देश पर आपातकाल थोपने का साहस न कर पाए। गौरतलब है कि 26 जून 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने सिर्फ अपनी सत्ता को बचाए रखने के लिए देश में आपातकाल लागू कर दिया था। यह पहला मौका था जब देश को आपातकाल का दंश झेलना पड़ा था। आपातकाल में सभी नागरिकों के तमाम मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए थे और प्रेस पर भी सेंसरशिप लगा दी गई थी। विपक्षी नेताओं को चुन-चुन कर जेलों में ठूंस दिया गया था और इस दौरान पूरे देश में आबादी नियंत्रण के नाम पर लोगों की जबरिया नसबंदी की गई थी। यहां तक कि न्यायपालिका के अधिकार भी सीमित कर दिए गए थे ताकि पीड़ित पक्ष न्याय की गुहार न लगा सके। इसी दौरान भारतीय संविधान में मनमाने ढंग से 42वां संशोधन भी किया गया था। कुल मिलाकर न सिर्फ संविधान की गरिमा को ठेस पहुंचाई गई थी, बल्कि प्रेस की आजादी छीनकर नागरिक अधिकारों को भी कुचल दिया गया था। यह लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय है, जिससे वर्तमान पीढ़ी वाकिफ नहीं है। ऐसे में यदि भावी पीढ़ी को आपातकाल की त्रासदी से अवगत कराने के लिए स्कूली पाठ्यक्रम में आपातकाल पर नया चैप्टर जोड़ा गया है, तो इसका विरोध करना समझ से परे है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस पार्टी लंबे समय से केंद्र की एनडीए सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर संविधान की अनदेखी करने का आरोप लगा रही है और यह भी दावा कर रही है कि पीएम मोदी के कार्यकाल में भारत में अघोषित आपातकाल लागू कर दिया गया है। यदि ऐसा होता तो विपक्ष के नेताओं को भी सरकार के खिलाफ ऐसी बात बोलने की आजादी नहीं मिलती। जिस मोदी सरकार ने पिछले 12 साल के अपने कार्यकाल के दौरान धारा 356 का भी उपयोग नहीं किया और न ही किसी भी चुनी हुई राज्य सरकार को बर्खास्त किया, वह सरकार आपातकाल लगाने की सोच भी कैसे सकती है! जबकि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान दर्जनों बार धारा 356 के तहत राज्य सरकारों को बर्खास्त किया गया था। मोदी सरकार के सामने भी ऐसे कई अवसर आए जब वह विपक्षी पार्टियों की राज्य सरकारों को बर्खास्त कर सकती थी, किंतु उसने ऐसा नहीं किया। अब भारत में कोई भी सरकार आपातकाल न लगा पाए, इसके लिए आपातकाल के प्रति नई पीढ़ी को जागरूक किया जाना चाहिए।

सदगुरू बोधामृतम



सदगुरू ऋतेश्वर

भारत माता के पक्ष में, सनातन परंपरा के पक्ष में, राष्ट्रीयता के पक्ष में खुलकर बोलने वाले लोगों के साथ कर्मठता के साथ नैतिक समर्थन देकर जन-जागरण करके भारतवासियों को सही एवं उचित वक्त पर जगाना चाहिए; यही कर्तव्य है। रवि माने सूर्य, प्रकाश; प्रकाश ही ज्ञान है। जिनके जीवन में गुरु हैं उनके जीवन में प्रकाश है क्योंकि गुरु में करोड़ों रवि हैं एक साथ और इसी दृष्टि से अपने जीवन का परिचालन करें। निंदित कर्म. घरणित कर्म जब समाज में प्रतिष्ठा को प्राप्त हो जाते हैं तो देश का रक्त कैंसरस हो जाता है। शास्त्र, संत और सद्गुरू की वाणी संजीवनी है पर शर्त है, संजीवनी उनके लिए जो खाने का तैयार हो। निंदित कर्म जिस समाज में प्रतिष्ठा के आसान पर बैठ जाता है उस समाज को रावणी समाज होने से कोई नहीं रोक सकता। वो राक्षसी राज है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 27 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ इस प्रकार है। 1759: ब्रिटेन के सेना अधिकारी जनरल जेम्स वोल्फ ने क्यूबेक पर कब्जा जमाने की शुरुआत की। 1838: राष्ट्रगीत के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का जन्म। 1867: बैंक ऑफ कैलिफोर्निया का संचालन शुरू। 1893: पंजाब के महाराज रंजीत सिंह का निधन। 1914: अमेरिका ने इथोपिया के साथ वाणिज्य संधि पर हस्ताक्षर किये। 1939: प्रसिद्ध संगीतकार एवं अभिनेता राहुल देव बर्मन का जन्म। 1940: सोवियत सेना ने रोमानिया पर हमला किया। 1957: अमेरिका के लुसिआना और टेक्सास में ऑद्रे तूफान से 526 लोगों की मौत। 1964: तीन मूर्ति भवन को नेहरू संग्रहालय बनाया गया। 1967: लंदन के एनफील्ड में विश्व का पहला एटीएम स्थापित किया गया। 1967: भारत में निर्मित पहले यात्री विमान एचएस 748 को इंडियन एयरलाइंस को सौंपा गया। 1980: इतालवी विमान के तेरीहिंस सागर में दुर्घटनाग्रस्त होने से 81 लोगों की मौत। 1981: कंबोडिया ने अपना संविधान अपनाया। 1983: नासा ने अंतरिक्ष यान एस -205 लांच किया। 1998: मलेशिया में कुआलालम्पुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा खोला गया।

लंबी कशमकश के बाद आधा-अधूरा शांति समझौता

नीरज मनजीत

एक लंबी कशमकश के बाद आखिरकार अमेरिका और ईरान के बीच अमन बहाली के लिए आधी-अधूरी सुलह हो गई है। सुलह के बाद तक़रीबन सारी दुनिया ने राहत की साँस ली है। इसे बड़ा ही दिलचस्प नाम दिया गया है-इस्लामाबाद समझौता। वजह यह है कि इस शांति समझौते को आख़िरी मक़ाम तक पहुँचाने में पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर और पीएम शहबाज़ शरीफ़ ने बहुत बड़ा रोल अदा किया है। पाकिस्तान के साथ क़तर, यूएई और तुर्की ने भी शांति वार्ता के लिए ज़मीन तैयार करने में अहम भूमिका निभाई है। पिछले पखवाड़े 14 जून को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वाशिंगटन में इस डील का ऐलान किया था। ट्रंप ने कहा था कि इस शांति समझौते की सभी शर्तों पर सहमति बन गई है और जेनेवा के बुर्गनस्टॉक रिसॉर्ट में 19 जून को एक एमओयू के जरिए इस डील पर दस्तख़त कर दिए जाएँगे। अमेरिका की ओर से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरान की ओर से ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालिबाफ़ और विदेश मंत्री अब्बास अराघची डील के मसौदे पर हस्ताक्षर करेंगे।

ट्रंप के ऐलान के बाद भी समझौते पर आशंकाओं के बादल मंडरा रहे थे। फ्रांस में पिछले हफ्ते संपन्न जी-7 के सम्मेलन में राष्ट्रपति ट्रंप और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान ने पीस डील पर डिजिटल दस्तख़त करके इन संदेहों पर विराम लगाने की कोशिश की। मगर इजराइल की आर्मी ने जैसे ही लेबनान पर हवाई हमले किए, सारी डील खटाई में पड़ती नज़र आई। इधर ट्रंप के अस्थिर बयानों ने भी आग में घी डालने का काम किया। पहले तो उन्होंने इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को हड़काया और बाद में हर बार की तरह ईरान को धमकाने का काम किया। इस अवांछित कवायद के पीछे उनकी मंशा थी कि 19 जून को बिना किसी रुकावट के डील पर दस्तख़त हो जाएं। पर न तो ईरान पर ट्रंप की धमकियों का असर पड़ा और न ही नेतन्याहू ने लेबनान पर बम बरसाना बंद किया। आखिर ईरानी नेताओं ने जेनेवा आने से इंकार कर दिया और जेडी वेंस भी वाशिंगटन से नहीं निकले।

एकबारगी फिर ऐसा लगा कि दोनों तरफ़ से मिसाइल और ड्रोन हमलों की शुरुआत होने वाली है, मगर ऐन वक़्त पर क़तर के प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान थानी और शाहबाज़ शरीफ़ ने शांति वार्ता को बेपटरी होने से बचा लिया। इधर जेडी वेंस भी हर क़ीमत पर बातचीत को अंजाम तक ले जाने के लिए कटिबद्ध थे। पीस डील के तहत ईरान के आसपास अमेरिकी नौसेना को वापस बुला लिया गया है। इधर ईरान ने भी होर्मुज स्ट्रेट को खोल दिया है और इस महत्वपूर्ण जलडमरूमध्य से मालवाहक जहाज़ों की आवाजाही शुरू हो गई है। भारत के लिए होर्मुज स्ट्रेट का खुलना बहुत बड़ी राहत का सबब है, इसलिए कि सस्ती एलपीजी गैस से भरे भारतीय जहाज़ इसी जलमार्ग से गुज़रते हैं। ईरान के हुक्मरानों ने इस्लामाबाद समझौते को अपनी जीत बताया है। उनका कहना है कि उन्होंने अपनी शर्तों पर समझौता करके अमेरिका को झुका लिया है। समझौते के बाद एक बयान में ईरानी आर्मी की ओर से कहा गया है कि ÷हमारी सेना के सामने अमेरिका और इजराइल लाचार नजर आए है और उन्होंने हमारी सेना के सामने हार मान ली है। उनके सामने इसके अलावा कोई और विकल्प नहीं था ÷। इधर ट्रंप और जेडी वेंस कह रहे हैं कि उन्होंने इस जंग में ईरान के सामरिक और रणनीतिक ठिकानों तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर को भारी नुक़सान पहुँचाया है, उनके परमाणु कार्यक्रम को रोक दिया है। ट्रंप कह रहे हैं कि डील के तहत ईरान को 60 दिनों का वक़्त दिया गया है। इसके बाद इस डील की समीक्षा की जाएगी और ईरान ने परमाणु संवर्द्धन का काम जारी रखा तो ईरान पर पुनः बड़े हमले किए जाएंगे।

इसमें तो कोई शक नहीं है कि इस जंग में ईरान को भारी क्षति हुई है। अमेरिका के हमलों से ईरान की पारंपरिक नौसेना डूब गई है और ईरानी सेना के मुख्यालय समेत 50 से अधिक सैन्य ठिकाने क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गए हैं। खोजीर, पारचिन और शाहरूद सहित ईरान के बड़े बैलिस्टिक मिसाइल निर्माण स्थलों को भारी नुकसान पहुंचा है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई सहित दर्जनों शीर्ष सैन्य कमांडरों की मौत हो गई है। इसके अलावा ईरान का तेल कारोबार पूरी तरह रुक गया था। एक मोटे अनुमान के मुताबिक ईरान को तकरीबन 145 बिलियन डॉलर यानी 13 लाख 68 हजार करोड़ रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है।

इधर ईरान ने मिडिल ईस्ट के आठ देशों में अमेरिका के 20 से ज़्यादा महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों को नुक़सान पहुँचाया है। ईरानी सेना की माने तो इन हमलों में अमेरिका की अत्याधुनिक वायु रक्षा प्रणालियों, ईंधन भरने वाले विमानों और रडार प्रणालियों को करोड़ों डॉलर का नुक़सान हुआ है। इसके अलावा एक और बड़ी बात यह है कि ईरान ने अमेरिका की सर्वशक्तिमान होने की प्रतिष्ठा को भी नुक़सान पहुँचाया है। ईरानी कमांडरों ने बड़ी ही चालाकी से होर्मुज जलडमरूमध्य पर कब्ज़ा करके पूरी दुनिया को सांसत में डाला। इससे अमेरिका पर भारी दबाव पड़ा। इसके अलावा ईरानी सेना ने मिडिल ईस्ट में अमेरिका के मित्र देशों के नागरिक ठिकानों पर भी बिना डरे हमले करके अमेरिका को हर वक़्त दबाव में रखा।

अमेरिका और ईरान के बीच फ़िलहाल सीजफायर हो गया है, पर दोनों तरफ भरोसे की कमी नज़र आ रही है। अमेरिका की खुफ़िया एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने का काम नहीं रोकने वाला और न ही वह हिजबुल्लाह जैसे आतंकी संगठनों को मदद करना छोड़ेगा और इसी बात को लेकर अमेरिका को फिर जंग में उतरना पड़ सकता है। इधर नेतन्याहू ने भी साफ़ कह दिया है कि वे इजराइल की सुरक्षा के लिए लेबनान पर हमले जारी रखेंगे। कुल मिलाकर यह कमज़ोर पीस डील आगे चलकर टूट भी सकती है।

भारत को बदलने के लिए विश्व-स्तर पर अवसरों के द्वार खोले

पीयूष गोयल
केंद्रीय वाणिज्य-उद्योग मंत्री

यूके के साथ ऐतिहासिक व्यापार समझौता, जो 15 जुलाई से लागू होगा, भारतीय किसानों, एमएसएमई, मछुआरों, स्टार्टअप और कारीगरों के लिए वैश्विक अवसर और समृद्धि लाएगा। यह नौकरियां सृजित करेगा और भारतीय नागरिकों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले सामान को उचित कीमतों पर उपलब्ध कराएगा, जिससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 मिशन को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। भारत और यूके के बीच परिवर्तनकारी व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) भारतीय वस्तुओं के लिए यूके में सभी क्षेत्रों में, विशेष रूप से श्रम-प्रधान क्षेत्रों में, व्यापक बाजार पहुंच सुनिश्चित करेगा। दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद यह समझौता लगभग 100% व्यापार मूल्य को शामिल करते हुए लगभग 99% टैरिफलाइनों पर तुरंत शुल्क समाप्त करेगा, जिससे भारतीय निर्यात के लिए अपार अवसर सृजित होंगे।

सीईटीए एक जन-केंद्रित समझौता है, जिस पर पिछले साल प्रधानमंत्री मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये गये थे। यह समाज के हर हिस्से को फायदे देता है। किसानों को अपने घरेलू हितों से समझौता किए बिना उच्च मूल्य वाले निर्यात बाजारों तक पहुंच मिलेगी। मछुआरों को विशाल यूके बाजार में अधिक सीफूड निर्यात से फायदा मिलेगा। श्रमिकों को श्रम-गहन क्षेत्रों में नई नौकरियों के अवसर मिलेंगे। महिला उद्यमी, युवा, स्टार्टअप्स और एमएसएमई को वैश्विक मूल्य-श्रृंखला तक बेहतर पहुँच मिलेगी। पेशेवरों को बेहतर आवागमन और मान्यता के अवसरों से फायदा मिलेगा।

किसानों के लिए समृद्धि

सीईटीए भारतीय किसानों के लिए प्रीमियम यूके बाजार खोलता है, जो दूसरे यूरोपीय देशों को मिलने वाले फायदों के बराबर या उनसे भी बेहतर है। हल्दी, काली मिर्च, इलायची और प्रसंस्कृत सामान जैसे आम का गूदा, अचार और दालों को शुल्कल-मुक्त पहुँच प्राप्त होगा। उच्च कृषि निर्यात से किसानों की आय बढ़ेगी और गुणवत्ता, पैकेजिंग और प्रमाणन के लिए और प्रोत्साहन मिलेगा। यह कृषि मूल्य श्रृंखला में कई नौकरियाँ भी पैदा करेगा।

साथ ही, सीईटीए घरेलू किसानों - खासकर डेयरी उत्पाद, खाद्यान्न, मोटे अनाज, सेब, ओट्स और खाद्य तेल से जुड़े किसानों - की सुरक्षा के लिए भारत के सबसे संवेदनशील कृषि क्षेत्रों को अपने दायरे से बाहर रखता है। इन्हें समझौते से बाहर रखना, मोदी सरकार की खाद्य सुरक्षा, घरेलू मूल्य स्थिरता और कमजोर कृषि समुदायों को प्राथमिकता देने की रणनीति को प्रतिबिंबित करती है।

उद्योग को बढ़ावा: यूके के विशाल बाजार तक तुरंत शुल्क-मुक्त पहुंच भारतीय निर्माण को बढ़ावा देगी, जिससे पारंपरिक कारीगर, बड़े कारखाने और क्षेत्रीय औद्योगिक केंद्र प्रभावी तरीके से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। छोटे व्यवसायों को फायदा होगा, क्योंकि भारतीय उत्पादों को अपने प्रतिद्वंद्वियों पर प्रतिस्पर्धा से जुड़ी स्पष्ट बढ़त मिलेगी। फुटबॉल, क्रिकेट गियर, रग्बी बॉल और खिलौने बनाने वाली कंपनियां, अन्य उत्पादों के साथ-साथ, यूके में अपने व्यवसाय को काफी विस्तार देने में सक्षम होंगी।

शुल्कों को हटाने से खासकर श्रम-सघन क्षेत्रों में लंबे समय से चल रही टैरिफ बाधाओं का समाधान हुआ है, जिससे निर्यात प्रतिस्पर्धा और पैमाने में तुरंत लाभ होने की उम्मीद है। तिरुपुर के करघों से लेकर बेंगलुरु की लैब तक, सूरत के हीरे के कारीगरों से लेकर हैदराबाद के कोडर्स तक, यह समझौता असली अर्थव्यवस्था को छूता है।

सेवाएँ और पेशेवर: यूके ने सेवा क्षेत्र में अब तक की अपनी सबसे व्यापक प्रतिबद्धताओं में से एक प्रदान किया है, जिसमें भारत की निर्यात रुचि के सभी प्रमुख सेवा क्षेत्रों और 137 उप-क्षेत्रों को शामिल किया गया है। बेहतर बाजार पहुंच और नियामक सुनिश्चितता भारतीय सेवा प्रदाताओं को आईटी और आईटी-सक्षम सेवाओं, वित्तीय सेवाओं, पेशेवर सेवाओं, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, इंजीनियरिंग, दूरसंचार और परामर्श सेवाओं में सहायता करेगी। भारत ने कुशल पेशेवरों के लिए अनुकूल आवागमन प्रावधान सुनिश्चित किए हैं, जिनमें संविदा सेवा प्रदाता, व्यापार यात्री, निवेशक, योग प्रशिक्षक, संगीताकार और रसोइये शामिल हैं। इस समझौते में व्यापार आगंतुक, कर्मचारियों का अंतर-कॉर्पोरेट तबादला, संविदा सेवा आपूर्तिकर्ता, स्वतंत्र पेशेवर और निवेशकों के लिए भी पूर्वानुमान योग्य आवागमन उपाय प्रदान किए गए हैं।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

नागिन जैसी चाल तेरी है,झील सी नीली आँख! बाज के जैसे तुम उड़ती हो, सिंहप्रिया अनुहार !! चंदा की तुम चमक चाँदनी , नव ग्रह करते प्यार बारह राशि रंक कर राजा, नखत सत्ताइस सार द्य! तुम्हें ढूँढता इक अलबेला, चला अकेला राह ! रूप सि के घन केश पास में, जीवन की ले चाह!! दिन को रात रात दिन समझे, देता है आवाज ! काल चक्र के चक्रव्यूह का, कैसा यह आगाज !!

राजकिशोर मिश्र राज

डिजिटल साक्ष्य अपराध की पूरी कड़ी जोड़ती है जिसमे सीसीटीवी फुटेज , मोबाइल फोन, चैट रिकॉर्ड, कॉल डिटेल, इंटरनेट सर्च हिस्ट्री ,और डिजिटल डिवाइस पर विताये पर सब महत्वपूर्ण होते है। अपराधी सोचे कि किसी खुफिया या गुप्त डिवाइस प्रयोग करने से बच जायेंगे लेकिन यह सच नही है। **ए. अरूण कुमार गुप्ता**

हम अक्सर ज़िंदगी की छोटी-छोटी परेशानियों में इतने उलझ जाते हैं कि अपने लोगों के साथ बिताए जाने वाले खूबसूरत पल ही भूल जाते हैं। सच तो यह है कि न बीता हुआ कल वापस आता है, न आने वाले कल की कोई गारंटी है। जो है, बस यही पल है... इसे शिकायतों में नहीं, अपनों के साथ जी भरकर जी लीजिए। क्या पता कल क्या हो? **रेणू सिंघल**

हम इंसानों की जिंदगी में खुशी और हँसी की कमी आती रहती है। खुशियों को तलाशने और मुस्कुराने के अवसर ढूँढने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन इसका मतलब ये कतई नहीं कि किसी को मार दिया जाए। कोई उस पर छिछोरा सा मजाकिया पोस्ट बना ले और दस लोग उस पोस्ट पर दांत निपोरकर आ जाएं।

मीनाक्षी सिंह

समय की डोर हो या बात हो रिश्ता निभाने की पकड़ना भी नहीं चाहती हूं छोड़ा भी नहीं जाता यह मनमर्जी है मेरी या कहूँ ये कशमकश मेरी जुड़ा हो मन कही तो रब्त तोड़ा भी नहीं जाता।

पूजा बंसल

हम इंतज़ार कर रहे थे...हर चौराहे पर अस्त व्यस्त ट्रैफिक जाम हो व्हीकल्स खुद कन्फ्यूज हो जाए कि आखिर जाना किधर था , सड़के स्वीमिंग पुल जैसी लगें और हर आती जाती कार / गाडियाँ फॉउटेंन बनाती गुजरे..और आधे से ज्यादा शहर अंधेरे में डूब जाए...रोज से अलग कुछ तो होना चाहिए रोज एक जैसा नीरस उबाऊ... कुछ तो अलग हो और देखो मौसम की पहली बारिश आ गयी लंबे इंतजार के बाद..। **सरिता त्रिवेदी**

ताकि सनद रहे और वक्त जरूरत पर काम आये! आपातकाल के दौरान कुल 3801 अखबारों को जब्त किया गया। 327 पत्रकारों को मीसा कानून के तहत जेल में बंद कर दिया गया। 290 अखबारों में सरकारी विज्ञापन बंद कर दिए गए। ब्रिटेन के @The Times और The Guardian जैसे कई समाचार पत्रों के 7 संवाददाताओं को भारत से निकाल दिया गया। याद रखा जाएगा।

पंकज कुमार झा

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज ग्रहों की चाल यह संकेत दे रही है कि आपके जीवन में सुख, समृद्धि और आर्थिक उन्नति के नए द्वार खुल सकते हैं।

वृषः आज का दिन आपको समाज में सम्मान और पहचान दिलाने वाला साबित हो सकता है। आपके अनुभव, आपकी समझ और आपके द्वारा किए गए।

मिथुनः आज का दिन आपको जीवन में संतुलन की महत्ता का एहसास कराएगा। आय और व्यय के बीच सही तालमेल बनाकर चलना आपके लिए अत्यंत आवश्यक रहेगा।

कर्कः आज का दिन आपको सफलता और सावधानी दोनों का संदेश दे रहा है। कार्यक्षेत्र में कोई उपलब्धि आपके आत्मविश्वास को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा सकती है।

सिंहः आज ग्रह आपको धैर्य और संयम का पाठ पढ़ाने वाले हैं। पारिवारिक जीवन में कुछ उतार-चढ़ाव मन को बेचैन कर सकते हैं, लेकिन याद रखें कि हर परिस्थिति स्थायी नहीं होती।

कन्याः आज सितारे आपको जोखिम लेने से बचने की सलाह दे रहे हैं। किसी भी ऐसे कार्य में हाथ न डालें जिसमें अनिश्चितता अधिक हो।

तुलाः आज सफलता आपके साथ कदम मिलाकर चलना चाहती है, बस आपको योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ना होगा। रियल एस्टेट या संपत्ति से जुड़े लोगों के लिए दिन लाभदायक दिखाई दे रहा है।

वृश्चिकः आज कुछ लोग आपकी प्रगति से असहज महसूस कर सकते हैं और आपके मार्ग में बाधाएँ डालने का प्रयास कर सकते हैं।

धनुः आज आपकी वाणी ही आपकी सबसे बड़ी शक्ति साबित होगी। आपके मधुर शब्द और विनम्र व्यवहार लोगों का दिल जीत सकते हैं।

मकरः व्यापार से जुड़े जातकों के लिए आज का दिन कई अच्छे अवसर लेकर आ सकता है। आपके कार्यों की सराहना होगी और आपकी पहचान मजबूत होगी।

कुंभः आज आपके भीतर ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता का अद्भुत संचार रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत और कार्यकुशलता लोगों को प्रभावित करेगी और प्रशंसा दिलाएगी।

मीनः आज का दिन खुशियों और शुभ समाचारों की सौगात लेकर आ सकता है। सुबह से ही ऐसी घटनाएँ घट सकती हैं जो आपके मन को प्रसन्नता से भर दें।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) एशिया के सबसे लंबी रेलवे सुरंग शिकन किस देश में स्थित है?

2) संविधान सभा में कुल कितनी महिला सदस्य थी?

3) द्रौपदी मुर्मू पनडुब्बी में यात्रा करने वाला देश की दूसरी राष्ट्रपति बनीं है, उन्होंने किस पनडुब्बी में यात्रा की?

4) स्वामी विवेकानंद ने किस वर्ष औपचारिक रूप से संन्यास की प्रतिज्ञा ली?

5) लेडी डॉक्टर्स नामक पुस्तक की लेखिका कौन हैं?

उत्तरमाला- (1) जापान (2) 15 (3) आईएनएस वागशीर (4) 1886 (5) कविता राव

पहेली

शब्द सामर्थ्य -081

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से महिलाएं बनेंगी 'ड्रोन दीदी'

■ रायपुर में ले रहीं आधुनिक ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण, किसानों तक पहुंचाएंगी तकनीक आधारित कृषि सेवाएं

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और कृषि में आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने की दिशा में जशपुर जिले की स्व-सहायता समूहों की महिलाएं नई पहचान बना रही हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत जिले की चयनित महिलाएं इन दिनों रायपुर स्थित आईटीएम विश्वविद्यालय में ड्रोन संचालन एवं रिमोट पायलटिंग का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

यह प्रशिक्षण महिलाओं को आधुनिक कृषि तकनीक से जोड़ने के साथ उन्हें कृषि क्षेत्र में स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं ड्रोन आधारित कृषि सेवाएं देने के लिए दक्ष बन रही हैं।

प्रशिक्षण के दौरान ड्रोन दीदियों को ड्रोन की तकनीकी संरचना, सुरक्षित उड़ान संचालन, रिमोट पायलटिंग, फसलों में उर्वरक एवं कीटनाशकों का वैज्ञानिक छिड़काव, ड्रोन के रखरखाव तथा कृषि क्षेत्र में उसके व्यावहारिक उपयोग की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद ये ड्रोन दीदियां जशपुर जिले के किसानों को ड्रोन के माध्यम से नैनो उर्वरक, कीटनाशक एवं अन्य कृषि कार्यों की सेवाएं उपलब्ध कराएंगी। इससे कृषि कार्य कम समय में, कम लागत पर और अधिक प्रभावी ढंग से किए जा सकेंगे। साथ ही वैज्ञानिक खेती को भी बढ़ावा मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने हाल ही में जशपुर प्रवास के दौरान प्रशिक्षण के लिए रवाना हो रही ड्रोन दीदियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इससे पूर्व 17 अप्रैल 2026 को रणजीता स्टेडियम में आयोजित 'लखपति दीदी' कार्यक्रम के दौरान ड्रोन दीदी एवं उन्नत सॉयल टेस्टिंग मशीन भी प्रदान की गई थी।

उप संचालक कृषि, जशपुर के अनुसार प्रशिक्षण के बाद ड्रोन दीदियां जिले के विभिन्न विकासखंडों में किसानों को तकनीक आधारित कृषि सेवाएं उपलब्ध कराएंगी। इससे खेती में समय की बचत, लागत में कमी और उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप महिलाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग का विश्वास है कि यह पहल जशपुर में तकनीक आधारित कृषि को नई गति देने के साथ महिला स्व-सहायता समूहों की आर्थिक सशक्तता और किसानों की आय बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

रेलवे क्रॉसिंग को सुरक्षित ढंग से पार करने स्कूली बच्चों को पुलिस ने किया जागरूक

रायपुर/हथबंद/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं और शिक्षकों की विशेष सभा आयोजित कर रेलवे सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्क रहने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।कार्यक्रम में रेलवे पुलिस भाटापारा के टीआई एस.के. शुक्ला मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। टीआई शुक्ला ने छात्राओं को रेलवे लाइन पार करने के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जल्दबाजी या लापरवाही से रेलवे ट्रैक पार करना जानलेवा साबित हो सकता है। इसके साथ ही साइबर अटैक, ऑनलाइन ठगी और सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचने के लिए भी आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई। उन्होंने रेलवे में सफर के दौरान सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन और महत्वपूर्ण मोबाइल नंबरों की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस या संबंधित विभाग से संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। शुक्ला ने बताया कि रेलवे पुलिस भाटापारा द्वारा क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी ने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक और रचनात्मक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

थर्ड जेंडर के लिए जॉब का मौका सिक्योरिटी गार्ड पदों पर सीधी भर्ती

रायपुर/नवप्रदेश। थर्ड जेंडर के लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए समाज कल्याण विभाग 2 जुलाई को वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित करेगा। इंटरव्यू रायपुर के संबल केंद्र, आईडीएसएमटी बिल्डिंग, महंत कॉलेज के पास गांधी चौक में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा।इस भर्ती प्रक्रिया में अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड सिक्योरिटी गार्ड के 20 पदों पर चयन करेगी। इसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के तृतीय लिंग समुदाय के पात्र अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं। चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति प्रदेश के विभिन्न जिलों में की जाएगी। आवश्यक डाक्यूमेंट्स साथ लाना होगाआवेदन के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास रखी गई है। इच्छुक अभ्यर्थियों को निर्धारित समय पर अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ इंटरव्यू स्थल पर पहुंचना होगा।समाज कल्याण विभाग का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य तृतीय लिंग समुदाय को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है। विभाग ने पात्र अभ्यर्थियों से अधिक से अधिक संख्या में वॉक-इन-इंटरव्यू में शामिल होने की अपील की है।

रायपुर क्राईम- तीन अलग-अलग वारदातें 102 पाव अंग्रेजी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सिविल लाइन, मोवा और खमतराई थाना क्षेत्रों में वाहन व बैटरी चोरी के तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं खमतराई पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है।

घर के बाहर खड़ी एक्टिवा चोरी-सिविल लाइन थाना क्षेत्र के करोरातालाब निवासी विजय पंवानी (54) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि घर के बाहर खड़ी उनकी एक्टिवा (सीजी-04-केडब्ल्यू-7270) अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। चोरी गई स्कूटी की कीमत करीब 15 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफबीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ममता अस्पताल के पास से स्प्लेंडर बाइक पार-मोवा थाना क्षेत्र में दुबे कॉलोनी स्थित ममता अस्पताल के पास खड़ी स्प्लेंडर प्लस (सीजी-05 एपी 9320) बाइक चोरी हो गई। प्रार्थी कौशलराम निषाद (26) की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफबीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरी गई बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई गई है।

ई-रिक्शा से दो बैटरियां चोरी-खमतराई थाना क्षेत्र के टिंबर मार्केट, भनपुरी में खड़े ई-रिक्शा से अज्ञात चोर दो बैटरियां चोरी कर ले गए। प्रार्थी राजू सोनी (46) की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। चोरी गई बैटरियों की कीमत करीब 10 हजार रुपये बताई गई है।

102 पाव अंग्रेजी शराब के साथ युवक गिरफ्तार-खमतराई पुलिस ने रावाभाठा स्थित मेटल पार्क क्षेत्र में आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए राजू निषाद (22) को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 102 पाव अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत 12,240 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने शराब के साथ एक टीवीएस जुपिटर भी जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मॉर्निंग वॉक के दौरान निगम कर्मी पर चाकू से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के मोतीबाग गार्डन में मॉर्निंग वॉक पर पहुंचे नगर निगम के कर्मचारी पर 3 युवकों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसे बचाने आए उसके दोस्त को भी चोटें आईं।घायल युवक को तुरंत मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित की पहचान कृष दीप के रूप में हुई है, जबकि आरोपियों के नाम हर्ष सोनी, नवीन सोनी और देव बताए जा रहे हैं।पुरानी रंजिश में वारदात-कोतवाली पुलिस के अनुसार, वीरभद्र नगर निवासी कृष दीप ने आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि वह नगर निगम में हेमाली का काम करता है और उसका हर्ष सोनी, नवीन सोनी और देव से पहले से परिचय था।करीब एक महीने पहले आपसी विवाद और गाली-गलौज के बाद दोनों पक्षों के बीच रंजिश शुरू हो गई थी।

प्रतिदिन 1000 विद्यार्थी कर रहे अध्ययन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का बना प्रमुख केंद्र

ऐतिहासिक पुरानी कचहरी बनी शिक्षा और संस्कृति का नया केंद्र

■ सेंट्रल लाइब्रेरी-सह-मावा मोदोल से 89 युवाओं ने पाई शासकीय सेवाओं में सफलता

रायपुर/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय कांकेर स्थित ऐतिहासिक पुराना कचहरी परिसर में शिक्षा, संस्कृति और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का सशक्त केंद्र बनकर उभर रहा है। जिला प्रशासन द्वारा संचालित सेंट्रल लाइब्रेरी-सह-मावा मोदोल विद्यार्थियों और युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बन चुका है। यहां अध्ययनरत छात्र-छात्राएं न केवल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, बल्कि अपने सपनों को साकार करने की दिशा में भी मजबूती से कदम बढ़ा रहे हैं।

जिला प्रशासन की महत्वाकांक्षी पहल 'हमर लक्ष्य' के अंतर्गत विकसित यह केंद्र आज शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षा मार्गदर्शन, भाषा संरक्षण और सांस्कृतिक संवर्धन का उत्कृष्ट उदाहरण बन चुका है। यह पहल युवाओं के सपनों को नई दिशा देने के साथ-साथ जिले की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

सेंट्रल लाइब्रेरी-सह-मावा मोदोल के नोडल अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक श्री नवनीत पटेल ने बताया कि वर्तमान में प्रतिदिन लगभग एक हजार विद्यार्थी इस अध्ययन केंद्र का लाभ ले रहे हैं। यहां विद्यार्थियों के लिए शांत एवं सुव्यवस्थित अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराया गया है।

वर्तमान में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। इसके साथ ही उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी के लिए मैराथन क्लासेस आयोजित की जा रही हैं, जिनका लाभ बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उठा रहे हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश कुमार निषाद के मार्गदर्शन में इस अध्ययन केंद्र को और अधिक विकसित करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। यहां उपलब्ध सुविधाओं और विशेषज्ञ मार्गदर्शन का सकारात्मक परिणाम है कि अब तक इस केंद्र से अध्ययन कर चुके 89 युवाओं ने विभिन्न शासकीय पदों पर सफलता प्राप्त की है। यह उपलब्धि इस केंद्र की उपयोगिता और प्रभावशीलता को प्रमाणित करती है।

पुराना कचहरी परिसर केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं, बल्कि आदिवासी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का भी महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना से अमृतलाल के परिवार को मिला सम्मानपूर्ण जीवन

■ कच्चे घर की परेशानियों से मिली मुक्ति, पक्के आवास ने बदली पूरे परिवार की तस्वीर और तकदीर

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के माध्यम से हजारों परिवारों के पक्के घर का सपना साकार हो रहा है। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के गौरेला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरीपानी निवासी अमृतलाल का परिवार इसका प्रेरणादायी उदाहरण है। वर्षों तक कच्चे मिट्टी के मकान में कठिन परिस्थितियों में जीवन बिताने वाला यह परिवार आज प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बने मजबूत एवं सुरक्षित पक्के घर में सम्मान और खुशहाली के साथ जीवन व्यतीत कर रहा है।

बीते 24 जून को पंडरीपानी में आयोजित विशेष ग्राम सभा के दौरान कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मुकेश रावटे ने अमृतलाल के नए आवास का अवलोकन किया। उन्होंने परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।अमृतलाल ने बताया कि पहले उनका परिवार कच्चे मिट्टी के मकान में रहता था। बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता था, दीवारों में सीलन आ जाती थी और पूरे परिवार को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

कोदो-कुटकी की खेती अपनाएं पोषण और समृद्धि दोनों पाएं

■ पारंपरिक धरोहर से आधुनिक पहचान तक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की समृद्ध कृषि परंपरा में कोदो और कुटकी का विशेष महत्व रहा है। सदियों से आदिवासी और ग्रामीण समुदायों के भोजन का अभिन्न हिस्सा रहे ये लघु धान्य आज एक बार फिर किसानों, कृषि वैज्ञानिकों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं। बदलती जलवायु परिस्थितियों, पोषण संबंधी चुनौतियों और बेहतर कृषि की आवश्यकता के बीच कोदो-कुटकी जैसी मिलेट फसलें भविष्य की खेती का मजबूत आधार बनकर उभर रही हैं।कोदो (पास्पलम स्क्रोबिकुलेटम) और कुटकी (पैनिकम सुमाट्रेंस) ऐसी फसलें हैं जिन्हें कम पानी, कम लागत और सीमित संसाधनों में भी सफलतापूर्वक उगाया जा सकता है। यही कारण है कि ये छोटे और सीमांत किसानों के लिए आर्थिक सुरक्षा का माध्यम बन रही हैं। कम उपजाऊ, पथरीली और ढालू भूमि में भी इनकी खेती संभव है, जहां अन्य फसलें अपेक्षित उत्पादन नहीं दे पातीं। ये फसलें प्रायः हर एक प्रकार की भूमि में पैदा की जा सकती है। जिस भूमि में अन्य कोई धान्य फसल उगाना सम्भव नहीं होता वहाँ भी ये फसलें सफलता पूर्वक उगाई जा सकती है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाने वाले ही भविष्य का नेतृत्व करेंगे : वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी

■ एआई से डरने की नहीं, उसे अवसर में बदलने की है जरूरत

रायपुर/नवप्रदेश। वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज (एमएआईसी) द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन "Artificial Intelligence & Digital Transformation, Opportunities, Challenges and Future Impact" में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर युवाओं का आह्वान किया कि वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और नई तकनीकों से भयभीत होने के बजाय उन्हें अपने भविष्य के निर्माण का सबसे बड़ा अवसर मानें।

अपने संबोधन में मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि आज पूरी दुनिया तेजी से ज्ञान, तकनीक और नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रही है। भारत का स्वर्णिम इतिहास भी ज्ञान, शिक्षा और नवाचार की नींव पर खड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत लगभग 1600 वर्षों तक विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था इसलिए रहा क्योंकि यहां शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार को सर्वोच्च स्थान दिया गया।

नई सोच, नई तकनीक, नई उम्मीद : नैनो उर्वरकों से सशक्त हो रही खेती

रायपुर/नवप्रदेश। कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने और किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी दिशा में नैनो उर्वरकों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे किसान कम लागत में बेहतर उत्पादन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव अब ग्रामीण क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

जैविक सब्जी के उत्पादन और एप्पल की खेती से बनाई नई पहचान

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पंचायत मल्हार के प्रगतिशील किसान श्री जदुनंदन वर्मा ने जैविक खेती और नवाचार के दम पर अपनी अलग पहचान बनाई है। वे एक एकड़ में जैविक सब्जियों की खेती कर सालाना लगभग दो लाख रुपये की आमदनी अर्जित कर रहे हैं। वहीं आधा एकड़ में जैविक एप्पल की खेती कर उन्होंने क्षेत्र के किसानों के लिए एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। पिछले लगभग दस वर्षों से वे पूरी तरह जैविक पद्धति से खेती कर रहे हैं। उनकी सफलता अन्य किसानों को भी जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है।

श्री जदुनंदन वर्मा बताते हैं कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी सोच के साथ उन्होंने जैविक खेती को अपनाया। वे गोबर की खाद, वर्मी कम्पोस्ट, जीवामृत तथा अन्य जैविक संसाधनों का उपयोग कर खेती करते हैं। इससे उत्पादन लागत में कमी आई है, फसलों की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और मिट्टी की उर्वरता भी लगातार बढ़ी है।

जैविक एप्पल की खेती बनी आकर्षण का केंद्र-श्री जदुनंदन वर्मा ने लगभग साढ़े तीन वर्ष पहले आधा एकड़ भूमि में जैविक एप्पल के पौधे लगाए थे। पिछले दो वर्षों से उन्हें एप्पल का उत्पादन मिल रहा है। उनके खेत में तैयार होने वाले जैविक एप्पल की मांग इतनी बढ़ गई है कि ग्राहक स्वयं उनके खेत पहुंचकर फल खरीदकर ले जाते हैं। इससे उन्हें बेहतर मूल्य मिलने के साथ जैविक उत्पादों के प्रति लोगों का विश्वास भी बढ़ा है।

परिवहन सचिव ने ली बस संचालकों एवं अधिकृत वेंडरों की बैठक

अब बिना लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम वाली यात्री बसों पर होगी कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में यात्री सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए परिवहन विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। अब सभी यात्री बसों में वाहन लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) लगाना और उसे सक्रिय रखना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय सीमा के भीतर नियम का पालन नहीं करने वाले बस संचालकों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम, 1988 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

परिवहन सचिव एवं परिवहन आयुक्त श्री एस. प्रकाश ने आज इंद्रावती भवन नवा रायपुर स्थित परिवहन कार्यालय में सभी बस संचालकों एवं विभाग द्वारा वीएलटीडी लगाने हेतु अधिकृत वेंडरों की संयुक्त बैठक लेकर यात्री बसो में स्थापित वाहन लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा है कि जिन बसों में अभी तक वाहन लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) नहीं लगी है, उनमें 15 दिनों के भीतर इसे अनिवार्य रूप से स्थापित किया जाए। वहीं जिन बसों में यह उपकरण लगा हुआ है लेकिन संचालित नहीं है, उन्हें तत्काल चालू किया जाए।

परिवहन विभाग के अनुसार वर्ष 2025 में राजस्थान के फलोदी और तेलंगाना के रंगारेड्डी में हुए भीषण सड़क हादसों के बाद सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों और भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुरूप यह निर्णय लिया गया है। सार्वजनिक परिवहन में यात्रा करने वाली महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था लागू की जा रही है।

विभाग ने बताया कि राज्य मुख्यालय के कमांड एवं नियंत्रण केंद्र से सभी बसों की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। उपग्रह आधारित ट्रैकिंग प्रणाली के माध्यम से यह पता लगाया जा सकेगा कि बस निर्धारित मार्ग पर चल रही है या नहीं तथा समय पर संचालन हो रहा है या नहीं। यात्रियों को भी संगवारी ऐप के जरिए बसों की वास्तविक समय की लोकेशन की जानकारी मिल सकेगी।

अतिरिक्त परिवहन आयुक्त श्री डी. रविशंकर ने बताया कि राज्य के सभी जिलों में स्वचालित नंबर प्लेट पहचान कैमरे और बुद्धिमान यातायात प्रबंधन प्रणाली स्थापित की जा रही है। इससे नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की तत्काल पहचान कर कार्रवाई की जा सकेगी।

उल्लेखनीय है कि वाहन लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस एक ऐसी उपग्रह आधारित प्रणाली है, जो वाहन की हर पल की स्थिति और लोकेशन की जानकारी नियंत्रण केंद्र तक पहुंचाती है। किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने में यह तकनीक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि 15 दिन की मोहलत समाप्त होने के बाद नियमों की अनदेखी करने वाले बस संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

कोकपुर में उपभोक्ता जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन

कांकेर/ नवप्रदेश। माननीय छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा हैद्य कांकेर जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सतत उपभोक्ता जागरूकता शिविर लगाकर ग्रामीणों को उपभोक्ता कानून की जानकारी देते हुए उन्हें उनके अधिकारों से अवगत कराया जा रहे हैं द्य इसी श्रृंखला में विगत दिवस 24 जून को ग्राम पंचायत कोकपूर के पंचायत भवन में जिला उपभोक्ता आयोग कंकर के अध्यक्ष श्रीमती सुजाता जैसवाल एवं सदस्य डाकेश्वर सोनी ने उपभोक्ता जागरूकता शिविर में उपस्थित ग्राम वासियों को उनके अधिकारों कर्तव्यों तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराया गयाद्य माननीय अध्यक्ष श्रीमती सुजाता जसवाल ने उपस्थित ग्रामीणों को ई-फाइलिंग एवं आई हियरिंग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत अब ई फाइलिंग के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत की जा सकती हैद्य इसके लिए उपभोक्ता ई जागृति पोर्टल का उपयोग कर सकते हैंद्य उपभोक्ताओं को अपना पक्ष रखने के लिए जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष उपस्थित होना से कहीं से भी कर सकते हैंद्य इस उपभोक्ता जागरूकता शिविर में उपस्थित ग्राम वासियों के द्वारा उपभोक्ता कानून व ई हियरिंग से पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया द्य कोकपुर के उपभोक्ता जागरूकता शिविर में ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती निशा दुगा, उपसरपंच चुनेश्वर कुमार जैन, ग्राम सभा अध्यक्ष जेठू राम मांडवी, पंचगढ़ ग्राम वासी एवं जिला उपभोक्ता आयोग के कर्मचारी रविंद्र ठाकुर, भारती जाधव, दीपक ध्रुव उपस्थित थे

बस्तर की सांस्कृतिक विरासत पर हुई चर्चा मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को भेंट की गई पुस्तक

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के जगदलपुर प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में सांसद मीडिया प्रतिनिधि रोहन घोष ने उनसे सौजन्य भेंट की। इस दौरान बस्तर की ऐतिहासिक,धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को लेकर चर्चा हुई।मुलाकात के दौरान रोहन घोष ने मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को लेखक ओम प्रकाश सोनी द्वारा लिखित पुस्तक चक्रकोट की माणिक्य देवी बस्तर में एक शक्तिपीठ÷ भेंट की। उन्होंने पुस्तक के माध्यम से बस्तर अंचल की समृद्ध आध्यात्मिक,सांस्कृतिक और ऐतिहासिक परंपराओं से मंत्री को अवगत कराया।पुस्तक प्राप्त करने के बाद मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने लेखक के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि बस्तर की ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित कर उसे जनमानस तक पहुँचाने का कार्य अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसी पुस्तकें नई पीढ़ी को अपनी विरासत से जोड़ने के साथ-साथ क्षेत्र की पहचान को भी सशक्त बनाती हैं।

बस्तर की पहचान को मिलेगा नया आयाम-सौजन्य भेंट के दौरान पुस्तक भेंट को बस्तर की सांस्कृतिक पहचान को व्यापक स्तर पर पहुंचाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल माना गया। इस अवसर पर बस्तर की प्राचीन परंपराओं,धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक महत्व को संरक्षित एवं प्रचारित करने की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई।

नशा मुक्त भारत अभियान को मिला जनसहभागिता का संबल

रायगढ़/नवप्रदेश। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन तथा छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में नशामुक्त भारत सप्ताह एवं नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी विरोधी सप्ताह के अवसर पर विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के समापन अवसर पर जिला जेल रायगढ़ में विशेष नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बंदियों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी बंदियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों, उनके सामाजिक एवं पारिवारिक प्रभावों तथा नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। गीत-संगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भी नशामुक्ति का प्रभावी संदेश दिया गया, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने सराहा। उपसंचालक समाज कल्याण श्री शिवशंकर पाण्डेय ने बताया कि नशा व्यक्ति की क्षमता, परिवार की खुशहाली और समाज की प्रगति में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। युवाओं को नशे की लत से बचाने तथा समाज में व्यापक जनजागरूकता लाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है।

नीट और प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक के खिलाफ कांग्रेस का जिला स्तरीय अभियान

■ युवाओं की आवाज़ को मिलेगा बुलंद मंच

कांकेर/ नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार देशभर में नीट एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक, परीक्षा प्रणाली में बढ़ती अनियमितताओं, भर्ती परीक्षाओं में हो रही देरी तथा युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के अध्यक्ष बसंत यादव ने जानकारी देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी छात्रों और युवाओं के भविष्य की लड़ाई को पूरी मजबूती के साथ सड़क से सदन तक उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। बसंत यादव ने कहा कि हाल ही में राजस्थान के कोटा में आयोजित ÷छात्रों की गूंज÷ कार्यक्रम के माध्यम से नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी ने देशभर के विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षा अभ्यर्थियों एवं युवाओं की समस्याओं को गंभीरता से उठाया था। इसी क्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने प्रत्येक जिले में प्रेस वार्ता एवं जनजागरण अभियान आयोजित करने का

निर्णय लिया है,

ताकि युवाओं की वास्तविक समस्याओं को समाज और सरकार के सामने प्रभावी ढंग से रखा जा सके।उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में नीट, भर्ती परीक्षाओं तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार पेपर लीक की घटनाएं सामने आई हैं। इसके कारण लाखों विद्यार्थियों की वर्षों की मेहनत पर पानी फिर गया है। कई परीक्षाएं रद्द हुईं, कई भर्तियां वर्षों तक लंबित रहीं और हजारों युवाओं का भविष्य अनिश्चितता के अंधकार में धकेल दिया गया। लगातार बढ़ती बेरोजगारी और भर्ती प्रक्रिया में हो रही देरी ने युवाओं में निराशा और असंतोष को जन्म दिया है।जिला कांग्रेस अध्यक्ष बसंत यादव ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि देश के भविष्य निर्माण की आधारशिला है। यदि परीक्षा प्रणाली ही भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का शिकार होगी तो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का विश्वास लोकतांत्रिक व्यवस्था और सरकारी संस्थाओं से उठ जाएगा। इसलिए कांग्रेस पार्टी परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी, निष्पक्ष और जवाबदेह बनाने की मांग कर रही है। बसंत यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य केवल विरोध दर्ज कराना नहीं, बल्कि छात्रों और युवाओं के भविष्य की रक्षा करना है। पार्टी लगातार यह मांग कर रही है कि पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच हो, दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह सुरक्षित बनाया जाए तथा भर्ती प्रक्रियाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए,

अंत में जिलाध्यक्ष बसंत यादव ने जिले के सभी विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षा अभ्यर्थियों, युवाओं, अभिभावकों, शिक्षकों एवं जागरूक नागरिकों से इस अभियान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर युवाओं के भविष्य की सुरक्षा के लिए अपनी आवाज़ बुलंद करने की अपील की गई है।

बीजापुर के आवारा कुत्तों के लिए बनेगा हाईटेक डॉग सेंटर

कुत्तों के अच्छे दिन आए, अब एसी की हवा में रहेंगे, मिलेगा बढ़िया खाना

■ भट्टीपारा में 100 कुत्तों की क्षमता वाला डॉग सेंटर तैयार, एसी-कूलर, इलाज और भोजन की होगी व्यवस्था

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय में अब आवारा कुत्तों के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस डॉग सेंटर बनाया जा रहा है। भट्टीपारा तालाब के नीचे निर्माणाधीन इस केंद्र में एक समय में 100 कुत्तों को रखने की व्यवस्था होगी। यहां कुत्तों के लिए 2 एसी, 5 कूलर, 10 पंखे, भोजन और उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

नगरपालिका के सीएमओ बंशीलाल नुरुटी एवं डॉग सेंटर के नोडल अधिकारी व सहायक अभियंता देवेंद्र पहाड़ी ने बताया कि यह केंद्र केंद्र सरकार की एनिमल बर्थ कंट्रोल योजना के तहत बनाया जा रहा है। इसके लिए 12 लाख 58 हजार रुपये की राशि स्वीकृत हुई है।

उन्होंने बताया कि योजना का उद्देश्य जिले के आवारा कुत्तों की संख्या को मानवीय तरीके से नियंत्रित करना और रेबीज जैसी बीमारियों की रोकथाम करना है। इसके तहत आवारा कुत्तों को पकड़कर डॉग सेंटर लाया जाएगा, जहां उनका बधियाकरण , एंटी-रेबीज वैक्सीनेशन और पेट के कीड़ों का उपचार पशु चिकित्सकों की निगरानी में किया जाएगा।

ऑपरेशन के बाद कुत्तों को करीब 15 दिनों तक सेंटर में रखकर उनकी देखभाल, भोजन और स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद उन्हें उसी स्थान पर वापस छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। साथ ही उनकी टैगिंग भी की जाएगी, ताकि उनकी पहचान और रिकॉर्ड सुरक्षित रहे।

इस योजना के संचालन के लिए स्नेहा एनिमल केयर, हिसार (हरियाणा) के साथ अनुबंध किया गया है। लगभग 12 सदस्यीय टीम इस कार्य को अंजाम देगी।

डॉग सेंटर में 20 अलग-अलग केबिन बनाए जा रहे हैं, जिनमें एक साथ 100 कुत्तों को रखा जा सकेगा। नगरपालिका अधिकारियों के अनुसार यह परियोजना आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने, रेबीज की रोकथाम और पशु कल्याण सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई है। यह योजना कुत्तों को स्थायी रूप से बंद रखने के लिए नहीं, बल्कि उपचार और बधियाकरण के बाद उन्हें उनके मूल क्षेत्र में वापस छोड़ने की व्यवस्था पर आधारित है।

महिला पर्यवेक्षक कल्याण संघ की नई कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित

■ दीपलता उइके बनीं जिला अध्यक्ष, रिंकू पाण्डेय सचिव और संध्या सिंह कोषाध्यक्ष चुनी गईं

जगदलपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक कल्याण संघ, जिला बस्तर का निर्वाचन शुक्रवार को कलेक्ट्रेट रोड स्थित कर्मचारी भवन में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी गजेन्द्र श्रीवास्तव तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान एवं मोतीलाल वर्मा की देखरेख में चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया गया।

जिला अध्यक्ष पद के लिए नीता पांडे एवं दीपलता उइके के नाम प्रस्तावित हुए। नामांकन प्रक्रिया के दौरान नीता पांडे ने दीपलता उइके के समर्थन में अपना नाम वापस ले लिया। इसके बाद एकमात्र प्रत्याशी शेष रहने पर निर्वाचन अधिकारी ने दीपलता उइके को जिला अध्यक्ष घोषित किया। वहीं सचिव पद पर रिंकू पाण्डेय तथा कोषाध्यक्ष पद पर संध्या सिंह को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती दीपलता उइके ने संगठन की सभी महिला पर्यवेक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा तथा महिला पर्यवेक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएंगे।

निर्वाचन प्रक्रिया में बड़ी संख्या में महिला पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी गजेन्द्र श्रीवास्तव,सहायक निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान एवं मोतीलाल वर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुई।

नगर निगम कार्यालय के सामने ही पेयजल संकट तीन दिन से बूंद-बूंद पानी को तरस रहे वार्डवासी

जगदलपुर/नवप्रदेश। नगर निगम की पेयजल व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। निगम कार्यालय से सटे गांधीनगर वार्ड क्रमांक 22 में पिछले तीन दिनों से नियमित पेयजल आपूर्ति बंद होने से सैकड़ों परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि लोग एक-एक बूंद पानी के लिए जूझ रहे हैं, जबकि वार्ड नगर निगम कार्यालय के ठीक सामने स्थित है।

वार्डवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। फिलहाल निगम की ओर से टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, लेकिन इससे सभी परिवारों की जरूरत पूरी नहीं हो पा रही है। लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम से ही वार्ड में

जलापूर्ति लगातार बाधित होती रही है और पानी आने का कोई निश्चित समय भी तय नहीं है।

लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम से ही वार्ड में जलापूर्ति लगातार बाधित होती रही है और पानी आने का कोई निश्चित समय भी तय नहीं है।वार्ड पार्षद मनप्रीत कौर ने बताया कि वार्ड के तीन स्थानों पर पेयजल लाइन के वाल्व लीकेज हैं। इसकी जानकारी कई बार नगर निगम आयुक्त को दी जा चुकी है,लेकिन अब तक मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हुआ है। उनका कहना है कि लीकेज ठीक होने तक समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है।

वार्डवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि कई स्थानों पर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से नालियों का गंदा पानी पेयजल लाइन में मिल रहा है, जिससे दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। लोगों ने नगर निगम से तत्काल पाइपलाइन और लीकेज की मरम्मत कर नियमित एवं स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

वार्डवासियों की मांग-स्थानीय लोगों ने निगम प्रशासन से क्षतिग्रस्त पाइपलाइन और लीकेज की तत्काल मरम्मत, नियमित समय पर पेयजल आपूर्ति तथा स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि निगम कार्यालय के सामने ही यदि यह स्थिति है, तो शहर के अन्य वार्डों की व्यवस्था का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

तालाकुर्रा धान खरीदी केंद्र में हुए फर्जीवाड़े को लेकर कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

कांकेर / नवप्रदेश। मरकाटोला लैम्पस के धान खरीदी केंद्र तालाकुर्रा में हुए 3848 क्विंटल धान की हेरा फेरी में संलिप्त दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं किये जाने के विरुद्ध आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांकेर ग्रामीण के द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित मरकाटोला के धान उपार्जन केंद्र तालाकुर्रा पर धान खरीदी में हुई विभागीय भौतिक सत्यापन में 3848 क्विंटल धान की कमी पाई गई है जिसपर कलेक्टर के द्वारा संलिप्त कर्मचारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिनांक 13 मई को दिया गया था किन्तु एक माह बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं किया जाना प्रशासन की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांकेर ग्रामीण के अध्यक्ष लोमेन्द्र यादव ने कहा कि एक ओर भाजपा सरकार में किसान खाद के लिए दर दर भटक रही है दूसरी ओर मरकाटोला लैंपस के धान खरीदी केंद्र तालाकुर्रा में 3848 क्विंटल धान की हेरा फेरी कर करोड़ो रुपये धांधली की गई है। कलेक्टर के निर्देश के बाद भी संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं किये जाने से क्षेत्र के किसानों में आक्रोश व्याप्त है, अगर तीन दिनों के भीतर दोषियों पर कार्यवाही नहीं किया जाता तो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांकेर के द्वारा जिला कार्यालय का घेराव किया जायेगा।

इस दौरान प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांकेर ग्रामीण अध्यक्ष लोमेन्द्र यादव, शहर अध्यक्ष यासीन कराणी, वरिष्ठ कांग्रेसी सुनील गोस्वामी, सरजू राम शोरी, देवेन्द्र साहू, शिवांकित श्रीवास्तव, खोमेन्द्र उइके, चमन साहू, झमित कड़ियाम, मनीष दीपक, किसन साहू, अमित साहू आदि उपस्थित थे।

संगोष्ठी: भाजपा ने आपातकाल की 51वीं बरसी पर आयोजित की संगोष्ठी, कांग्रेस पर लोकतंत्र कुचलने का लगाया आरोप

सत्तालोलुप कांग्रेस के आपातकाल की सच्चाई देश को जाननी चाहिए : सांसद

जगदलपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को जिला कार्यालय में आपातकाल की 51वीं बरसी पर संगोष्ठी आयोजित कर वर्ष 1975 में लगाए गए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय बताया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कांग्रेस पर सत्ता बचाने के लिए लोकतांत्रिक संस्थाओं, संविधान और नागरिक अधिकारों का दमन करने का आरोप लगाया तथा कहा कि देश की नई पीढ़ी को उस दौर की वास्तविकता से परिचित कराया जाना आवश्यक है।

मुख्य वक्ता बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि 25 जून 1975 की आधी रात तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांति का हवाला देकर देश पर आपातकाल थोप दिया था। उनका कहना था कि यह निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा के बजाय सत्ता बचाने की मंशा से लिया गया,जिसके कारण प्रेस की स्वतंत्रता,न्यायपालिका की निष्पक्षता और नागरिकों के मौलिक अधिकारों का खुला हनन हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की कार्यशैली आज भी उसी तानाशाही सोच को दर्शाती है, केवल उसके तरीके बदले हैं।

संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आपातकाल को लोकतंत्र की हत्या और संविधान पर सबसे बड़ा हमला मानती है। उन्होंने कहा कि देशवासियों को उस दौर की घटनाओं को बार-बार याद दिलाना जरूरी है,ताकि भविष्य में कोई भी सत्ता के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों से समझौता न कर सके। कार्यक्रम में पूर्व विधायक डा सुभाऊ कश्यप,प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय और जिला उपाध्यक्ष आर्येंद्र सिंह आर्य ने भी अपने विचार रखे। संचालन जिला महामंत्री परीस राम बेसरा ने किया तथा आभार प्रदर्शन सफीरा साहू ने किया। अंत में जिपं अध्यक्ष वेदवती कश्यप,बलदेव मण्डावी, श्रीनिवास मिश्रा, रामाश्रय सिंह,योगेन्द्र पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अबूझमाड़ और हसदेव पर कांग्रेस का दोहरापन उजागर : वेदप्रकाश पाण्डेय

जगदलपुर/नवप्रदेश। भाजपा जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने अबूझमाड़ क्षेत्र में कथित पेड़ कटाई और हसदेव को लेकर कांग्रेस के बयानों पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि जिस कांग्रेस ने वर्षों तक छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक संसाधनों का राजनीतिक और आर्थिक शोषण किया, वही आज पर्यावरण संरक्षण का ढोंग कर रही है। जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस को सबसे पहले अपने शासनकाल का हिसाब देना चाहिए। हसदेव क्षेत्र में खनन संबंधी प्रक्रियाएं, वन क्षेत्रों में लिए गए निर्णय और आदिवासियों की उपेक्षा किसके शासन में हुई, यह प्रदेश की जनता भली-भांति जानती है। सत्ता में रहते हुए कांग्रेस ने न तो जंगलों की चिंता की और न ही वनवासियों के हितों की रक्षा की। आज विपक्ष में बैठकर झूठ और भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अबूझमाड़ जैसे संवेदनशील क्षेत्र को लेकर कांग्रेस केवल राजनीति कर रही है। वर्तमान सरकार विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाकर कार्य कर रही है। जहां भी वन संरक्षण से जुड़े विषय हैं,वहां सभी वैधानिक प्रावधानों और पर्यावरणीय मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

किरंदुल परियोजना 'डायमंड अवार्ड' और 'प्लेटिनम अवार्ड' से सम्मानित

किरंदुल/नवप्रदेश। एनएमडीसी लिमिटेड की बैलाडीला आयरन ओर माइन्स, किरंदुल कॉम्प्लेक्स परियोजना को दिनांक 25.06.2026 को होटल रेडिशन ब्लू, उद्योग विहार, गुरूग्राम में आयोजित प्रतिष्ठित ईएसजी और ईएचएस लीडरशीप फेरम सम्मेलन में द्वितीय ऑनर्ज एक्सीलेन्स अवार्डस-2026 में धातु एवं खनन क्षेत्र में *पर्यावरण कार्यों की उत्कृष्टता के लिए डायमंड अवार्ड और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया।

यह दोनों पुरस्कार किरंदुल परियोजना की ओर से श्री के.पी.सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन) एवं श्री देबब्रत मंडल, वरिष्ठ प्रबंधक (पर्यावरण) ने ग्रहण किया। इस समारोह में देशभर के उद्योग व कॉर्पोरेट जगत के दिग्गज शामिल हुए।

इस अवार्ड्स के माध्यम से एनएमडीसी लिमिटेड की पर्यावरण विकास कार्यों एवं स्वास्थ्य व सुरक्षा कार्यों को उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता दी गई, जो विभिन्न परियोजनाओं और पहलों के जरिए प्राप्त की गई है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए परियोजना प्रमुख श्री रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक और श्रीमती के.एल.नागवेणी, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों को हार्दिक बधाई दी है।

आवासीय क्षेत्र पर संचालित मदिरा दुकान से बिगड़ रहा माहौल, रहवासी क्षेत्र से हटाने की मांग तेज

***स्थानांतरण कर दूसरी जगह भेजने की मांग तेज**

बम्हनीडीह/नवप्रदेश। नगर पंचायत बम्हनीडीह के मुख्य मार्ग बड़गड़ी रोड पर संचालित शासकीय मदिरा दुकान को लेकर नगरवासियों में लगातार नाराजगी बढ़ती जा रही है लोगों का कहना है कि आबादी वाले क्षेत्र और प्रमुख शैक्षणिक एवं धार्मिक संस्थानों के बीच संचालित इस दुकान के कारण आसपास का वातावरण प्रभावित हो रहा है जहां पहले सुबह-शाम लोग टहलने और परिवार के साथ समय बिताने पहुंचते थे, वहीं अब अक्सर शराबियों का जमावड़ा देखने को मिलता है स्थानीय नागरिकों के अनुसार शराब सेवन के बाद तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही बढ़ने से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है नगरवासियों ने जनहित को ध्यान में रखते हुए मदिरा दुकान को अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किए जाने की मांग उठाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मदिरा दुकान के आसपास कई महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थान संचालित हैं दुकान के समीप हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित है, वहीं सरस्वती शिशु मंदिर, आत्मानंद विद्यालय, शासकीय महाविद्यालय तथा बीईओ कार्यालय भी इसी क्षेत्र में मौजूद हैं ऐसे में प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं आम नागरिक इस मार्ग से गुजरते हैं लोगों का मानना है कि इस तरह के क्षेत्र में मदिरा दुकान का संचालन सामाजिक दृष्टि से उचित नहीं है । मदिरा दुकान के आसपास नगर के प्रमुख धार्मिक स्थल भी स्थित हैं, जिनमें दुर्गा मंदिर, शनि मंदिर तथा सात बहिनिया मंदिर प्रमुख हैं। श्रद्धालुओं का कहना चहै कि धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों

वाले क्षेत्र में शराब दुकान होने से श्रद्धालुओं को असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है विशेष अवसरों और त्योहारों के दौरान भीड़ बढ़ने पर अव्यवस्था की स्थिति बनने की आशंका बनी रहती है हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित आसपास के रहवासी क्षेत्रों के लोगों ने बताया कि दुकान के आसपास कई बार शराब सेवन करने वालों का जमावड़ा लग जाता है इससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को असुविधा होती है स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह की गतिविधियों से क्षेत्र की छवि भी प्रभावित हो रही है और आम लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए मदिरा दुकान का सर्वे कर इसे आबादी और प्रमुख संस्थानों से दूर किसी उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए ।

लोगों का कहना है कि इससे नगर का वातावरण शांत और व्यवस्थित रहेगा, साथ ही छात्रों, श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को भी राहत मिलेगी नगर में लगातार उठ रही इस मांग को लेकर अब लोगों की नजर प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई है ।

स्थानांतरण करने के लिए निवेदन किया जाएगा

आवासीय परिसर के पास शराब दुकान होने से नगरवासियों को काफी समस्या हो रही है, उच्च अधिकारियों से बात कर स्थानांतरण करने हेतु निवेदन किया जाएगा।

- रमेश डडसेना,
अध्यक्ष नपं बम्हनीडीह

न्यूज गैलरी

पालतू बिल्ली के आत की सर्जरी कर निकाला जटिल जिंदा परजीवी का गुच्छा

लखनपुर/नवप्रदेश। बेजुबान बीमार जानवरों की इलाज देख रेख पूरे संजीदगी के साथ करने का हुनर डॉ0 सफदर ख़ान में है। इसी कड़ी में उन्होंने 24/जून2026 को एक पालतू बिल्ली के आंत का जटिल सर्जरी कर बेजुबान बिल्ली का जीवन बचाने प्रयास किया है। दरअसल पशु चिकित्सालय लखनपुर में पदस्थ डॉक्टर सफदर अली खान एवं उनके टीम के द्वारा अम्बिकापुर के श्री राधे कृष्णा जी के 03 माह की एक पालतू बिल्ली पिछले 2 सप्ताह से बार-बार उल्टी होने से परेशान थी, विशेषकर खाने के तुरंत बाद लगातार उल्टी कर देती थी। पशु मालिक ने बताया कि उनकी पालतू बिल्ली कुछ दिनों से मल त्याग करना बंद कर दिया है, उल्टी करने से बिल्ली बहुत कमजोर हो गई है तथा चलने फिरने में असमर्थ हो गई है। बिल्ली पालक ने दवा उपचार कराकर थक चुके थे। डॉक्टर सफदर ख़ान ने पशु मालिक की रजामंदी के बाद पिड़ित बिल्ली का एक्सप्लोरेटरी लैपरोटामी सर्जरी करने का निर्णय लिया गया। सर्जरी के दौरान आंत में एक जगह अवरोध मिला,अवरोध में परजीवी गुच्छा(टैपवार्म) मिला, जिसको आंत की सर्जरी (एंटरोटॉमी) कर निकाला गया। डॉक्टर सफदर ने बताया कि आंत में परजीवी गुच्छा फसने के कारण आंतों में रुकावट हो गई थी।, जिससे आंत में पूर्ण रुकावट पैदा हो जाने कारण भोजन, पानी और गैस का प्रवाह रुक गया था। अभी बिल्ली की स्थति नाजुक बनी हुई तथा चिकित्सीय निगरानी में है, उपचार जारी है।

छात्रों के भविष्य को सुनिश्चित करने शाला प्रवेशोत्सव एक प्रयास है

लखनपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार सभी बच्चों के बेहतर शिक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। छात्रों के भविष्य को सुनिश्चित करने के दिशा में शाला प्रवेशोत्सव एक प्रयास है। उपरोक्त बातें कबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने 25 जून दिन गुरुवार को नगर लखनपुर के सामुदायिक भवन में आयोजित ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधि शिक्षक शिक्षिकाओं नव प्रवेशी छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा। उन्होंने ने यह भी कहा कि प्रवेशोत्सव के साथ पूरे वर्ष भर इम्तिहान आने तक छात्र छात्राओं में पढ़ने की लगन और उत्साह बरकरार रहे। विकासखंड लखनपुर के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों में दाखिला लेने वाले नवप्रवेशी बच्चों का शाला प्रवेशोत्सव कराया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन राजेश अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज सभापति जिला पंचायत विजय अग्रवाल,जप अध्यक्ष शशि कला सिंह, नपं अध्यक्ष मति सावित्री साहू, जंप उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े रहे। कार्यक्रम की शुभारंभ बाकायदा देवी माता सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर किया गया कार्यक्रम के दौरान सम्मिलित नव प्रवेशी स्कूली बच्चों ने स्वागत नृत्य गीत की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिक्षक शिक्षिकाओं तथा बच्चों ने मचासीन अतिथियों का स्वागत बैच लगाकर तथा पुष्पगुच्छ देकर किया।

निधन

राम वाधवा

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक और व्यवसायी राम वाधवा संचालक प्रदीप ड्रेसेस, का आज निधन हो गया है, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजू वाधवा के पिता थे उनके निधन से नगर और व्यापारिक जगत में शोक की लहर है। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड गए वे प्रदीप वाधवा के भाई एवं अमित, रॉकी और राजकुमार वाधवा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार दोपहर 1:00 बजे उनके निवास स्थान दाऊपारा चौक, से दाऊपारा मुक्तिधाम में किया गया जहां बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

टीकम सोनी



मुंगेली/नवप्रदेश। नगर के व्यवसायी टीकम सोनी का आकस्मिक निधन कल बीती रात हो गया है, वे अपने पीछे भरा पूरा परिचार छोड गए है उनके दो पुत्र एवं दो पुत्रियां है वे राजु पुस्तक भण्डार के प्रो. राजकुमार सोनी एवं राघव ज्वेलर्स के प्रो. कमल किशोर सोनी के पिता थे, उनका अंतिम संस्कार बुधवारी बाजार स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर बडी संख्या में स्वजातिय बंधु सहीत सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कमला देवांगन



मुंगेली/नवप्रदेश। कमला देवांगन का आज आकस्मिक निधन हो गया जिनका अंत्येष्टि कार्यक्रम देवांगन समाज मुक्तिधाम रावण भाटा में सुबह 11:00 बजे किया गया, इस अवसर पर बडी संख्या में स्वजातिय बंधु उपस्थित रहे।

जिले की 439 ग्राम पंचायतों में आयोजित हुई विशेष ग्राम सभा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार सरगुजा जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया।

जिले की 338 ग्राम पंचायतों में 24 जून को तथा शेष 101 ग्राम पंचायतों में 25 जून को ग्राम सभा आयोजित की गई। इस प्रकार जिले की कुल 439 ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएं सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। ग्राम सभाओं में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा, हितग्राहियों की सूची का अनुमोदन, पंचायतों के विकास कार्यों पर चर्चा तथा ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित की गई।विशेष ग्राम सभाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के आधार पर तैयार हितग्राहियों की सूची का सत्यापन एवं अनुमोदन किया गया। पात्र, अपात्र एवं प्राथमिकता सूची का निर्धारण राज्य शासन द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुरूप ग्राम सभा के समक्ष किया गया। पारदर्शिता एवं जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हितग्राहियों की प्रतीक्षा सूची का सार्वजनिक वाचन भी किया गया।

ग्राम सभाओं में ग्रामीणों को विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। आगामी 1 जुलाई से प्रारंभ होने जा रही इस महत्वाकांक्षी योजना के उद्देश्यों, पात्रता एवं लाभों से ग्रामीणों को अवगत कराते हुए अधिकाधिक लोगों को योजना से जोड़ने हेतु प्रचार-प्रसार किया गया। इसी क्रम में कलेक्टर अजीत वसंत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार अग्रवाल उदयपुर विकासखंड के ग्राम फुनगी पहुंचे और वहां आयोजित विशेष ग्राम सभा में शामिल हुए। अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा शासन की योजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

ग्राम सभा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पेयजल व्यवस्था, आंगनबाड़ी सेवाएं, आयुष्मान कार्ड, किचन शेड निर्माण, पंचायत स्तरीय निर्माण कार्यों तथा अन्य जनहितकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। ग्रामीणों ने अपनी आवश्यकताओं एवं मांगों से अधिकारियों को अवगत कराया।

कलेक्टर अजीत वसंत ने ग्राम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रापं के विकास, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग की जिम्मेदारी पंचायत एवं ग्रामवासियों की सामूहिक भागीदारी से ही पूरी हो सकती है। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है और पंचायत के विकास से जुड़े निर्णयों में प्रत्येक ग्रामीण की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का लाभ लेने तथा पंचायत विकास कार्यों में सक्रिय सहयोग करने की अपील की।

घंटों बिजली गुल रहने से नागरिक बेहाल, अधिकारी साध रहे चुप्पी

- हल्की हवा में गुल हो रही बिजली,
-शिकायत पर भी नहीं उठ रहे अधिकारियों के फोन

मुंगेली/नवप्रदेश। शहर में बिजली विभाग की लचर कार्यप्रणाली एक बार फिर आम जनता के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। शहर की बिजली व्यवस्था इतनी जर्जर हो चुकी है कि हल्की सी हवा या मौसम बिगड़ते ही बिजली गुल हो जाती है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि मामूली तकनीकी खराबी को ठीक करने में भी विभाग को 4 से 6 घंटे का समय लग रहा है, जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।

इसी कड़ी में आज फिर रामगढ़ फीडर के अंतर्गत आने वाले इलाकों में बिना किसी पूर्व सूचना के पिछले 3 घंटों से बिजली आपूर्ति ठप्प है, उमस और गर्मी के बीच बिजली नहीं होने से स्कूली बच्चों, बीमार बुजुर्गों और आम निवासियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, घरेलू कामकाज के साथ-साथ छोटे व्यवसाय भी पूरी तरह प्रभावित हैं। समस्या के समाधान के लिए जब उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों को फोन लगाया, तो किसी ने भी कॉल रिसीव करने की जहमत नहीं उठाई। वहीं, दूसरी ओर बिजली विभाग द्वारा संचालित फ्यूज कॉल सेंटर पर संपर्क करने पर लगातार बिजी टोन सुनाई दे रही है जिम्मेदार अधिकारियों की इस बेरुखी ने लोगों के आक्रोश को और बढ़ा दिया है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि बिजली विभाग न तो मेंटेनेंस के नाम पर समय पर काम करता है और न ही खराबी आने पर सूचना देता है। अधिकारियों की कार्यशैली उदासीन बनी हुई है, जिसके कारण शहर की जनता को अक्सर अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ता है। उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि मरम्मत कार्य के चलते बिजली काटी जानी है, तो विभाग को पहले से सूचना देनी चाहिए। लेकिन, वर्तमान में विभाग न तो पूर्व सूचना दे रहा है और न ही शिकायतों के निराकरण के लिए कॉल उठा रहा है।

साक्षी कश्यप ने 588 अंक लाकर रचा इतिहास

जांजगीर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 24/06/2026 को घोषित 10वीं हाई स्कूल मुख्य परीक्षा के रिवैल्यूएशन परिणाम ने जिला जांजगीर-चांपा के ग्राम सेमरिया की होनहार छात्रा साक्षी कश्यप को सुर्खियों में ला दिया है।

नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय बिलासपुर में अध्ययनरत साक्षी कश्यप शासकीय हाई स्कूल बोरसी में व्याख्याता पिता कृष्ण कुमार कश्यप और गृहणी माता श्रीमती मन्दाकिनी कश्यप की पुत्री हैं। रोल नंबर 1263114455 के साथ साक्षी ने 588/600 अंक प्राप्त कर 98 प्रतिशत स्कोर के साथ पूरे छत्तीसगढ़ में टॉप 10 में स्थान प्राप्त किया है।रिवैल्यूएशन में चमत्कार साक्षी के संस्कृत विषय में पहले 69 अंक थे जो रिवैल्यूएशन के बाद बढ़कर 74 अंक हो गए। इस +5 अंक की वृद्धि ने साक्षी को टॉप 10 की लिस्ट में पहुंचा दिया। सभी 6 विषयों में Distinction के साथ साक्षी ने साबित कर दिया कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता। साक्षी का विषयवार प्रदर्शनः इंग्लिश 97, हिंदी 98, संस्कृति 99, गणित 98, विज्ञान 96, सामाजिक विज्ञान 100 अंक। स्कूल कोड 311319, केंद्र कोड 311284 से परीक्षा देने वाली साक्षी को प्रथम श्रेणी प्राप्त हुई है।

अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत, जांच में जुटी पुलिस

लखनपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग घटनाओं में दो इंसानों की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। दरअसल लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अधला बनखेता पारा में एक अर्धविक्षिप्त युवक ने अपने पिता को डंडे एवं पानी रखने वाले डेकची से पीट पीट कर मौत के घाट उतार दिया।कातिल युवक के बहन गौरी पैकरा ने थाना उपस्थितआकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रार्थिया के मुताबिक 23 जून को पड़ोस में अन्नप्राशन भोज था।

नाम परिवर्तन सूचना प्रकाशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं बुद्धसेन प्रजापति पिता प्रेमलाल प्रजापति, निवासी -ग्राम बछालीखुर्द, बांसाझाल, जिला बिलासपुर (छ.ग.) का निवासी हूं। मेरा नाम आधार कार्ड में बुद्धखीन (Budhkhin Prajapati) प्रजापति , जन्म तारीख 01/01/2008 लिखाया है जो गलत है, इस नाम के जगह मेरा सही नाम बुद्धसेन प्रजापति ,जन्म दिनांक 07/09/2007 (Buddhsen) दर्ज कराने बाबत यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं, मेरे समस्त स्कूली दस्तावेजों में मेरा नाम बुद्धसेन दर्ज है, अतः आधार कार्ड में लिखा गलत नाम बुद्धखीन को हटाकर बुद्धसेन प्रविष्टि की जाए एवं मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे । नाम परिवर्तन/सुधार के समर्थन में सूचना के प्रकाशन छ.ग. के राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहता हूं जिसके संबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

बुद्धसेन प्रजापति

नाम परिवर्तन

मैं भूमिजा बाई रजक पति चेतन कुमार रजक आयु..... वर्ष निवासी कोरकोटी पोस्ट कोरकोटी तहसील धनोरा जिला कोण्डागांव छत्तीसगढ़ की निवासी हूं। शपथ पूर्वक निम्न कथन करती हूं:-

1. यह कि शपथकर्ती का नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि शपथकर्ती के पुत्र यादित्य रजक (YADITYA RAJAK) पिता चेतन कुमार रजक (CHETAN KUMAR RAJAK) का जन्म दिनांक 27/12/2008 को हुआ हैं।
3. यह कि शपथकर्ती के पुत्र यादित्य रजक (YADITYA RAJAK) का जन्म प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत कोरकोटी से जारी हुआ है जिसमें नाम यादित्य रजक (YADITYA RAJAK) पिता चेतन कुमार रजक (CHETAN KUMAR RAJAK) दर्ज है जो सही व सत्य है।
4. यह कि शपथकर्ती के पुत्र के आधार कार्ड क्रमांक 8129 7919 0211 में नाम त्रुटिवश अदित्य रजक (ADITYA RAJAK) पिता चेतन कुमार रजक (CHETAN KUMAR RAJAK) दर्ज हुआ है जो गलत व असत्य हैं।
5. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड क्रमांक 8129 7919 0211 में अंकित त्रुटि नाम अदित्य रजक (ADITYA RAJAK) को संशोधन कराकर जन्मप्रमाण पत्र में दर्ज सही नाम यादित्य रजक (YADITYA RAJAK) दर्ज कराने के संबंध में शपथपत्र निष्पादित कर रही हूं।

शपथकर्ती

-:: सत्यापन::-

मैं भूमिजा बाई रजक पति चेतन कुमार रजक शपथकर्ता सत्य निष्ठा पूर्वक सत्यापित करता हूं कि शपथ-पत्र की कंडिका 01 से 04 तक की अंतर्वस्तु मेरे निजी ज्ञान से सत्य एवं सही है अतः दिनांक 22/06/2026 को हस्ताक्षर कर स्थान केशकाल में सत्यापित किया।

सत्यापनकर्ता
भूमिजा बाई रजक

कार्यालय कलेक्टर, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

क्र./2097 / जिला नाजीर / 2026

सारंगढ़ दिनॉक 24/06/2026

नीलामी विज्ञप्ति

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के पुलिस थाना / चौकी से आबकारी एक्ट के तहत राजसात हुए कुल 19 वाहन (दो पहिया एवं चार पहिया वाहन) जिसमें 03 नग कार, 15 नग मोटर सायकल, 01 नग स्कूटी का नीलामी स्थान कार्यालय पुलिस अधीक्षक सारंगढ़-बिलाईगढ़ में किया जाना है। नीलामी की प्रक्रिया निम्नानुसार रहेगी।

1- वाहनों की खुली नीलामी दिनांक 10/07/2026 को समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक किया जावेगा।

2- खुली नीलामी में शामिल होने वाले फर्म/व्यक्ति को दो पहिया प्रत्येक वाहन का 2000/-रू, चार पहिया प्रत्येक वाहन का 5000/- रू. एवं पुलिस अधीक्षक सारंगढ़-बिलाईगढ़ के नाम पर बैंक ड्राफ्ट बनाकर जमा करना होगा।

3- निविदा की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय पर कार्यालय कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़ (जिला नाजीर शाखा) एवं पुलिस अधीक्षक सारंगढ़-बिलाईगढ़ से प्राप्त की जा सकती है।

(अध्यक्ष)
डिप्टी कलेक्टर
वास्ते कलेक्टर, सारंगढ़-बिलाईगढ़

जी-262701707/2

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जांजगीर

E-mail ID-res.janjgirchampa.janjgir@gmail.com

// ई-निविदा सूचना क्रमांक- 04//2026-27

क्रमांक 1052/निविदा/ग्रा.या. सेवा/2026 **जांजगीर, दिनांक 24.06.2026**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	निविदा का क्रम
उप स्वास्थ्य केन्द्र शिवरीनारायण, विकासखण्ड नवागढ़ **(टेण्डर नम्बर 194044)**	25.71	प्रथम बार
उप स्वास्थ्य केन्द्र भोजपुर, विकासखण्ड बम्हनीडीह **(टेण्डर नम्बर 194047)**	25.71	प्रथम बार
उप स्वास्थ्य केन्द्र सोनारपारा, विकासखण्ड बम्हनीडीह **(टेण्डर नम्बर 194048)**	25.71	प्रथम बार
उप स्वास्थ्य केन्द्र थानापारा, विकासखण्ड बम्हनीडीह **(टेण्डर नम्बर 194049)**	25.71	प्रथम बार
उप स्वास्थ्य केन्द्र जगदल्ला, विकासखण्ड बम्हनीडीह **(टेण्डर नम्बर 194050)**	25.71	प्रथम बार
उप स्वास्थ्य केन्द्र अकलतरा (ब), विकासखण्ड अकलतरा **(टेण्डर नम्बर 194052)**	25.71	प्रथम बार

नोट :- निविदा की सामान्य शर्तें विस्तृत निविदा (परिशिष्ठ 2.10 एवं 2.13) यथा संशोधित एवं अन्य जानकारी वेबसाईट **http://eproc.cgstate.gov.in** मे अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर **दिनांक 24.06.2026** समय शाम **17:31** से देखी एवं दिनांक **09.07.2026** समय शाम **17:30** तक डाउनलोड की जा सकती है।

(बी.एस. पैकरा)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जांजगीर
जिला जांजगीर चापा (छ.ग.)

जी- 262701717/5

दुल्ला बाबा के अद्भुत सवारी को देखने उमड़ी जनसैलाब

लखनपुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के लखनपुर में मुहर्रम की सातवीं तिथि पर आयोजित दुल्ला बाबा की पारंपरिक सवारी ने एक बार फिर श्रद्धालुओं की गहरी आस्था और धार्मिक परंपरा का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। मंगलवार को स्थानीय इमामबाड़ा में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दूर-दराज के क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने दुल्ला बाबा के दर्शन किए, मन्नतें मांगीं और झाड़-फूंक कराकर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

इंजीनियरिंग कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

क्र.संख्या (1) ई-निविदा संख्याः डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-102-26-27, दिनांकः 19.06.2026.
कार्यः 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए एसएसई (वर्क्स)/ दक्षिण/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत स्टाफ क्वार्टरों में सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्यः** ₹ 77,08,221.16. **अमानत राशिः** ₹ 1,54,200.00/-. **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह।

क्र.संख्या (2) ई-निविदा संख्याः डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-103-26-27, दिनांकः 19.06.2026.
कार्यः 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए एसएसई (वर्क्स)/ पूर्व/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत स्टाफ क्वार्टर में सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्यः** ₹ 96,57,010.60. **अमानत राशिः** ₹ 1,93,200.00. **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह।

क्र.संख्या (3) ई-निविदा संख्याः डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-104-26-27, दिनांकः 19.06.2026.
कार्यः 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए एसएसई (वर्क्स)/दक्षिण/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत सर्विस बिल्डिंग में सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्यः** ₹ 1,08,75,649.47. **अमानत राशिः** ₹ 2,17,500.00. **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह।

क्र.संख्या (4) ई-निविदा संख्याः डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-105-26-27, दिनांकः 19.06.2026.
कार्यः 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए एसएसई (वर्क्स)/ पूर्व/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत सर्विस बिल्डिंग में सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्यः** ₹ 1,03,53,109.73. **अमानत राशिः** ₹ 2,07,100.00. **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह।

क्र.संख्या (5) ई-निविदा संख्याः डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-106-26-27, दिनांकः 19.06.2026.
कार्यः 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए एसएसई (वर्क्स)/ दक्षिण/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत स्टाफ क्वार्टर और सर्विस बिल्डिंग में सफेदी, रंग-रोगन, डिस्टेंपरिंग और पेंटिंग इत्यादि कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्यः** ₹ 90,35,645.77. **अमानत राशिः** ₹ 1,80,700.00. **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह।

क्र.संख्या (6) ई-निविदा संख्याः डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-107-26-27, दिनांकः 19.06.2026.
कार्यः 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए एसएसई (वर्क्स)/ पश्चिम/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत कंस्ट्रक्शन कॉलोनी और तारबाहर कॉलोनी में स्टाफ क्वार्टर और सर्विस बिल्डिंग, में सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्यः** ₹ 1,06,29,598.67. **अमानत राशिः** ₹ 2,12,600.00. **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह।

क्र.संख्या (7) ई-निविदा संख्याः डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-108-26-27, दिनांकः 19.06.2026.
कार्यः 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए एसएसई (वर्क्स)/पश्चिम/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत वायरलेस कॉलोनी और बंगलो यार्ड के स्टाफ क्वार्टर में सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्यः** ₹ 1,06,33,492.21. **अमानत राशिः** ₹ 2,12,700.00. **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह।

क्र.संख्या (8) ई-निविदा संख्याः डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-109-26-27, दिनांकः 19.06.2026.
कार्यः 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए एसएसई (वर्क्स)/ उत्तर/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत स्टाफ क्वार्टर में सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्यः** ₹ 1,40,65,993.60. **अमानत राशिः** ₹ 2,81,300.00. **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह।

क्र.संख्या (9) ई-निविदा संख्याः डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-110-26-27, दिनांकः 19.06.2026.
कार्यः 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए एडीईएन/ सेटलमेंट-I/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सर्विस बिल्डिंग में सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्यः** ₹ 92,48,640.10. **अमानत राशिः** ₹ 1,85,000.00. **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह।

क्र.संख्या (10)ई-निविदा संख्याः डीआरएम- इंजी.-बीएसपी-टी-111-26-27, दिनांकः 19.06.2026.
कार्यः 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए एसएसई (वर्क्स) पूर्व/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत स्टाफ क्वार्टर और सर्विस बिल्डिंग में सफेदी, रंग-रोगन, डिस्टेंपरिंग और पेंटिंग इत्यादि कार्यों का निष्पादन **निविदा मूल्यः** ₹ 99,51,122.81. **अमानत राशिः** ₹ 1,99,000.00. **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह।

क्र.संख्या (11) ई-निविदा संख्याः डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-112-26-27, दिनांकः 19.06.2026.
कार्यः एसएसई (वर्क्स) /वाटर सप्लाई/ बिलासपुर के अधिकार के अंतर्गत 30.06.2027 तक समाप्त होने वाली अवधि के लिए जल आपूर्ति व्यवस्था से संबंधित सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्यः** ₹ 1,28,13,184.74. **अमानत राशिः** ₹ 2,56,300.00. **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह।

क्र.संख्या (12) ई-निविदा संख्याः डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-113-26-27, दिनांकः 19.06.2026.
कार्यः 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए एडीईएन/सेटलमेंट-I/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत स्टाफ क्वार्टर और सर्विस बिल्डिंग में सफेदी, रंग-रोगन, डिस्टेंपरिंग और पेंटिंग इत्यादि कार्यों का निष्पादन **निविदा मूल्यः** ₹ 2,13,43,824.69. **अमानत राशिः** ₹ 4,26,900. **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह।

क्र.संख्या (13) ई-निविदा संख्याः डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-114-26-27, दिनांकः 19.06.2026.
कार्यः 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए एसएसई (वर्क्स)/ दक्षिण/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत इलेक्ट्रिक लोको शेड के रखरखाव से संबंधित जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्यः** ₹ 54,28,270.9. **अमानत राशिः** ₹ 1,08,600.00. **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह।

निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः 30.06.2026 से। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः 14.07.2026 के 11.00** बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नही की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक(अभियंता)/ बिलासपुर

सीपीआर/10/पीएच/237

South East Central Railway @secrail

संविधान काला दिवस पर लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान, भाजपा ने मीसाबंदियों को किया नमन

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 25 जून संविधान काला दिवस के अवसर पर आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले मीसाबंदियों एवं उनके परिजनों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं भाजपा परिवार द्वारा मीसाबंदियों तथा उनके परिजनों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आपातकाल की विभीषिका को स्मरण करते हुए की गई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने आपातकाल के दौरान लोकतंत्र के दमन, नागरिक अधिकारों के हनन एवं विपक्षी नेताओं पर हुए अत्याचारों की जानकारी उपस्थित जनों को दी तथा सभी अतिथियों का स्वागत किया। सम्मानित किए गए मीसाबंदियों में द्वारिका जायसवाल एवं रामकुमार केशरवानी शामिल रहे।

वहीं स्व. फूलचंद जैन, स्व. भारतलाल सोनी, स्व. रूपनाथ सोनी, स्व. डॉ. विजय कुमार गुप्ता, स्व. डॉ. प्रेम कुमार वर्मा, स्व. रामानुज श्रीवास्तव, स्व. अनिल गुप्ता, स्व. तुलाराम स्वर्णकार, स्व. मुनीराम साहू, स्व. नंदुलाल सोनी, स्व. डॉ. भानु गुप्ता, स्व. निरंजन प्रसाद केशरवानी, स्व. रामसुंदर पाण्डेय, स्व. साधूराम केशरवानी, स्व. कीमतराय केशरवानी, स्व. कपिल नारायण देवांगन एवं स्व. रमेश कुमार साहू, स्व. रमेशचंद्र दीक्षित के परिजनों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मीसाबंदी परिवार के सदस्य संतोष जैन, कमलेश्वर केशरवानी, संजीव गुप्ता,संदीप गुप्ता, निश्चल गुप्ता,

जया गुप्ता, श्रीमती जमुनोत्री बाई (धर्मपत्नी स्व. ठाकुर नरपुंगव सिंह), जयपाल साहू, बसंत स्वर्णकार एवं नरेंद्र श्रीवास्तव, चन्द्रिका सोनी सहित अनेक परिवारजन उपस्थित रहे, जिनका विधायक पुन्नूलाल मोहले द्वारा शॉल, श्रीफल एवं पुष्पमाला से सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय था।

तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, प्रेस की स्वतंत्रता एवं विपक्ष की आवाज को कुचलने का प्रयास किया गया। यह लोकतंत्र की हत्या का ऐसा कृत्य था, जिसे देश कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा कि मीसाबंदी लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी रहे हैं, जिन्होंने राष्ट्रहित एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपने परिवार और व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं का त्याग कर जेल की यातनाएं सही थीं।

भाजपा ऐसे सभी लोकतंत्र सेनानियों को नमन करती है। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष सुनील पाठक ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री कैलाश सिंह ठाकुर ने किया। इस अवसर पर शिवप्रताप सिंह, लोकनाथ सिंह, हरिशंकर वर्मा, मानस सिंह बैस,जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव, मंडल अध्यक्ष ग्रामीण राजीव श्रीवास, महामंत्री नगर महावीर सिंह, मन्नू श्रीवास्तव, प्रदीप सिंह, राजेश्वर सिंह ठंडन, विजय यादव, जितेंद्र दिवाकर, रितिमा लाल, सचिन सोनी, प्रवीण सोनी, रवि साहू, श्रीओम सिंह,लवन डाहिरे, शैलेन्द्र यादव, दीपक सोनकर, अनंत देवांगन सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

निर्माण व असंगठित श्रमिकों के लिए ई-केवाईसी अभियान शुरू

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण एवं असंगठित श्रमिकों के लिए आधार आधारित ई-केवाईसी एवं रिकॉर्ड संशोधन का विशेष अभियान शुरू किया गया है। श्रमिकों के कल्याण और योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान संचालित किया जा रहा है। संबंधित अधिकारियों ने 30 जून 2026 तक लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। अभियान के तहत ई-केवाईसी प्रक्रिया प्रारंभ करने से पूर्व सभी पंजीकृत निर्माण एवं असंगठित श्रमिकों के विवरण का आधार कार्ड अभिलेखों के अनुसार सत्यापन एवं आवश्यक संशोधन किया जाएगा। यह संपूर्ण प्रक्रिया जिले के कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से संपादित की जाएगी। श्रम पदाधिकारी अभिषेक सिंह ने सभी पंजीकृत श्रमिकों को अपने मूल आधार कार्ड के साथ निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर में उपस्थित होकर अपने विवरण का सत्यापन कराने कहा है। सीएससी संचालक द्वारा बायोमेट्रिक एवं दस्तावेज सत्यापन के बाद पोर्टल के रजिस्ट्रेशन अपडेशन मॉड्यूल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। आधार कार्ड में उपलब्ध एवं सत्यापित जानकारी के आधार पर श्रमिकों के नाम, जन्मतिथि, लिंग, मोबाइल नंबर सहित अन्य आवश्यक जानकारियों का अद्यतन किया जाएगा। इससे श्रमिकों के रिकॉर्ड अधिक सटीक होंगे तथा उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर और बिना किसी बाधा के मिल सकेगा।

श्रमिकों के मेधावी बच्चों को निजी आवासीय स्कूलों में मिलेगी शिक्षा

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग द्वारा संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के मेधावी बच्चों के लिए सुनहरा अवसर लेकर आई है। योजना के तहत श्रमिक परिवारों के बच्चों को देश एवं प्रदेश के प्रतिष्ठित निजी आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं से 12वीं तक निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 03 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। योजना का लाभ उन श्रमिक परिवारों के बच्चों को मिलेगा, जिनके माता-पिता छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत एवं सक्रिय सदस्य हैं। चयनित विद्यार्थियों को सीबीएसई अथवा आईसीएसई पाठ्यक्रम संचालित प्रतिष्ठित निजी आवासीय विद्यालयों में अध्ययन का अवसर मिलेगा। योजना के तहत चयनित बच्चों की शिक्षा, आवास, भोजन, गणवेश, पुस्तकें एवं अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री का संपूर्ण खर्च श्रम विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। पात्र श्रमिक विभाग के आधिकारिक ऑनलाइन पोर्टल अथवा च्वाइस सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। साथ ही श्रम विभाग के कार्यालय से सहायता भी प्राप्त की जा सकती है।

धान खरीदी से लेकर उद्योग और खादी योजनाओं तक प्रगति पर होगा मंथन

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला पंचायत की सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की महत्वपूर्ण बैठक 01 जुलाई को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। समिति की सभापति श्रीमती अनीता साहू के मागदर्शन में इस बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। बैठक में सहकारिता, उद्योग, विपणन, रेशम, खादी एवं ग्रामोद्योग से जुड़े विकास कार्यों, योजनाओं के क्रियान्वयन और उपलब्धियों पर चर्चा होगी। साथ ही विभागीय अधिकारियों द्वारा अब तक किए गए कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की जाएगी तथा आगामी कार्ययोजना पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक के एजेंडे में सहकारिता विभाग की गतिविधियां, केंद्रीय बैंक से धान खरीदी की स्थिति, जिला विपणन विभाग के कार्य, रेशम विभाग की प्रगति, जिला अंत्यावसायी विभाग की योजनाएं, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग की हितग्राहीमूलक योजनाएं तथा उद्योग विभाग की योजनाओं की समीक्षा प्रमुख रूप से शामिल है। इसके अतिरिक्त समिति की अनुमति से अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। सहकारिता एवं उद्योग समिति के सचिव ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक जानकारी एवं प्रतिवेदन के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं, ताकि योजनाओं की प्रगति की प्रभावी समीक्षा कर आवश्यक निर्णय लिए जा सकें।

पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को मुफ्त मिलेगी शिक्षा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। श्रमिक परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना, के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को कक्षा 6वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट आवासीय विद्यालयों में पूर्णत: निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 3 जुलाई निर्धारित की गई है।श्रम पदाधिकारी ने बताया कि योजना का लाभ ऐसे निर्माण श्रमिकों की प्रथम दो संतानों को मिलेगा, जिनका मंडल में कम से कम एक वर्ष पूर्व से वैध पंजीयन हो तथाछात्र-छात्रा वर्तमान सत्र में कक्षा 6वीं में प्रवेश ले रहे हों। पात्र विद्यार्थियों का चयन शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के आधार पर किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को आवासीय विद्यालयों में निशुल्क शिक्षा के साथ आवास, भोजन, अध्ययन सामग्री और बेहतर शैक्षणिक वातावरण की सुविधा मिलेगी।

शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी छात्राओं को आगे बढ़ने का दिया संदेश

मुंगेली/नवप्रदेश। रम्भा बाई रामलाल साव शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामलाल साव धर्मादा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. विनय गुप्ता थे। अध्यक्षता मुकेश रोहरा ने की।

प्रमुख अतिथियों के रूप में उर्मिला रमेश यादव, जितेन्द्र दावडा, पार्षद मोहन मल्लाह, राजहंस तम्बोली एवं सुनील सोनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ नवप्रवेशी छात्राओं के गुलाल लगाकर स्वागत से किया। कक्षा 6वीं की छात्राओं को तिलक लगाकर, गुलाल लगाकर, पुस्तक एवं गणवेश भेंट कर प्रवेश कराया गया। कक्षा 9वीं की छात्राओं को भी निःशुल्क पुस्तक वितरण किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. विनय गुप्ता ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन का असली आधार है। उन्होंने अपने जीवन के कठिन संघर्षों को साझा करते हुए छात्राओं को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ. गुप्ता ने घोषणा की कि रामलाल साव धर्मादा ट्रस्ट द्वारा विद्यालय की गरीब एवं मेधावी छात्राओं की शिक्षा हेतु 1 लाख 50 हजार रूपये की छात्रवृत्ति प्रत्येक वर्ष प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट के सहयोग से विद्यालय परिसर में छात्राओं के लिए नई सीढ़ी एवं भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण कराया गया है। उन्होंने भविष्य में भी विद्यालय के विकास हेतु हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया तथा सभी छात्राओं को नवीन सत्र की शुभकामनाएं दीं। प्रवेश उत्सव को संबोधित करते हुए अध्यक्ष मुकेश रोहरा ने बच्चों को अच्छी शिक्षा से विद्यालय का मान बढ़ाने और परिवार का नाम रोशन करने की अपील की, प्रमुख अतिथि मोहन मल्लाह व पूर्व सभापति जिला पंचायत उर्मिला रमेश यादव व जितेंद्र दावड़ा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य कृष्णकुमार नवरंग ने आभार व्यक्त किया। संचालन संजय सोनी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक पवन साहू वरिष्ठ व्याख्याता विभा साहू, दिलीप काठले, चंद्रकुमार महिलांग, नोहर चंद्रवंशी जया शुक्ला, चंचल देवांगन, पूर्णिमा तम्बोली, प्रतिभा शर्मा, प्रभा साहू, डेनियल दयाल, अंकिता ठाकुर, लक्ष्मी अहिरवार, संध्या यादव, अंजू साहू, रोशन ध्रुव सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, सदस्य एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन विद्यालय परिवार द्वारा किया गया।

नरेश राम यादव ने किया पदाधिकारियों का मनोनयन

मुंगेली/नवप्रदेश। सर्व यादव समाज अध्यक्ष नरेश राम यादव ने अपनी जंबो कार्यकारिणी घोषित कर दिया है। जिलाध्यक्ष नरेश राम यादव सहित महासचिव मनोहर यादव एवं कोषाध्यक्ष फूलचंद यादव पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके है। शेष कार्यकारिणी गठन के लिए अध्यक्ष को अधिकार दिया गया था जिसके अनुसार जिलाध्यक्ष ने कार्यकारिणी गठन कर प्रदेशाध्यक्ष रमेश यदू से अनुमोदन कराकर कार्यकारिणी का गठन किया।

नवगठित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष सतीश यादव, कृष्णा यादव, संजू यादव, दरबारी यादव, ललित यादव व संजय यादव सहित महासचिव संगठन के पद पर देवीशंकर यादव को नियुक्त किया है। मीडिया प्रभारी घनश्याम यादव एवं विजय यादव बनाये गये। प्रवक्ता का दायित्व सूरज यादव एवं दिलीप यादव को दिया गया है। संगठन में सहकोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री, प्रवक्ता, प्रचार मंत्री, सलाहकार, सह-सचिव, स्थायी आमंत्रित सदस्य एवं संरक्षक मंडल का गठन कर समाज के वरिष्ठजन रामकुमार यादव, सुखनंदन यादव, धनीराम यादव, शैलेन्द्र यादव, परसादी यादव, योगेन्द्र यादव, मकराल यादव, विनय यादव, रितेश यादव स्थायी आमंत्रित सदस्य एवं प्रकाश यादव, डॉ. आई. पी. यादव, प्रेमलाल यादव, धजाराम यादव अरूण यादव, राजेन्द्र यादव, ओम प्रकाश यादव संरक्षक का दायित्व निभायेंगे। इस कार्यकारिणी में समाज के सभी उपवर्गो को शामिल किया गया है। कार्यकारिणी की बैठक शीघ्र बुलाकर तहसील एवं परिक्षेत्र स्तर पर संगठन का विस्तार का कार्य प्रारंभ किया जायेगा।

जिला सहकारी बैंक भवन निर्माण शीघ्र पूरा कराने की मांग

बम्हनीडीह, जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मयंक सराफ ने छत्तीसगढ़ शासन के वन, जलवायु परिवर्तन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से सौजन्य भेंट कर नगर पंचायत बम्हनीडीह में वर्षों से अधूरे पड़े जिला सहकारी केंद्रीय सहकारी बैंक भवन के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कर संचालन प्रारंभ कराने की मांग की। मयंक सराफ ने मंत्री श्री कश्यप को सौंपे गए निवेदन पत्र में बताया कि नगर पंचायत बम्हनीडीह के जिला सहकारी केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा का भवन कई वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ

है। भवन का निर्माण पूर्ण नहीं होने के कारण क्षेत्र के किसानों, महिला स्व-सहायता समूहों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को बैंकिंग सुविधाओं के लिए अन्य स्थानों पर जाना पड़ता है, जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनहित एवं विकास के प्रति प्रतिबद्ध है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास' के संकल्प के अनुरूप इस अधूरे भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कर बैंक शाखा का संचालन प्रारंभ किया जाना आवश्यक है। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने विषय को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैंक भवन के पूर्ण होने से क्षेत्र के किसानों एवं आम नागरिकों को सहकारी बैंकिंग सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेगा तथा क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी।

सरगुजा लायंस और सरगुजा बॉयलर्स बने चैम्पियन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल गांधी स्टेडियम, अंबिकापुर में सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय बास्केटबॉल लीग चैम्पियनशिप-2026 के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पदक एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया तथा सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि खेल केवल

जीत और हार का माध्यम नहीं हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और संघर्ष करने का जज्बा भी सिखाते हैं। खेलों से बच्चे शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनते हैं तथा जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल युवा शक्ति के व्यक्तित्व विकास का सबसे प्रभावी माध्यम हैं और प्रत्येक खिलाड़ी को पूरे समर्पण, ईमानदारी और खेल भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

अधिक दर पर खाद बिक्री पर कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिला कलेक्टर के निर्देश एवं उप संचालक कृषि पीतांबर सिंह दीवान के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी तथा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बिक्री करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज नेहरूनगर , अंबिकापुर स्थित एक उर्वरक विक्रय केंद्र पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 3219 बोरी उर्वरक जब्त कर विक्रय केंद्र को सील कर दिया । प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीएम हेल्पलाइन 1076 में एक कृषक द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि नेहरूनगर स्थित मेसर्स सरगुजा कृषि राय केंद्र द्वारा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक का विक्रय किया जा रहा है। जांच के दौरान शिकायतकर्ता कृषक के बयान तथा उर्वरक क्रय के लिए किए गए ऑनलाइन भुगतान के डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर अधिक दर पर उर्वरक बिक्री किए जाने की पुष्टि हुई।

पुरानी पेंशन सहित 7 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी लामबंद

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिजली कर्मचारियों ने अपनी मांगों और पावर कंपनी के वादा खिलाफी के खिलाफ प्रदेशव्यापी आंदोलन का शंखनाद कर दिया है। भारतीय मजदूर संघ से संबंध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के नेतृत्व में यह मोर्चा खोल दिया है महासंघ बिलासपुर क्षेत्र के सचिव रविकांत सिंह ठाकुर ने बताया कि राज्य शासन की पूर्व में मिली सैद्धांतिक सहमति के बावजूद आज तक विद्युत कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाली लाभ से वंचित रखा गया

है कर्मचारियों की प्रमुख लंबित मांगों में पुरानी पेंशन लागू करने, संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नई भर्ती, लंबित पदोन्नति आदेश जारी करने, तकनीकी तथा कंप्यूटर भत्ता देने, वेज रिवीजन कमेटी गठित करने और ठेका श्रमिकों को सीधे पावर कंपनी से भुगतान तथा भरती में प्राथमिकता देने जैसी मांग शामिल है। अपनी इन्हीं जायज मांगों के लिए कर्मचारी संघ ने तीन चरणों में आंदोलन के रूपरेखा तैयार की और मैदान में उतर चुके हैं। 1 जून से 30 जून तक प्रथम चरण में पूरे प्रदेश में हस्ताक्षर अभियान और जनसंपर्क के माध्यम से कर्मचारियों को एकजुट कर रहे हैं। बताया गया है कि द्वितीय चरण में 1 जुलाई से 9 जुलाई तक सभी क्षेत्रीय मुख्यालय को मुख्यालय में ज्ञापन सौंपा जाएगा जिसकी शुरुआत 1 जुलाई को बिलासपुर तिफरा मुख्यालय में कर्मचारियों द्वारा आम सभा और धरना प्रदर्शन के साथ ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसी तारतम्य में 10 जुलाई को महाधरना रायपुर डगनिया के मुख्यालय में किया जाएगा, मांग पूरी न होने पर 17 अगस्त से काम बंद हड़ताल की चेतावनी की सूचना दी जाएगी।

पेज 1 का शेष...

हाउसिंग बोर्ड अब अधोसंरचना...

विकास के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों में मंडल ने उल्लेखनीय प्रगति की है और आर्थिक चुनौतियों से उबरते हुए मंडल ने लगभग 7,388 संपत्तियों का विक्रय कर 1,532 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए आवास एवं पर्यावरण विभाग, मंडल के अध्यक्ष तथा पूरी टीम को बधाई दी। आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विभाग में व्यापक प्रशासनिक सुधार लागू किए गए हैं। गृह निर्माण मंडल को अधोसंरचना विकास मंडल के रूप में नई पहचान देकर प्रदेश के पूंजीगत व्यय और विकास कार्यों में इसकी भूमिका का विस्तार किया गया है। मंत्री ने कहा कि पूंजीगत व्यय करने वाले विभागों को वित्तीय और मानव संसाधन के माध्यम से सक्षम बनाने का काम किया है ताकि प्रदेश में आर्थिक गतिविधियां तेजी से आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि अब किसी भी नई आवासीय परियोजना का निर्माण तभी प्रारंभ होगा जब पर्याप्त बुकिंग सुनिश्चित हो जाएगी, जिससे अनावश्यक निर्माण और वित्तीय जोखिम से बचा जा सके। मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि सरकार ने वन टाइम सेटलमेंट योजना लागू कर वर्षों से लंबित संपत्तियों के विक्रय को गति दी तथा वित्तीय अनुशासन स्थापित किया। इसके परिणामस्वरूप मंडल की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और अब यह अधोसंरचना विकास के नए आयाम स्थापित करने के लिए तैयार है।

मंडल के अध्यक्ष श्री अनुराग सिंहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में मंडल ने नई कार्य संस्कृति अपनाई है। गृह निर्माण मंडल का विस्तार कर अधोसंरचना विकास मंडल बनाया जाना प्रदेश के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में मंडल ने रिकॉर्ड संपत्तियों का विक्रय कर नई उपलब्धियां हासिल की हैं और भविष्य में मांग आधारित, गुणवत्तापूर्ण तथा वित्तीय रूप से व्यवहारिक परियोजनाओं पर विशेष जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम में लकी ड्रा के नौ विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। सारंगढ़ की श्रीमती पूजा बरेठ को प्रथम पुरस्कार के रूप में कार प्रदान की गई। इसके अलावा स्कूटी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एलईडी टीवी सहित अन्य आकर्षक पुरस्कार भी वितरित किए गए। इस अवसर पर आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद, मंडल के अध्यक्ष श्री अनुराग सिंहदेव ,आयुक्त श्री अवनीश शरण, तथा विभाग एवं मंडल के वरिष्ठ अधिकारी और हितग्राही उपस्थित थे।

ऑपरेशन सिंदूर के 6 ...

रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। इन सभी छह जांबाजों के नाम नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की आधिकारिक वेबसाइट पर 'रोल ऑफ ऑनर' खंड में शामिल करने के साथ ही स्मारक की दीवार पर हमेशा के लिए उकेर दिए गए हैं। यह पहला मौका है जब देश की रक्षा के लिए सीमा पार जाकर की गई इस सैन्य कार्रवाई में हुए नुकसान को आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया गया है।

पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के प्रतिशोध में शुरू हुआ था ऑपरेशन

'ऑपरेशन सिंदूर' की पृष्ठभूमि बेहद संवेदनशील और आक्रोश से भरी थी। 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने एक कायराना हमला किया था, जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई थी, जिनमें अधिकांश देश-विदेश से आए पर्यटक थे। इस बर्बरता का कड़ा और सबक सिखाने वाला जवाब देने के लिए भारतीय थलसेना और वायुसेना ने संयुक्त रूप से रणनीति तैयार की। 7 मई 2025 की तड़के सुबह भारतीय जांबाजों ने सीमा पार जाकर पाकिस्तान और पीओके में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे खूंखार संगठनों के नौ प्रमुख आतंकी ठिकानों पर बेहद सटीक और विनाशकारी हमले किए। इन हमलों में आतंकियों के लॉन्च पैड्स और बुनियादी ढांचे को पूरी तरह मटियामेट कर दिया गया। इसके बाद, दोनों देशों के सैन्य अभियान महानिदेशकों के बीच हुई हॉटलाइन वार्ता के बाद 10 मई को इस सैन्य कार्रवाई को रोकने पर सहमति बनी थी।

छत्तीसगढ़ में यूसीसी लागू...

नागरिकों, सामाजिक संगठनों, विधि विशेषज्ञों और अन्य हितधारकों से सुझाव लेने की जिम्मेदारी भी सौंपी है। इसके अलावा उन राज्यों की व्यवस्थाओं का भी अध्ययन किया जाएगा, जहां समान नागरिक संहिता लागू है या इस दिशा में पहल की गई है।

विवाह, तलाक और उत्तराधिकार कानूनों का होगा अध्ययन: समिति का मुख्य कार्य राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की संभावनाओं का अध्ययन करना होगा। इसके तहत विवाह, तलाक, भरण-पोषण, उत्तराधिकार, दत्तक ग्रहण और अन्य नागरिक मामलों से जुड़े मौजूदा कानूनों की समीक्षा की जाएगी।

दहलन-तिलहन की खेती से किसानों को मिलेंगे 15 हजार प्रति एकड़

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के उन किसानों को जो खरीफ में धान की फसल छोड़कर दलहन-तिलहन, कोदो-कुटकी की खेती करते हैं तो कृषक उन्नति योजना के तहत छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रति एकड़ 15 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए कृषक उन्नति योजना का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत किसानों को धान पर उच्च समर्थन मूल्य के अंतर की राशि और वैकल्पिक फसलों के लिए प्रति एकड़ वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। धान पर आदान सहायता (बोनस) राज्य सरकार द्वारा धान की फसल के लिए 3,100 प्रति क्विंटल (प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल) का भाव सुनिश्चित किया गया है। केंद्र सरकार के न्यूनतम समर्थन मूल्य और राज्य द्वारा तय इस दर के बीच के अंतर की राशि योजना के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर की जा रही है। वैकल्पिक फसलों के लिए प्रोत्साहनः खरीफ सीजन से योजना के नए स्वरूप को लागू किया गया है, जिसके तहत धान के बजाय दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी और कपास उगाने वाले किसानों को 15,000 प्रति एकड़ तक की विशेष सहायता दी जा रही है।

लगातार धान की फसल लेने से मिट्टी की उर्वरता होती है कम

उपसंचालक कृषि, पीडी हथेश्वर ने बताया कि लगातार धान की फसल लेने से पर्यावरण और मिट्टी को गंभीर नुकसान होता है। मुख्य रुप से भूमिगत जल स्तर तेजी से नीचे गिरता है और मिट्टी की उर्वरता भी लगातार कम होते जाता है, जिससे कीट रोगों का प्रकोप बढ़ना शुरु हो जाता है। एक ही खेत में बार-बार धान की फसल लेने से मिट्टी के आवश्यक पोषक तत्व जैसे जिंक आयरन आदि खत्म होने लगते हैं। इसके अलावा तना छेदक, झुलसा रोग और फफूंद का खतरा बढ़ जाता है। धान की खेती में हमेशा पानी भरे रहने के कारण खेत की निचली मिट्टी कड़ी हो जाती है, जिससे अगली फसलों की जड़ों का विकास नहीं हो पाता है। इसके अलावा दलहन, तिलहन या कोदो, कूटकी फसल लेने से किसानों को बहुत लाभ होता है। कम पानी और कम लागत में अच्छी उपज हो जाती है। चना, अरहर, मूंग, उड़द अपनी जड़ों में मौजूद ग्रंथियों द्वारा वायुमंडल की नाइट्रोजन को खींचकर मिट्टी में जमा करती है, और अगली फसल के लिए प्राकृतिक रुप से खाद बन जाती है। इन फसलों की गहरी जड़ें मिट्टी को गीला कर देती है जिससे हवा और पानी का संचरण बहेतर होता है।

न्यूज गैलरी

प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त करने पहुंचे निगम कर्मी से गाली-गलौज

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंचे नगर निगम के स्वच्छता निरीक्षक से कथित रूप से गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करने के मामले में सिरगिट्टी पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी मुन्ना सिंह के खिलाफ धारा 221 और 296 बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी पवन भैया लाल चौहान, निवासी अशोक विहार फेस-2 चांटीडीह, नगर निगम में स्वच्छता निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने शिकायत में बताया कि 25 जून को दोपहर करीब 12.50 बजे स्वच्छता पेट्रोलिंग टीम के साथ यदुनंदन नगर तिफरा स्थित अपना मार्ट के पास एक डेयरी दुकान में जांच के लिए पहुंचे थे। जांच के दौरान दुकान में करीब 5 किलो प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलीथिन मिलने पर कार्रवाई की जा रही थी। इसी दौरान दुकान संचालक ने अपने मकान मालिक मुन्ना सिंह से मोबाइल पर बात कराई। आरोप है कि मुन्ना सिंह ने बिना मामले की जानकारी लिए फोन पर ही प्रार्थी के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।

यात्रियों के स्वास्थ्य के लिए ताजा पेय उपलब्ध कराने की अभिनव पहल

रेलवे स्टेशन पर स्वास्थ्यवर्धक 'कोकोनट कैफे जंक्शन' का शुभारंभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल द्वारा यात्रियों को स्वच्छ, पौष्टिक एवं स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं 02-03 पर 'कोकोनट केफे जंक्शन' (नारियल पानी स्टॉल) का शुभारंभ किया गया है। इस पहल से यात्रियों को यात्रा के दौरान प्राकृतिक, ताज़ा एवं ऊर्जा प्रदान करने वाला पेय (नारियल पानी) सहज रूप से उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उन्हे हर मौसम में बेहतर स्वास्थ्यवर्धक पेय की सुविधा प्राप्त होगी।

इसका विधिवत शुभारंभ आज 26 जून 2026 को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन तथा मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री एस. भारतीयन की उपस्थिति में एक बालिका यात्री के करकमलों द्वारा कराया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षकगण, कर्मचारीगण एवं यात्रीगण उपस्थित रहे। शुभारंभ के दौरान यात्रियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी कदम बताया। यात्रियों ने कहा कि स्टेशन पर प्राकृतिक एवं ताज़ा पेय अर्थात नारियल पानी उपलब्ध होने से उन्हें स्वस्थ विकल्प मिलेगा तथा यात्रा के दौरान ताजगी और ऊर्जा बनाए रखने में सहायता मिलेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि यात्रियों के बेहतर स्वास्थ्य तथा प्राकृतिक एवं पौष्टिक पेय पदार्थों को प्राथमिकता देने की सोच के साथ बिलासपुर स्टेशन पर 'कोकोनट केफे जंक्शन' की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। नारियल पानी एक प्राकृतिक ऊर्जा पेय है, जिसमें पोटेशियम, मैग्नीशियम, कैल्शियम, सोडियम एवं अन्य आवश्यक इलेक्ट्रोलाइट्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। यह शरीर में पानी की कमी को दूर करने, थकान कम करने, शरीर को तुरंत ऊर्जा प्रदान करने तथा डिहाइड्रेशन से बचाने में अत्यंत लाभकारी है। इसके साथ ही यह कम कैलोरी वाला, वसा रहित एवं प्राकृतिक पेय होने के कारण सभी आयु वर्ग के यात्रियों के लिए स्वास्थ्यवर्धक विकल्प है। भविष्य में भी यात्रियों की सुविधा, स्वास्थ्य एवं संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ऐसी जनहितकारी एवं नवाचार आधारित सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में अतिरिक्त एसी-3 कोच

बिलासपुर में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच अस्थायी रूप से जोड़ने का निर्णय लिया है। यह पहल ट्रेनों में बढ़ती भीड़ के कारण यात्रियों को अधिक कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है। यह अतिरिक्त सुविधा गाड़ी संख्या 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में 27 जून से 03 जुलाई तक उपलब्ध रहेगी। वहीं, गाड़ी संख्या 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में यह कोच 29 जून से 05 जुलाई तक जोड़ा जाएगा। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए समय-समय पर विभिन्न ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का प्रयोग किया जाता रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने पहलवान सुभद्रा और कोच सागर को किया सम्मानित

रतनपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के द्वारा 23 जून को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर नया रायपुर अटल नगर में भारतीय ओलंपिक संघ के आग्रह पर आयोजित वृक्षारोपन तथा सम्मान समारोह में छग की पहली महिला पहलवान सुभद्रा (नैना) और कोच सागर धीवर का सम्मान मुख्यमंत्री के हाथों हुआ। उल्लेखनीय है कि 2036 में भारत में ओलंपिक होना हैं।

इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन ने वृक्षारोपण का आयोजन कर प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय सहित दिग्गज हस्तियों के हाथों बी एस एफ सेंटर पालोद में 2036 जगहों पर पौधारोपण कराया, तदोपरांत आयोजित सम्मान समारोह में पूरे प्रदेश भर से आए खिलाड़ियों तथा कोच का सम्मान मुख्यमंत्री के हाथों कराया गया। नगर की शान बनी छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला पहलवान नैना यादव जो अंडर 17में 43किलो भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया था, उसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रमाण पत्र तथा बैग प्रदान कर सम्मानित किया। वही उसके कोच रहे सागर धीवर को भी सम्मानित कर उसे बधाईयां दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ के महासचिव प्रशांत राय भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री के हाथों पहलवान नैना तथा कोच सागर धीवर को सम्मानित किए जाने पर श्री सिद्ध पीठ गिरजा बंध हनुमान मंदिर अखाड़ा रतनपुर के संरक्षक महंत तारकेश्वर पुरी महाराज, गजेंद्र दुबे, विवेक कश्यप, अखाड़ा के अध्यक्ष शंकर राव मराठा, बिलासपुर जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष जीवन मिश्रा, अतुल मिश्रा, विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री राजीव मिश्रा, हर्ष पटेल, इंदु परमानंद यादव, हेतराम धीवर उस्ताद विनोद सारथी, कन्हैया कहरा, बी पी साहू, सहित अखाड़ा परिवार की सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया।

लुतरा शरीफ दरगाह प्रबंधन समिति का पुनर्गठन हाजी इकबाल हक बने नए मुतवल्ली

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड ने प्रदेश के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल लुतरा शरीफ दरगाह, सीपत की प्रबंधन समिति का पुनर्गठन करते हुए नया आदेश जारी किया है। वक्फ बोर्ड के इस फैसले के तहत हाजी मोहम्मद इकबाल हक को संस्था का नया मुतवल्ली (अध्यक्ष) नियुक्त किया गया है। साथ ही समिति के अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों की भी नियुक्ति कर उन्हें अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। वहीं इशराद अली को समिति का संरक्षक बनाया गया है।

वक्फ बोर्ड के अनुसार दरगाह के बेहतर संचालन, पारदर्शी प्रशासन तथा धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से समिति का पुनर्गठन किया गया है। बताया गया कि दरगाह के प्रबंधन को लेकर प्राप्त शिकायतों और आवश्यक सुधारों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। हाजी इकबाल हक की नियुक्ति के बाद क्षेत्र के लोगों में नई उम्मीद जगी है। सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले हाजी इकबाल हक को मिलनसार, सरल एवं सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति के रूप में जाना जाता है। स्थानीय लोगों का मानना है कि उनके नेतृत्व में दरगाह की व्यवस्थाओं में पारदर्शिता आएगी, विकास कार्यों को गति मिलेगी और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। वक्फ बोर्ड के आदेश के अनुसार नई समिति आगामी आदेश तक संस्था का संचालन करेगी। समिति दरगाह के वित्तीय, प्रशासनिक एवं धार्मिक कार्यों की नियमित निगरानी करेगी तथा विकास संबंधी योजनाओं को भी आगे बढ़ाएगी। नई समिति में हाजी मोहम्मद इकबाल हक को मुतवल्ली, मोहम्मद सिराज शेख और रोशन खान को नायब मुतवल्ली बनाया गया है। इसके अलावा रियाज अय्यूबी को सचिव तथा विभिन्न जिलों से जुड़े कई सदस्यों को समिति में शामिल किया गया है। इनमें सीपत, बेलतरा, कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर, चांपा, बलौदा और लुतरा शरीफ क्षेत्र के प्रतिनिधियों को स्थान दिया गया है। वक्फ बोर्ड के इस निर्णय का क्षेत्र में स्वागत किया जा रहा है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि नई समिति दरगाह की धार्मिक परंपराओं को सुदृढ़ बनाए रखते हुए व्यवस्थाओं में सुधार, विकास कार्यों में तेजी तथा सभी समुदायों के सहयोग से संस्था को नई दिशा देने का कार्य करेगी।

सीईओ ने ठरकपुर व नरगोडा के गोबर गैस संयंत्रों का लिया जायजा

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने विकासखंड मस्तूरी के ग्राम पंचायत ठरकपुर एवं नरगोडा में संचालित गोबर गैस (बायोगैस) संयंत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उनकी कार्यप्रणाली, गैस उत्पादन, उपयोग एवं रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर उनके अनुभव और सुझाव भी प्राप्त किए। ग्रामीणों ने बताया कि गोबर गैस के उपयोग से एलपीजी और लकड़ी पर होने वाला खर्च कम हुआ है तथा धुएं से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से भी राहत मिली है। सीईओ श्री अग्रवाल ने ग्रामीणों को गोबर गैस संयंत्रों का नियमित रखरखाव, समय-समय पर सफाई तथा पर्याप्त मात्रा में गोबर उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गोबर गैस संयंत्र स्वच्छ एवं किफायती ऊर्जा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और जैविक खेती को भी बढ़ावा देते हैं। सीईओ ने अधिकारियों को सभी गोबर गैस संयंत्रों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा तकनीकी समस्याओं वाले संयंत्रों को शीघ्र सुधारकर पुनः संचालित कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी, जनपद पंचायत मस्तूरी के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

मोपका उपकेन्द्र में 160 एमवीए का नया पॉवर ट्रांसफार्मर शुरू

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बिलासपुर के मोपका स्थित 220/132 केव्ही उपकेन्द्र में 160 एमव्हीए क्षमता का नया पॉवर ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक उर्जीकृत कर दिया गया है।

इस ट्रांसफार्मर के शुरू होने से बिलासपुर जिले के लगभग 50 प्रतिशत उपभोक्ताओं को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। ज्ञात हो कि 6 जनवरी 2026 को बिलासपुर स्थित मोपका उपकेन्द्र का पुराना ट्रांसफार्मर विफल हो गया था। पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नवीन पॉवर ट्रांसफार्मर को सफलतापूर्वक स्थापित कर, विभागीय अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन में उर्जीकृत किया गया है। ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक (पारेषण) आर.के.शुक्ला ने पैनल का स्वीच दबाकर नए ट्रांसफार्मर के माध्यम से विद्युत सप्लाई का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि मोपका उपकेन्द्र में 12 करोड़ रूपये की लागत से 160 एमव्हीए क्षमता का नवीन पॉवर ट्रांसफार्मर के उर्जीकरण होने से इस उपकेन्द्र की परिधि में आने वाले उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्तापूर्ण तथा बिना किसी रूकावट के बिजली मिल सकेगी। श्री शुक्ला ने इस कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना की है। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (उपकेन्द्र) कल्पना घाटे, अति. मुख्य अभियंता सतीश कुमार दुबे, अधीक्षण अभियंता गौतम केनार, व्ही.बी.एस. कंवर, रवि चन्द्राकर, कार्यपालन अभियंता जी.आर.जायसवाल, आरती मधु कुजूर, तामेश्वर सिंह, प्रवीण ठाकुर, योगेश्वर सिन्हा, अनिल सैनी सहायक अभियंता वीणा ध्रुव, बजरंग विश्वकर्मा, वर्षा कुर्रे, अमन मेहर, प्रेमलाल उरांव कनिष्ठ अभियंता मनुराम, सोमदत्ता शुक्ला, सिंधुजा मिश्रा, विजय पटेल तथा उपकेन्द्र, एमआरटी एवं सिविल संभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

कार्यशालाः डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय में 'योग से तनाव प्रबंधन' विषय पर कार्यशाला का आयोजन

योग से तनाव को नियंत्रित किया जा सकता हैः डॉ. साहू

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय में 'योग से तनाव प्रबंधन' विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. डी. पी. साहू उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को योग के माध्यम से तनाव प्रबंधन की विभिन्न विधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

अपने संबोधन में डॉ. साहू ने कहा कि वर्तमान समय में तनाव मानव जीवन की एक प्रमुख समस्या बन गया है। शिक्षा, रोजगार, प्रतिस्पर्धा और बदलती जीवनशैली के कारण लोगों में मानसिक दबाव लगातार बढ़ रहा है। ऐसे समय में योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक संतुलन बनाए रखने और तनाव को नियंत्रित करने का प्रभावी माध्यम भी है। कार्यशाला के दौरान उन्होंने सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दोनों माध्यमों से प्रतिभागियों को योग की विभिन्न क्रियाओं, आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से मन शांत रहता है, एकाग्रता बढ़ती है तथा व्यक्ति तनावपूर्ण परिस्थितियों का सामना अधिक सकारात्मक ढंग से कर सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में योग को शामिल करने की सलाह देते हुए कहा कि योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन की कुंजी है। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों ने योग की विभिन्न तकनीकों का प्रत्यक्ष अभ्यास किया तथा तनाव प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं को समझा। प्रतिभागियों ने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें मानसिक स्वास्थ्य और आत्मनियंत्रण के महत्व को समझने का अवसर मिला। यह कार्यशाला विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा, योग एवं खेल विज्ञान विभाग द्वारा भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय, अंतरराष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद तथा फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विभाग के संयोजक डॉ. जयशंकर यादव एवं डॉ. ब्रम्हेश श्रीवास्तव डॉ अभिषेक पाठक, डॉ किरण तिग्गा, की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन के अंत में प्रतिभागियों ने योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया तथा विश्वविद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी इस प्रकार के जनजागरूकता एवं स्वास्थ्य संवर्धन कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

बंदी के मौत की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग

पत्नी को मिले शासकीय नौकरी व 50 लाख का मुआवजाः अटल श्रीवास्तव

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोटा क्षेत्र के ग्राम दवनपुर निवासी विचारधीन बंदी नीलू जगत की केन्द्रीय जेल बिलासपुर में हत्या होने पर मृतक के परिवार जन ग्रामीण एवं आदिवासी समाज के लोग भारी संख्या में न्याय की मांग लेकर कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के निवास पुहचें विधायक अटल श्रीवास्तव ने परिवारजनों ग्रामीणों एवं आदिवासी समाज जनों को साथ लेकर प्रभारी कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे से मुलाकत कर विचारधीन बंदी नीलू जगत की हत्या की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कराने एवं मृतक के पत्नी को शासकीय नौकरी प्रदान करने के साथ 50 लाख रूपए मुआवजा प्रदान कर परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने की मांग की। अटल श्रीवास्तव ने कहा कि विचारधीन बंदी राज्य की अभिरक्षा में था इसलिये उसकी सुरक्षा करना शासन

एवं जेल प्रशासन की जिम्मेदारी थी। इस घटना की निष्पक्ष उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कर हत्या के दोषी को कठोर से कठोर सजा मिले एवं लापरवाह जेल प्रशासन पर कड़ी कार्रवाई हो ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृति न हो। अटल श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए कहा कि मृतक की पत्नी मात्र 24 वर्ष की है एवं 02 वर्ष की बेटी है मृतक के परिवार के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट भरण-पोषण बच्चे की शिक्षा एवं भविष्य की जिम्मेदारी का निर्वहन करना कठिन हो जायेगा।

D.L.S. PUBLIC SCHOOL
An English Medium School
ASHOK NAGAR, SARKANDA, BILASPUR (495006)
NURSERY | LKG | UKG
OUR FEATURES
- COMPUTER EDUCATION
- GREEN CAMPUS
- ART EDUCATION
- LEANING BY EXPERTS
- TOYS AND GAMES
- LEARNING OF VARIOUS ARTS
- SAFE AND SECURE ENVIRONMENT

Class 1st to 5th
Class 6st to 8th
ADMISSION OPEN
Transport Facility Avilable

D.L. Sharma

Sanjay Sharma

Basant Sharma

SPONSORED BY-PARTH SHIKSHAN SAMITI BILASPUR & D.L.S. P.G. COLLEGE
25% SEATS RESERVED FOR RTE/गरीबी रेखा के नीचे
ASHOK NAGAR, SARKANDA, BILASPUR (495006)
Mob. 9755347277, 7803023128, 9098166145, 9407690456

छत्तीसगढ़ का बिलासपुर वो गढ़, जो गढ़ रहा है युवाओं का भविष्य

प्रवेश प्रारंभ
बिलासपुर संभाग का प्रथम ISO 29990-2010 प्रमाणित संस्थान
प्रवेश प्रारंभ
महामाया I.T.I
छ.ग. शासन एवं NCVT नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN
इलेक्ट्रिशियन
कोपा
फीटर
वेल्डर
डीजल मैकेनिक

Smt. Santoshi Sahu
Director

Mr. Shatruhan Sahu
Secretary

योग्यता - 10वी पास प्राइवेट, ओपन, पत्राचार
हमारी विशेषताएँ
अनुभवी एवं योग्य प्रशिक्षक | आधुनिक लैब एवं उत्तर प्रशिक्षण | NCVT प्रमाणित प्रशिक्षण | 100% प्लेसमेंट सहायता | हॉस्टल सुविधा
अशोक नगर सरकण्डा (खमतराई), बिलासपुर
9981445780, 9753433122, 9907131896

अब छात्रों को मिलेगी स्कूल और प्रतियोगी परीक्षा की संयुक्त तैयारी आधारशिला सैनिक स्कूल का SIP बना नई दिशा...

(फीचर इम्पैक्ट)

विशेष साक्षात्कार :- आइए जानते है आधारशिला सैनिक स्कूल के चैयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव से की SIP (School Integrated Program) क्या है? और क्यों जरूरी है साथ ही डमी एडमिशन से क्या नुक़सान है आज के समय में

Dr. Ajay Shrivastava
Chairman
Aadharshila Sainik School

Chairman Message

आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में कुछ छात्र केवल कोचिंग पर ध्यान देने के लिए 'डमी स्कूल' का विकल्प चुनते हैं। लेकिन यह निर्णय कई बार उनके समग्र विकास (Holistic Development) को प्रभावित कर सकता है। डमी स्कूल के कारण विद्यार्थियों को नियमित स्कूल वातावरण, अनुशासन, सहपाठियों के साथ सीखने का अनुभव और व्यक्तित्व विकास के अवसर नहीं मिल पाते। इसके अलावा, बोर्ड परीक्षाओं की मजबूत तैयारी, लेखन कौशल और कॉन्सेप्ट की गहराई भी प्रभावित हो सकती है।

शिक्षा केवल परीक्षा पास करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की नींव है। इसी सोच के साथ हमने Integrated School Program (SIP) तैयार किया है, जिसमें छात्र एक ही स्थान पर स्कूल शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी दोनों को संतुलित रूप से प्राप्त करते हैं। हमारा उद्देश्य है कि हर छात्र न केवल परीक्षा में सफल हो, बल्कि आत्मविश्वासी, अनुशासित और सक्षम व्यक्तित्व के रूप में विकसित हो।

प्रश्न: आज के समय में Integrated School Program (SIP) की जरूरत क्यों बढ़ रही है?

उ- आज का छात्र सिर्फ बोर्ड एग्जाम नहीं, बल्कि JEE, NEET, CUET, CLAT और Olympiads जैसे competitive exams की तैयारी भी साथ-साथ करता है। अलग-अलग coaching जाने से समय और ऊर्जा दोनों खर्च होते हैं। ऐसे में Integrated School Program की आवश्यकता बहुत ही जरूरी हो जाती है। SIP इसी आवश्यकता को पूरा करता है, जहां स्कूल शिक्षा और प्रतियोगी तैयारी एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होती है। इस प्रोग्राम के माध्यम से छात्रों को अलग-अलग कोचिंग संस्थानों के बीच भटकना नहीं पड़ता, जिससे उनका समय और ऊर्जा दोनों बचते हैं। साथ ही, एक सुव्यवस्थित और संतुलित वातावरण में वे बेहतर तरीके से अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो पाते हैं।

प्रश्न: Integrated Program से छात्रों को क्या फायदा मिलता है?

उ- Integrated Program से छात्रों को एक साथ कई फायदे मिलते हैं। इसमें पढ़ाई की मजबूत समझ (Concept clarity) के साथ नियमित अभ्यास होता है, जिससे विषय अच्छे से पकड़ में आते हैं। स्कूल का अनुशासन बना रहता है और साथ ही प्रतियोगी सोच विकसित होती है। समय-समय पर डाउट क्लियर होते हैं और टेस्ट एनालिसिस से अपनी कमियों को समझने का मौका मिलता है। इस तरह छात्रों का संतुलित और सम्पूर्ण शैक्षणिक विकास होता है।

प्रश्न: Aadharshila विद्या मंदिर का Integrated Program कैसे अलग है?

उ- Aadharshila विद्या मंदिर का Integrated Program केवल एक कोचिंग या स्कूल सिस्टम नहीं है, बल्कि यह एक सुव्यवस्थित और परिणाम-केन्द्रित शैक्षणिक मॉडल है, जो छात्रों के समग्र विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। हमारी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि हम स्कूल शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को एक ही प्लेटफॉर्म पर संतुलित और समन्वित रूप से प्रदान करते हैं। यहां पढ़ाई का तरीका ऐसा बनाया गया है कि बोर्ड और प्रतियोगी परीक्षाओं के बीच किसी प्रकार का दबाव या टकराव न हो, बल्कि दोनों एक-दूसरे को मजबूत करें। Aadharshila में अनुभवी फैकल्टी, नियमित टेस्ट सिस्टम, व्यक्तिगत मार्गदर्शन, और छोटे बैच साइज़ के माध्यम से हर छात्र पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

प्रश्न: आजकल डमी स्कूलिंग का ट्रेंड बढ़ रहा है, आप इसे कैसे देखते हैं?

उ- डमी क्लासेस एक गलत दिशा है। यह छात्रों को अनुशासन, नियमित पढ़ाई और कॉन्सेप्ट की गहराई से दूर कर देती है। 12वीं CBSE और NCERT का उद्देश्य सिर्फ परीक्षा पास करना नहीं, बल्कि मजबूत आधार बनाना है—और यही आगे की सफलता तय करता है।

प्रश्न: फिर सही तरीका क्या होना चाहिए?

उ- सही तरीका है Integrated Preparation—जहां स्कूल की पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी साथ-साथ हो। इससे छात्र NCERT को गहराई से समझते हैं, बोर्ड और प्रतियोगी दोनों के लिए तैयार होते हैं, समय का बेहतर उपयोग करते हैं, तनाव कम महसूस करते हैं।

प्रश्न: क्या NCERT वास्तव में पर्याप्त है?

उ- बिल्कुल। NCERT ही हर बड़ी परीक्षा की नींव है। जो छात्र NCERT को अच्छे से समझ लेते हैं, उन्हें अलग से shortcuts की जरूरत नहीं पड़ती।

प्रश्न: डमी स्कूल से बच्चों को क्या क्या नुकसान हो रहा है?

उ- डमी स्कूल (Dummy School) के नुकसान समझना बहुत जरूरी है, क्योंकि यह शॉर्टकट भले आसान लगे, लेकिन लंबे समय में छात्रों के भविष्य पर नकारात्मक असर डालता है।

- कानूनी और मान्यता से जुड़े जोखिम - कई बार डमी स्कूल पूरी तरह नियमों के अनुसार नहीं चलते, जिससे भविष्य में बोर्ड या अन्य दस्तावेजों को लेकर समस्या आ सकती है।
- बेसिक कॉन्सेप्ट कमजोर रह जाते हैं - डमी स्कूल में नियमित पढ़ाई नहीं होती, जिससे छात्र विषयों की गहराई से समझ विकसित नहीं कर पाते। आगे चलकर प्रतियोगी परीक्षाओं में दिक्कत आती है।
- स्कूल लाइफ और अनुशासन की कमी - स्कूल केवल पढ़ाई का स्थान नहीं होता, बल्कि यह अनुशासन, समय प्रबंधन और सामाजिक कौशल सिखाता है। डमी स्कूल में ये सभी चीजें मिस हो जाती हैं।
- व्यक्तित्व विकास प्रभावित होता है - डिबेट, स्पोर्ट्स, सांस्कृतिक गतिविधियाँ—ये सब स्कूल का हिस्सा होते हैं, जो डमी सिस्टम में नहीं मिलते। इससे आत्मविश्वास और कम्युनिकेशन स्किल्स कमजोर रह सकती हैं।
- मानसिक तनाव बढ़ सकता है कोचिंग और self-study का पूरा दबाव अकेले संभालना पड़ता है, जिससे तनाव और चिंता बढ़ सकती है।

SIP (School Integrated Program) के लिए अभिभावकों की राय

- बच्चे को नियमित पढ़ाई + प्रतियोगी तैयारी एक साथ मिलती है
- स्कूल और कोचिंग का संतुलन बना रहता है
- अनुशासन (Discipline) और टाइम मैनेजमेंट बेहतर होता है
- नियमित टेस्ट और एनालिसिस से परफॉर्मेंस ट्रैक करना आसान
- बच्चा मानसिक रूप से स्थिर और आत्मविश्वासी रहता है
- इसलिए अधिकांश अभिभावक SIP को सुरक्षित और संतुलित विकल्प मानते हैं

Dummy School के लिए अभिभावकों की राय

- बच्चा स्कूल वातावरण से दूर हो जाता है
- केवल कोचिंग पर निर्भरता बढ़ जाती है
- अनुशासन और सामाजिक विकास में कमी आती है
- लंबे समय में बैकअप (Board Result) का जोखिम रहता है
- इसलिए Dummy School को अधिकतर अभिभावक जोखिम भरा विकल्प मानते हैं

Crash Course Available for CBSE 10th Board 2nd Attempt Students
AADHARSHILA SAINIK SCHOOL
BEHIND GOVT. ENGINEERING COLLEGE, RAMTALA ROAD, KONI BILASPUR (C.G.)
9329149641, 9329149647, 9329149648

SIP SCHOOL INTEGRATED PROGRAM
SCHOOL + COACHING
IIT-JEE/NEET/NDA/CUET/CLAT/AISSEE
ADMISSION OPEN 2026-27
FROM NURSERY TO 9TH AND 11TH

बेस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर एवं सुविधाएं:

BEHIND GOVT. ENGINEERING COLLEGE, RAMTALA ROAD, KONI BILASPUR (C.G.)
9329149641, 9329149647, 9329149648

लॉकअप में युवक ने ब्लेड से खुद को किया घायल, चाकू के साथ पकड़ाया था आरोपी

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिविल लाइन थाना परिसर में उस समय हड़कंप मच गया, जब लॉकअप में बंद एक युवक ने कथित तौर पर ब्लेड से खुद को घायल कर लिया। पुलिस ने घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए सिम्स अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। पुलिस का दावा है कि आरोपी ने दबाव बनाने की नीयत से खुद को चोट पहुंचाई है। मामले की जांच जारी है।

जानकारी के अनुसार जरहाभाठा क्षेत्र में आयोजित शेख खलील डल्ला नाच कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिस ने एक युवक को संदिग्ध हालत में पकड़ा। तलाशी लेने पर उसकी पैंट की जेब से एक चाकू बरामद हुआ। आरोपी की पहचान रामा कुर्रे के रूप में हुई, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर सिविल लाइन थाने के लॉकअप में रखा गया। पुलिस के मुताबिक, लॉकअप में बंद रहने के दौरान आरोपी से मिलने उसकी परिचित महिला मधु और एक नाबालिग लड़का पहुंचे थे। मुलाकात के कुछ समय बाद आरोपी ने अपने पास छिपाकर रखे ब्लेड के छोटे टुकड़े से अपने हाथ और सीने पर वार कर खुद को घायल कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिसकर्मियों ने तत्काल उसे सिम्स अस्पताल पहुंचाया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ने ब्लेड का छोटा टुकड़ा अपने मुंह के किनारे छिपाकर रखा था और उसी का इस्तेमाल कर खुद को चोट पहुंचाई। पुलिस का कहना है कि आरोपी पूरी तरह होश में है और उसने स्वयं स्वीकार किया है कि चोट उसने खुद पहुंचाई है। पुलिस के अनुसार, रामा कुर्रे के खिलाफ पहले से भी विभिन्न आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं, घटना के बाद आरोपी से मिलने आई महिला और उसके साथ आए नाबालिग की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि लॉकअप के भीतर ब्लेड कैसे पहुंचा और इसमें किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका तो नहीं है।

हत्या के प्रयास का फरार आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। हत्या के प्रयास के फरार आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त ब्लेड व स्कूटी जब्त किया है। आरोपी घटना के बाद महाराष्ट्र भाग गया था, पुलिस की सतत पतासाजी से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आहत साहिल बर्मन के साथ किसी बात को लेकर हुए विवाद के दौरान आरोपी मो. समीर ने उस पर ब्लेड से गर्दन पर घातक वार कर गंभीर चोट पहुंचाई तथा घटना के बाद फरार हो गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 371/2026 धारा 109(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) पंकज कुमार पटेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक गगन कुमार को अवगत कराया गया, जिनके निर्देशन में फरार आरोपी की लगातार पतासाजी की जा रही थी। विवेचना के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी रेलवे स्टेशन बिलासपुर क्षेत्र में मौजूद है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध करना स्वीकार किया तथा घटना के बाद अपनी स्कूटी रेलवे स्टेशन पार्किंग में खड़ी कर भंडारा (महाराष्ट्र) भाग जाना बताया। आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त ब्लेड एवं स्कूटी क्रमांक सीजी 10/बीजे 5265 को रेलवे स्टेशन पार्किंग से जप्त किया गया।

न्यूज गैलरी

बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई एक युवक की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। सकरी थाना क्षेत्र के संबलपुर के पास हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई। मृतक की पहचान मंगल सिंह के रूप में हुई है, जो मूल रूप से पंजाब का रहने वाला था। मिली जानकारी के अनुसार मंगल सिंह ने संबलपुर निवासी युवती से प्रेम विवाह किया था और विवाह के बाद वह अपने ससुराल में ही रह रहा था। कुछ दिन पहले वह पंजाब गया हुआ था और दो दिन पहले ही वापस संबलपुर लौटा था। उसकी बहन भी संबलपुर में ही रहती है, जबकि बहनोई संबलपुर के पास ढाबा संचालित करते हैं। गुरुवार को मंगल सिंह बाइक से अपनी बहन से मिलने के लिए जा रहा था। इसी दौरान संबलपुर के पास उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

संविदा पदों पर दावा आपत्ति 7 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण केंद्र हब में रिक्त संविदा पद जेंडर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ एवं कार्यालय सहायक, तथा शक्ति सदन के रिक्त पद आवासीय अधीक्षक, कार्यालय सहायक, बहुउद्देशीय सहायक, रसोइया, गार्ड के लिए प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत सूची जारी किए गए है। जारी सूची पर 7 जुलाई 2026 तक दावा आपति मंगाए गए है। दावा आपति कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग पुराना कंपोजिट बिल्डिंग के पीछे स्थित कार्यालय में उपस्थित होकर बंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकते हैं। पात्रता सूची जिले की व े बसाइट www.bilaspur.gov.in पर उपलब्ध है ।

सखी वन स्टॉप सेंटर में महिला सेवा प्रदाता पदों पर दावा-आपत्ति आमंत्रित

बिलासपुर/नवप्रदेश। अतिरिक्त सखी वन स्टॉप सेंटर सकरी में महिला सेवा प्रदाता के विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 7 जुलाई तक दावा-आपत्ति आमंत्रित किए गए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, बिलासपुर द्वारा जानकारी दी गई है कि केन्द्र प्रशासक, साईको सोशल काउंसलर, केसवर्कर, पैरा लीगल कार्मिक/वकील, पैरा मेडिकल कार्मिक, कार्यालय सहायक, बहुउद्देशीय कर्मचारी/रसोईया एवं सुरक्षा गार्ड/नाईट गार्ड के पदों हेतु पूर्व में 16 दिसंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क से 'ऑपरेशन गोल्ड' तक, कल सजेगा प्रदेश स्तरीय 'सराफा महासम्मेलन' का भव्य मंच

सराफा एसोसिएशन के दो साल बेमिसाल तीसरे वर्ष नई उपलब्धियों का संकल्प

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन ने प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी के नेतृत्व में अपने सफल दो वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर शुक्रवार को बिलासपुर प्रेस क्लब में आयोजित राज्य स्तरीय प्रेसवार्ता में संगठन की दो वर्षों की उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए विशेष छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में संगठन विस्तार, सराफा जन-संवाद अभियान, जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क, ऑपरेशन गोल्ड, बीआईएस हॉलमार्क जागरूकता अभियान सहित विभिन्न गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने बताया कि 28 जून को बिलासपुर के मंगला स्थित रामदेव लॉन में प्रदेश स्तरीय सराफा महासम्मेलन एवं तृतीय आमसभा आयोजित होगी, जिसमें प्रदेशभर से लगभग पांच हजार सराफा व्यापारी, प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी शामिल होंगे। इससे पूर्व जगदलपुर और जांजगीर में सफल आमसभाओं के बाद इस बार बिलासपुर को मेजबानी का अवसर मिला है। उन्होंने बताया कि जनवरी 2024 में संगठन की 60 सक्रिय इकाइयाँ थीं, जो वर्तमान में बढ़कर 125 से अधिक हो चुकी हैं। संगठन का लक्ष्य प्रदेशभर में 251 इकाइयों का गठन कर प्रत्येक सराफा व्यापारी को एक मजबूत मंच से जोड़ना है। इसके लिए लगातार संगठन विस्तार अभियान, संभागीय बैठकें और जन-संवाद कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

संगठन विस्तार की ऐतिहासिक यात्रा

प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने बताया कि जनवरी 2024 में प्रदेश में संगठन की लगभग 60 सक्रिय इकाइयाँ थीं। संगठन विस्तार अभियान के परिणामस्वरूप जून 2024 तक यह संख्या बढ़कर 91 से अधिक हो गई तथा वर्तमान में प्रदेशभर में 125 से अधिक इकाइयाँ संगठन से जुड़ चुकी हैं। उन्होंने बताया कि संगठन का संकल्प प्रदेश के प्रत्येक सराफा व्यापारी को एक सशक्त मंच से जोड़ते हुए 251 इकाइयों का गठन करना है। इसी उद्देश्य से सभी संभागों में आमसभाओं का आयोजन, संभागीय प्रतिनिधियों की नियुक्ति तथा निरंतर जन-संवाद एवं संगठन विस्तार अभियान संचालित किए जा रहे हैं। संगठन के इस व्यापक विस्तार अभियान ने पूरे प्रदेश के सराफा व्यापारियों में एकता, विश्वास एवं सहभागिता को और अधिक मजबूत किया है।

125 से अधिक इकाइयां, अब 251 का लक्ष्य

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन ने दो वर्षों में संगठन विस्तार के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने बताया कि जनवरी 2024 में संगठन की लगभग 60 सक्रिय इकाइयाँ थीं, जो जून 2024 तक बढ़कर 91 हो गईं। वर्तमान में प्रदेशभर में 125 से अधिक इकाइयाँ संगठन से जुड़ चुकी हैं। संगठन का लक्ष्य प्रदेश के प्रत्येक सराफा व्यापारी को एक मजबूत मंच से जोड़ते हुए 251 इकाइयों का गठन करना है। इसके लिए सभी संभागों में आमसभाएँ, जन-संवाद अभियान, संभागीय प्रतिनिधियों की नियुक्ति तथा सदस्यता अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं। संगठन का मानना है कि एक मजबूत और संगठित मंच ही व्यापारियों के हितों की प्रभावी रक्षा कर सकता है। इसी उद्देश्य से छोटे कस्बों से लेकर बड़े शहरों तक संगठन का विस्तार किया जा रहा है।

महासम्मेलन में उठेगा बीएनएस की धारा 317 का मुद्दा

28 जून को बिलासपुर में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय सराफा महासम्मेलन में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 317 के सरलीकरण का मुद्दा प्रमुख एजेंडा रहेगा। संगठन का कहना है कि वर्तमान कानूनी प्रावधानों के कारण सराफा व्यापारियों को कई व्यावहारिक और कानूनी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। महासम्मेलन में इस विषय पर विशेषज्ञों और व्यापारियों के बीच विस्तृत चर्चा होगी तथा शासन से सरल, स्पष्ट और व्यापार हितैषी नियम बनाने की मांग की जाएगी। इसके साथ ही व्यापारियों की सुरक्षा, जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क, स्वर्णकला बोर्ड की स्थापना, आधुनिक व्यापारिक सुविधाओं के विकास तथा संगठन की भावी कार्ययोजना पर भी चर्चा होगी।

अंश महावर ने चार्टड एकाउंटेंट बन बढ़ाया नगर का मान

रतनपुर/नवप्रदेश। इंस्टीट्यूट आफ चार्टड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित सी ए फाइनल परीक्षा का रिजल्ट बीते दिनों घोषित हुआ जिसमें नगर के होनहार युवा अंश महावर ने सफलता प्राप्त कर नगर का नाम रोशन किया। उल्लेखनीय है कि नगर के प्रतिष्ठित किराना व्यवसाई राजेश महावर के पुत्र अंश ने सी ए की फाइनल परीक्षा पहली बार में उत्तीर्ण कर सी ए बनने का गौरव हासिल किया। परीक्षा में उत्तीर्ण होने की खबर पाकर उसके परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई,अंश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता को देते हुए कहा कि उनके आशीर्वाद से मै वो मुकाम हासिल कर पाया हु जिसका सपना मेरी मां ने देखा था,उन्होंने बताया कि वे अपनी प्रारंभिक शिक्षा दसवीं तक महामाया पब्लिक स्कूल रतनपुर से की थी,और बारहवीं कॉमर्स विषय में पास होने उपरांत उन्होंने माता पिता के मार्गदर्शन में सी ए परीक्षा की तैयारी आन लाइन कोचिंग कर की थी। अंश के सी ए बनने पर उसकी मां कुसुम महावर ने मिठाई बांटकर प्रसन्नता जाहिर की। वही किशोर महावर, योगेश अग्रवाल, जतिन महावर, आनंद, नीटू महावर, संजय सोनी, आनंद पाठक सहित अनेक शुभचिंतको ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसे शुभकामनाएं दी।

जस्टिस रजनी दुबे का विदाई समारोह 29 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। जस्टिस रजनी दुबे छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में 8 वर्ष तक न्यायदान करने के उपरांत 30 जून 2026 को सेवानिवृत्त हो रही हैं। सोमवार 29 जून को चीफ जस्टिस के कोर्ट हाल में उनका विदाई समारोह रखा गया है। जस्टिस रजनी दुबे का जन्म जबलपुर में 30 जून 1964 में हुआ है। मंडला गोरमेंट डिग्री कॉलेज से ग्रेज्युशन करने के बाद उन्होंने जबलपुर लॉ कालेज से एलएलबी करने के बाद 1987 से विधि व्यवसाय में आई। 1990 में सिविल जज के पद में चयनित हुई। उन्होंने मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिला न्यायालय में जिला न्यायाधीश के पद में अपनी सेवा प्रदान की। हाईकोर्ट में रजस्ट्रिार विजलेंस के पद में कार्य किया। 18 जून 2018 को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में अतिरिक्त जस्टिस के पद में नियुक्ति हुई। 11 मई 2020 को उन्हें हाईकोर्ट में स्थाई जज के पद में पदस्थ किया गया। लगभग 8 वर्ष तक हाईकोर्ट में जस्टिस के पद में अपनी सेवा देने के उपरांत 30 जून को सेवानिवृत्त हो रही है।

नवीन प्राथमिक शाला सिरगिट्टी में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव, मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। नवीन प्राथमिक शाला सिरगिट्टी में शुक्रवार को शाला प्रवेशोत्सव उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वार्ड क्रमांक-10 के पार्षद पुष्पेंद्र साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सिरगिट्टी के शिक्षक विकास कायरवार तथा शाला विकास समिति की अध्यक्ष बबली सोनवानी ने मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ किया। शाला की प्रधान पाठिका अंजू शुक्ला एवं शिक्षिकाओं ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ और श्रीफल भेंटकर स्वागत किया।

इस अवसर पर कक्षा पहली के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश तथा सामुदायिक सहयोग से प्राप्त कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर, कटर, स्केल, टाई और बेल्ट वितरित किए गए। कार्यक्रम में कक्षा पांचवीं की बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले टिविकल नवरंग, द्वितीय अरमान चंदेल तथा तृतीय टविकल सोनवानी सहित कक्षा पहली से चौथी तक के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

शिक्षक योगेश करंजगांवकर ने बताया कि वे प्रत्येक वर्ष नए शैक्षणिक सत्र से पहले समाज के दानदाताओं, मित्रों, रिश्तेदारों और पूर्व छात्रों से संपर्क कर विद्यालय एवं विद्यार्थियों के लिए सहयोग जुटाते हैं। पिछले नौ वर्षों से लगातार किए जा रहे प्रयासों के परिणामस्वरूप इस वर्ष देश-विदेश के अनेक दानदाताओं का सहयोग प्राप्त हुआ, जिससे विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई जा सकी। अपने संबोधन में शिक्षक विकास कायरवार ने विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किए जा रहे नवाचारों एवं सामुदायिक सहभागिता की सराहना करते हुए अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। वहीं पार्षद पुष्पेंद्र साहू ने विद्यार्थियों को प्रतिदिन इमला लिखने के लिए प्रेरित किया तथा विद्यालय की आवश्यकताओं की पूर्ति में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

नवप्रवेशी बच्चों का तिलक-फूलमाला से स्वागत

'अंगना मा शिक्षा' से माताओं को मिला शिक्षा का संदेश, बांटी गई निःशुल्क पुस्तकें व गणवेश

सीपत/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला नयापारा गोंदईया, संकुल गोंदईया, विकासखंड बिल्हा में गुरुवार को शाला प्रवेश उत्सव एवं 'अंगना मा शिक्षा माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम' का आयोजन उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं फूलमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही अतिथियों द्वारा बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरित कर उनका मुंह मीठा कराया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच हेमलता सक्सेना तथा सरपंच प्रतिनिधि सतानंद सक्सेना उपस्थित रहे। उन्होंने नवप्रवेशी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए नियमित अध्ययन और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर 'अंगना मा शिक्षा' कार्यक्रम के तहत 9 गतिविधि केंद्र (काउंटर) स्थापित किए गए, जहां आंगनबाड़ी एवं नवप्रवेशी बच्चों के साथ उनकी माताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से माताओं को बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा में उनकी भूमिका एवं घर पर सीखने के अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में शामिल सुग्घर महतारी (एक्टिव मदर) एवं अन्य माताओं ने भी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर बच्चों के सर्वांगीण विकास का संकल्प लिया। ग्राम सरपंच हेमलता सक्सेना ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। शाला प्रवेश उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का जनअभियान है। 'अंगना मा शिक्षा' जैसी पहल से माताओं की सहभागिता बढ़ेगी और बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा अधिक प्रभावी बनेगी। ग्राम पंचायत शिक्षा के क्षेत्र में हर संभव सहयोग प्रदान करती रहेगी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के पंच श्री दिनेश साहू, विष्णु प्रसाद साहू, रीमा साहू, संतोषी यादव, ग्राम प्रेरक शिवनंदन साहू, गोविंदा साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रोहित गोस्वामी, सदस्य दुजराम केवट सहित बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे। इनमें शिवनाथ केवट, रामेश्वरी केवट, पूर्णिमा गोस्वामी, अंजली गोस्वामी, सरिता केवट सहित अन्य अभिभावकों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान पाठक शकील अहमद खोखर, शिक्षिका चमेली राज एवं तृप्ति यादव का विशेष योगदान रहा। अंत में सभी बच्चों एवं पालकों ने शिक्षा के प्रति जागरूकता और नियमित विद्यालय आने का संकल्प लिया।

मांग : नागरिक सुरक्षा मंच सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने किया प्रदर्शन, आंदोलन तेज करने की चेतावनी

अरपा पार नगर निगम बनाने की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। अरपा पार सरकंडा क्षेत्र को पृथक नगर निगम बनाने की मांग को लेकर गुरुवार को नागरिक सुरक्षा मंच, विभिन्न सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लगातार बढ़ती आबादी के बावजूद अरपा पार क्षेत्र विकास और मूलभूत सुविधाओं के मामले में पिछड़ता जा रहा है। अमित तिवारी ने कहा कि पिछले 30 वर्षों से पृथक नगर निगम की मांग की जा रही है, लेकिन क्षेत्र की लगातार उपेक्षा हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि 2023 विधानसभा चुनाव में स्थानीय विधायक ने इसे प्राथमिकता बताई थी, लेकिन तीन साल बाद भी घोषणा पूरी नहीं हुई। उन्होंने बताया कि 'जो वादा किया वो निभाना पड़ेगा' अभियान चलाया जाएगा।

चरणबद्ध तरीके से होगा आंदोलन

10 जुलाई को मानव श्रृंखला, दूसरे चरण में मशाल जुलूस और 15 अगस्त से आमरण अनशन की घोषणा की गई। अरपा अर्पण महाभियान के संयोजक श्याम मोहन दुबे और गौरव तिवारी ने कहा कि पिछले 15 वर्षों में सरकंडा क्षेत्र में तेजी से शहरीकरण हुआ है, लेकिन विकास कार्य अपेक्षित स्तर पर नहीं हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट सिटी योजना का लाभ भी क्षेत्र को पर्याप्त रूप से नहीं मिला। धरना-प्रदर्शन में मंच के संयोजक अमित तिवारी, गौरव तिवारी, देवेंद्र मिश्रा, दिलीप पाटिल, श्याम मोहन दुबे, रामकुमार यादव, अमित सोनकर, लाम बोले, करम गोरख, रमेश सोनकर, अजय कापसे, कमल साहू, दिनेश पांडेय, अजीत नाविक, शेखर यादव और विक्की यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

24 वार्ड आते हैं अरपा पार क्षेत्र में

प्रदर्शनकारियों के अनुसार अरपा पार क्षेत्र में नगर निगम के 24 वार्ड आते हैं। उनका कहना है कि अलग नगर निगम बनने से लोगों को स्थानीय स्तर पर सुविधाएं मिलेंगी और विकास कार्यों में तेजी आएगी। मंच के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि मांग पर गंभीरता से विचार नहीं होने पर आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

पल्स पोलियो अभियान कल

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में 28 जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाई जाएगी। इसके बाद 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिन घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगे।

जिले में अभियान के सफल संचालन के लिए 1530 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। ये बूथ जिला चिकित्सालय, सिम्स, सभी शासकीय अस्पाल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में संचालित होंगे। जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 2 लाख 78 हजार 149 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, ईट-भट्ठों, कोयला भट्ठों, निर्माण स्थलों, बस्तियों एवं अन्य क्षेत्रों के लिए विशेष मोबाइल टीमों का गठन किया गया है, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भारत को वर्ष 2014 में पोलियो मुक्त घोषित किया गया था, लेकिन पड़ोसी देशों में अभी भी पोलियो वायरस की मौजूदगी के कारण सतर्कता बनाए रखना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से पल्स पोलियो अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है।

नवप्रदेश **राजरंग...46**

राज्यसभा सचिवालय के कर्मचारियों-अधिकारियों की निगरानी!

लगता है कि जगदीप धनखड़ की विदाई के बाद राज्यसभा सचिवालय कुछ ज्यादा ही सजग हो गया है..उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन भी फूंक-फूंक कर कदम रख रहे हैं। बिहारी मूल के एक समाजवादी को छोड़ दें उन्होंने दिल्ली के अपने सभी संपर्कों से नाता तोड़ लिया है..छत्तीसगढ़ के एक नेतापुत्र से उनकी गहरी छनती थी..लेकिन अब वे भी दूर हैं.. नेताजी अब दिवंगत हो चुके हैं। संयुक्त मध्य प्रदेश में उनका नाम बहुत सम्मान से लिया जाता था...उपराष्ट्रपति जी के स्वभाव में इस बदलाव को लेकर जानकारों का मानना है कि जगदीप धनखड़ के हश्र के चलते ये सावधानियां बरती जा रही हैं। इस कड़ी में एक नई खबर आई है। राज्यसभा से जुड़े सूत्रों का कहना है कि उपराष्ट्रपति सचिवालय अपने कर्मचारियों और अधिकारियों की पूरी खोज-खबर रख रहा है। वे कहां जाते हैं, किससे मिलते हैं और क्या उनका रूटीन है, इन सब मामलों का रिकॉर्ड रखा जा रहा है। इसकी जानकारी राज्यसभा सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को हो गई है। उनका कहना है कि सच में ऐसा है तो उनके लिए यह बेहद तनाव का मसला है।

योगी बनेंगे संसदीय बोर्ड के सदस्य

नितिन नबीन की नई टीम में योगी आदित्यनाथ को जगह मिल सकती है। इसकी सूचना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सूत्रों की ओर से आ रही है। माना जा रहा है कि राजनाथ सिंह के घर हुई अमित शाह और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह अरूण कुमार की बातचीत के दौरान यह राय बनी कि योगी आदित्यनाथ को भारतीय जनता पार्टी की सर्वोच्च नीति नियामक संस्था संसदीय बोर्ड में शामिल किया जाना चाहिए। इस बोर्ड में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फण्डनवीस पहले से ही हैं। अगर योगी आदित्यनाथ को शामिल किया जाता है तो वे दूसरे मुख्यमंत्री होंगे। अगर योगी आदित्यनाथ को आगे लाया जाता है तो इसका मतलब साफ है कि संघ उन्हें आगे बढ़ाने में दिलचस्पी दिखा रहा है। वैसे अपनी आक्रामकर राजनीतिक शैली और प्रशासनिक कामकाज के चलते योगी पहले ही मुख्यमंत्रियों की पहली पसंद बन चुके हैं। तो क्या मान लिया जाय कि मोदी के स्वाभाविक उत्तराधिकारी के तौर पर योगी को उभारने की तैयारी है? अगर संसदीय दल में उन्हें शामिल किया जाता है तो इसे मानने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए।

मोहन की नहीं टूट रही चुप्पी



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और उनके परिवार के जमीन खरीद सौदों पर सवाल उठाने वाली इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के बावजूद मोहन यादव ने चुप्पी साध रखी है। वैसे उनके बचाव में राज्य बीजेपी के अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने जुबान खोली जरूर, लेकिन उसमें वाजिब आक्रामकता नहीं दिखी। बल्कि वह एक तरह से खानापूरी ही नजर आई। दिलचस्प यह है कि राज्य की विपक्षी कांग्रेस भी उस तरह आक्रामक नहीं दिख रही, जैसी विपक्षी होने के नाते उससे अपेक्षा की जाती है। राज्य के सूचना विभाग के आला अफसर मुख्यमंत्री को सुझाव दे चुके हैं कि उन्हें भी अपना पक्ष रखना चाहिए। लेकिन मोहन यादव ने कोई जवाब नहीं दिया है। ऐसा माना जा रहा है कि उन्हें दिल्ली से चुप्पी साधे रखने के लिए निर्देश दिया गया है। वैसे इंडियन एक्सप्रेस इस समाचार पर करीब एक साल से लगा था। इसकी जानकारी मोहन यादव को हो गई थी। तब उन्होंने अपने सूचना विभाग के आलाधिकारियों को निर्देश दिया था कि किसी भी कीमत पर इस खबर को रूकवाएं। सूचना विभाग के अधिकारियों ने इसमें अपनी असमर्थता जता दी थी। अब देखना यह है कि मोहन यादव कब चुप्पी तोड़ते हैं। फिलहाल मध्य प्रदेश में चर्चा है कि इन सौदों की जानकारी तो सबको है, एक्सप्रेस ने इसे सिर्फ रिकॉर्ड पर ला दिया है।

बंगाली शुभचिंतक बनने की ख्वाहिश

बंटवारे और बांग्लादेश संघर्ष के बाद भारत आए हिंदू बंगाली शरणार्थियों को पश्चिम बंगाल और असम से बाहर जिन दो राज्यों में सबसे ज्यादा जगह मिली थी, उनमें छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश प्रमुख हैं। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के धौरहरा, गोला और मोहम्मदी के अलग-अलग गांवों में तीन सौ से ज्यादा हिंदू बंगाली परिवारों को बसाया गया। उससे सटे पीलीभीत जिले के 'नेवरिया' और 'गबिया' जैसी कॉलोनियों में 1960 और 1970 के दशक से करीब लगभग 37 हजार हिंदू बंगाली बसे हुए हैं, जिसे 'मिनी-बंगाल' भी कहा जाता है। कानपुर देहात और मेरठ के हस्तिनापुर में भी दशकों से विस्थापित बंगाली हिंदू परिवार बसे हुए हैं। पश्चिम बंगाल चुनाव में बीजेपी की जीत के बाद उत्तर प्रदेश के इन बंगाली हिंदू परिवारों के बीच योगी आदित्यनाथ की छवि चमकाने की कोशिश तेज हो गई है। योगी सरकार की इस कोशिश को भावी राजनीतिक दिशा के लिहाज से अहम माना जा रहा हैं। जानकारों का कहना है कि इसके जरिए योगी की अखिल भारतीय छवि को पुख्ता करने की कोशिश है। वैसे पश्चिम बंगाल के चुनावों के बड़े सूत्रधार अमित शाह माने जा रहे हैं। इससे उनकी छवि बंगाली लोगों के हमदर्द की बनी है। जानकार मानते हैं कि योगी की कोशिश अमित शाह की इस छवि को चुनौती देने की है।

कांग्रेस संगठन में फेरबदल जल्द..

केंद्रीय मंत्रि परिषद में फेरबदल की चर्चाओं के साथ ही बीजेपी अध्यक्ष नितिन नबीन की नई टीम के गठन की चर्चा तेज है। इस बीच कांग्रेस में भी सांगठनिक फेरबदल की चर्चाएं तेज हो गई हैं। कहा जा रहा है कि कुछ राज्यों के कांग्रेस अध्यक्षों की भी छुट्टी हो सकती है। इसमें झारखंड का नाम तेजी से उभरा है। इसकी वजह यह है कि यहां अपने विधायकों को कांग्रेस अध्यक्ष साध नहीं पाए और कांग्रेस का उम्मीदवार राज्यसभा का चुनाव हार गया। भले ही यह टीम मल्लिकार्जुन खरगे की होगी, लेकिन उसमें लोग राहुल गांधी के ही होंगे। कुछ पुराने नेताओं की भी छुट्टी हो सकती है। हालांकि कई पुराने नेता भी गांधी-नेहरू परिवार की परिक्रमा करने लगे हैं। सोनिया गांधी की अध्यक्षता के दौरान कई राज्यों के प्रमुख रहे एक नेता तो इन दिनों खासे निराश हैं। आपसी बातचीत में वे कहने लगे हैं कि पार्टी उन्हें कुछ नहीं देने जा रही। संगठन में पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के नए चेहरों को तवज्जो मिल सकती है। इसकी वजह है यहां अगले साल होने वाले चुनाव।

— राजदार

मरीजों की बढ़ती भीड़ के बीच निर्माण एजेंसी का नहीं हो सका चयन

डेढ़ साल से टेंडर में फंसा अस्पताल का 700 बिस्तरों वाला नया भवन

■ 231 करोड़ रुपए की परियोजना पर फैसला लंबित

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल में मरीजों के लगातार बढ़ते दबाव को देखते हुए प्रस्तावित 700 बिस्तरों वाले नए अस्पताल भवन का निर्माण डेढ़ साल से टेंडर प्रक्रिया में अटका हुआ है।

231 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले छह मंजिला अस्पताल के लिए अब तक निर्माण एजेंसी का चयन नहीं हो पाया है। टेंडर प्रक्रिया की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन (सीजीएमएससी) को सौंपी गई है, लेकिन तकनीकी कारणों से दो बार टेंडर निरस्त होने के बाद भी मामला अंतिम चरण तक नहीं पहुंच सका है। अंबेडकर अस्पताल में प्रदेशभर से गंभीर मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। पिछले कुछ महीनों में एम्स से भी बड़ी संख्या में मरीज यहां रेफर किए जा रहे हैं। इसके चलते मेडिसिन, स्त्री रोग और शिशु रोग विभागों में बेड की भारी कमी बनी हुई है। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्य शासन ने दो वर्ष पहले मेडिकल कॉलेज परिसर में 700 बिस्तरों का नया अस्पताल भवन बनाने की घोषणा की थी।

दो बार टेंडर निरस्त, चार एजेंसियों ने दिखाई थी रुचि: सीजीएमएससी के अधिकारियों के अनुसार तकनीकी कारणों से दो बार टेंडर निरस्त कर दोबारा जारी किया गया। अंतिम टेंडर में चार निर्माण एजेंसियों ने भाग लिया था, लेकिन किसी एजेंसी का चयन अंतिम रूप नहीं ले सका। फिलहाल शासन से मार्गदर्शन लेकर आगे की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

महिलाओं और बच्चों के इलाज की मिलेगी अत्याधुनिक सुविधा: प्रस्तावित अस्पताल भवन में मुख्य रूप से स्त्री एवं शिशु रोग विभाग संचालित होंगे। इसके अलावा स्किन, ईएनटी और मनोरोग विभाग भी इसी भवन में शिफ्ट किए जाएंगे। यहां आधुनिक ओपीडी, वार्ड, ऑपरेशन थियेटर और अन्य उपचार सुविधाएं विकसित की जाएंगी। योजना के अनुसार ग्राउंड फ्लोर पर स्त्री एवं शिशु रोग की ओपीडी तथा प्रथम तल पर अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर बनाए जाएंगे।

बढ़ते मरीजों के दबाव से जूझ रहा अंबेडकर अस्पताल: अंबेडकर अस्पताल में वर्तमान क्षमता से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं, जिससे कई वार्डों में बेड की कमी की स्थिति बनी रहती है। नए 700 बिस्तरों वाले अस्पताल भवन के निर्माण से मरीजों को बेहतर उपचार सुविधाएं मिलने के साथ प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल पर बढ़ते दबाव को भी काफी हद तक कम किया जा सकेगा।

2 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन, 6 से शुरू होगी क्वांटम वर्कशॉप

रायपुर/नवप्रदेश। एनआईटी रायपुर में 6 से 10 जुलाई तक नेक्स्ट-जन क्वांटम इंटेलिजेंस: एआई फॉर नेटवर्क ऑप्टिमाइजेशन एंड एंटैंगलमेंट विषय पर पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। यह आयोजन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्पार्क कार्यक्रम के तहत किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्देश्य क्वांटम कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई संचार तकनीकों पर हो रहे शोध और नवाचारों को साझा करने के लिए विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों और उद्योग जगत को एक मंच पर लाना है। कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबोर्न के विशिष्ट प्रो. राजकुमार बयाया और कर्टन यूनिवर्सिटी के हिमांशु अग्रवाल मुख्य व्याख्यान देंगे। इसके अलावा विभिन्न आईआईटी, एनआईटी और उद्योग क्षेत्र के विशेषज्ञ भी अपने अनुभव साझा करेंगे।

निजी स्कूलों की मान्यता के नियम बदले, अब अपनी जमीन और परिसर में मैदान जरूरी नहीं

■ माशिमं ने जारी किए नए प्रावधान, अनुबंध या साझेदारी से उपलब्ध कराई जा सकेंगी खेल मैदान, पुस्तकालय और प्रयोगशाला की सुविधाएं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने निजी स्कूलों की मान्यता प्रक्रिया में बड़ा बदलाव करते हुए नए नियम लागू किए हैं। संशोधित प्रावधानों के तहत अब निजी स्कूलों के लिए अपनी जमीन होना अनिवार्य नहीं रहेगा। इसके साथ ही खेल मैदान, पुस्तकालय और प्रयोगशाला जैसी आधारभूत सुविधाएं भी स्कूल परिसर के भीतर होना जरूरी नहीं होगा। स्कूल संचालक अब इन सुविधाओं की व्यवस्था साझेदारी, अनुबंध या किराये के मॉडल के माध्यम से कर सकेंगे।

नए नियमों के अनुसार यदि किसी निजी स्कूल के पास खेल मैदान, प्रयोगशाला या पुस्तकालय उपलब्ध नहीं है तो वह किसी सरकारी संस्थान, नगर निगम या पहले से मान्यता प्राप्त अन्य शिक्षण संस्थान के साथ समझौता कर इन संसाधनों का उपयोग कर सकेगा। माशिमं अधिकारियों के मुताबिक यह बदलाव केंद्र सरकार की नई गाइडलाइन और शिक्षा क्षेत्र में संसाधनों के बेहतर उपयोग की अवधारणा को ध्यान में रखकर किए गए हैं।

6,800 से अधिक निजी स्कूलों को मिलेगा लाभ: प्रदेश में वर्तमान में सीजी बोर्ड से संबद्ध 6,800 से अधिक निजी स्कूल संचालित हैं। अकेले रायपुर जिले में ही 700 से अधिक निजी स्कूल हैं। इनमें से बड़ी संख्या ऐसे स्कूलों की है, जहां खेल मैदान की स्थायी व्यवस्था नहीं है। नए नियम लागू होने से ऐसे संस्थानों को मान्यता संबंधी प्रक्रिया में राहत मिलने की उम्मीद है।

छोटे स्कूलों को राहत, लेकिन निगरानी की चुनौती: शिक्षा क्षेत्र से जुड़े जानकारों का मानना है कि शहरी क्षेत्रों में सीमित भूमि और बढ़ती लागत के कारण कई छोटे और मध्यम स्तर के निजी स्कूल आधारभूत सुविधाएं विकसित नहीं कर पा रहे थे। ऐसे में नया मॉडल उन्हें राहत देगा और शिक्षा के विस्तार में मदद करेगा। हालांकि, शिक्षा विशेषज्ञों ने इस व्यवस्था को लेकर सावधानी बरतने की भी जरूरत बताई है। उनका कहना है कि यदि निगरानी प्रभावी नहीं रही तो कुछ संस्थान केवल कागजी समझौते दिखाकर मान्यता हासिल करने का प्रयास कर सकते हैं। ऐसे में नई व्यवस्था की सफलता प्रभावी निरीक्षण और पारदर्शी क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी।

6.25% छूट का दिखा असर, 607 संपत्तियों से निगम को मिले 1.27 करोड़ रुपए

■ 30 जून तक संपत्तिकर जमा करने पर मिल रही विशेष रियायत, जोन-10 वसूली में सबसे आगे

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा संपत्तिकर वसूली बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। 30 जून 2026 तक संपत्तिकर जमा करने पर दी जा रही 6.25 प्रतिशत की विशेष छूट का असर यह रहा कि अब तक 607 संपत्तियों से 1 करोड़ 27 लाख 16 हजार 954 रुपए का कर जमा हो चुका है।

नगर निगम प्रशासन के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 का संपत्तिकर निर्धारित समय-सीमा के भीतर जमा करने वाले करदाताओं को 6.25 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए नागरिक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से कर जमा कर रहे हैं।

जोन-10 रहा सबसे आगे: संपत्तिकर वसूली में नगर निगम का जोन-10 सबसे आगे रहा है। यहां 95 संपत्तियों से 27 लाख 20 हजार 665 रुपए की वसूली की गई, जो सभी जोनों में सर्वाधिक है। इसके बाद जोन-2 ने 77 संपत्तियों से 20 लाख 43 हजार 266 रुपए का कर संग्रह कर दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं, जोन-7 में 64 संपत्तियों से 16 लाख 43 हजार 511 रुपए, जोन-9 में 70 संपत्तियों से 14 लाख 45 हजार 839 रुपए तथा जोन-8 में 67 संपत्तियों से 10 लाख 95 हजार 536 रुपए की वसूली दर्ज की गई।

समय-सीमा नजदीक आते ही बढ़ी भीड़: 30 जून की अंतिम तिथि नजदीक आने के साथ निगम कार्यालयों और ऑनलाइन पोर्टल पर कर जमा कराने वाले नागरिकों की संख्या में तेजी आई है। निगम अधिकारियों का कहना है कि विशेष छूट योजना के चलते बड़ी संख्या में ऐसे करदाता भी संपत्तिकर जमा करने आगे आए हैं, जिन्होंने अभी तक कर का भुगतान नहीं किया था। नगर निगम का मानना है कि इस अभियान से न केवल समय पर राजस्व प्राप्त हो रहा है, बल्कि बकाया संपत्तिकर की वसूली में भी उल्लेखनीय सफलता मिल रही है। निगम ने करदाताओं से 30 जून की निर्धारित समय-सीमा के भीतर कर जमा कर विशेष छूट का लाभ उठाने की अपील की है।

सरकारी अस्पतालों में खुलेंगी अमृत फार्मेसी

■ मेडिकल कॉलेज से जिला अस्पताल और हेल्थ सेंटर तक होगी शुरुआत, विभाग ने जारी किए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के मेडिकल कॉलेज अस्पतालों, जिला अस्पतालों और अन्य प्रमुख सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में जल्द ही अमृत फार्मेसी की सुविधा शुरू होगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड को अमृत फार्मेसी संचालित करने की मंजूरी देते हुए सभी अस्पतालों में मरीजों की आसान पहुंच वाली उपयुक्त जगह उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए हैं। विभाग के अनुसार अमृत फार्मेसी शुरू होने से मरीजों को गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक और ब्रांडेड दवाइयां बाजार मूल्य से 20 से 50 प्रतिशत तक कम कीमत पर उपलब्ध हो सकेंगी। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में अस्पताल प्रबंधन को दवाओं की अलग से खरीदारी करने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे सरकारी खर्च में भी कमी आएगी।

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने स्वास्थ्य आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों, जिला अस्पतालों और प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों में अमृत फार्मेसी की स्थापना के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अस्पताल परिसरों में ऐसी जगह चिन्हित करने को कहा गया है, जहां मरीज और उनके परिजन आसानी से पहुंच सकें।

आदेश की प्रमुख बातें

- राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल और प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों में अमृत फार्मेसी खोली जाएगी।
- अस्पताल परिसर में मरीजों की आसान पहुंच वाली जगह उपलब्ध कराई जाएगी।
- जेनेरिक और ब्रांडेड दवाएं बाजार मूल्य से 20 से 50 प्रतिशत तक कम कीमत पर उपलब्ध होंगी।
- आपातकालीन स्थिति में अस्पताल प्रबंधन को अलग से दवा खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी।
- स्वास्थ्य आयुक्त को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

तालाब में फेंके गए हत्या के साक्ष्य एसडीआरएफ ने बाहर निकाले

■ 10 फीट गहरे पानी में चला रेस्क्यू ऑपरेशन

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के नंदनी थाना क्षेत्र के ग्राम डूमर में युवक की हत्या के मामले में एसडीआरएफ ने अहम कार्रवाई करते हुए तालाब में फेंके गए साक्ष्यों को बरामद किया। 10 फीट गहरे पानी में डीप डाइविंग कर टीम ने हत्या में इस्तेमाल किए गए सब्बल समेत अन्य साक्ष्य निकालकर पुलिस को सौंप दिए। जानकारी के अनुसार, कंट्रोल रूम दुर्ग से सूचना मिली थी कि ग्राम डूमर में एक युवक की सब्बल से हत्या कर दी गई है और घटना के साक्ष्य पुराने गौठान के पास स्थित तालाब में फेंक दिए गए हैं। सूचना मिलते ही जिला सेनानी नागेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर एसडीआरएफ की टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई।

10 फीट गहरे पानी में डीप डाइविंग: घटनास्थल पहुंचकर एसडीआरएफ के जवानों ने करीब 10 फीट गहरे तालाब में डीप डाइविंग कर तलाशी अभियान चलाया। रेस्क्यू के दौरान टीम ने हत्या में प्रयुक्त सब्बल, मृतक की टी-शर्ट और जींस बरामद कर सुरक्षित बाहर निकाली। इसके बाद सभी साक्ष्य नंदनी पुलिस को आगे की जांच के लिए सौंप दिए गए।

छत्तीसगढ़ में मिलेगी फ्रेश क्राफ्ट बीयर: सरकार ने माइक्रो ब्रुअरी को दी मंजूरी

■ 10 लाख लाइसेंस फीस, 4 हजार वर्गफीट परिसर जरूरी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बीयर पसंद करने वालों के लिए अच्छी खबर है। अब राज्य में अलग-अलग फ्लेवर वाली फ्रेश (क्राफ्ट) बीयर का स्वाद मिल सकेगा। राज्य सरकार ने माइक्रो ब्रूअरी खोलने की मंजूरी दे दी है। इसके बाद आबकारी विभाग लाइसेंस जारी करेगा। सरकार का कहना है कि इससे लोगों को नया विकल्प मिलेगा, पर्यटन और होटल-रेस्टोरेंट कारोबार को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही सरकार की आय भी बढ़ेगी।

अब छत्तीसगढ़ में भी खुलेगी माइक्रो ब्रुअरी: देश के कई राज्यों में लोकप्रिय हो चुकी माइक्रो ब्रुअरी की शुरुआत अब छत्तीसगढ़ में भी होगी। सरकार ने इसकी अनुमति दे दी है। माइक्रो ब्रुअरी में सीमित मात्रा में ताजा बीयर तैयार की जाती है और उसे उसी परिसर में मौजूद रेस्तरां या ग्राहकों को परोसा जाता है। इसे क्राफ्ट बीयर इंडस्ट्री भी कहा जाता है।

सामान्य बीयर से कैसे अलग होगी क्राफ्ट बीयर: क्राफ्ट बीयर छोटे बैच में तैयार की जाती है, इसलिए इसके स्वाद, गुणवत्ता और ताजगी पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है। इसमें बेहतर गुणवत्ता वाले माल्ट, हॉप्स और अन्य प्राकृतिक सामग्री का इस्तेमाल होता है। यही वजह है कि इसका स्वाद सामान्य फैक्ट्री में बनने वाली बीयर से अलग होता है। इसमें अलग-अलग फ्लेवर भी मिलते हैं और इसे ताजा परोसा जाता है।

कई राज्यों में पहले से है लोकप्रिय: कर्नाटक, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब और गोवा जैसे राज्यों में माइक्रो ब्रूअरी पहले से चल रही हैं। खासकर बेंगलुरु को देश की 'क्राफ्ट बीयर कैपिटल' माना जाता है। अब छत्तीसगढ़ भी इस सूची में शामिल होने जा रहा है।

4 हजार वर्गफीट जगह होना जरूरी: सरकार ने माइक्रो ब्रूअरी खोलने के लिए कुछ नियम भी तय किए हैं। ब्रूअरी और उससे जुड़े रेस्तरां का कुल क्षेत्रफल कम से कम 4 हजार वर्गफीट होना चाहिए। इसके अलावा भवन में अग्नि सुरक्षा, मशीनों की सुरक्षा और अन्य सभी जरूरी मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा।

सालाना 10 लाख रुपए देनी होगी लाइसेंस फीस: नई नीति के तहत माइक्रो ब्रूअरी संचालकों को हर साल 10 लाख रुपए लाइसेंस फीस देनी होगी। इससे सरकार को अतिरिक्त राजस्व मिलेगा। एक माइक्रो ब्रूअरी को प्रतिदिन अधिकतम 1 हजार लीटर क्राफ्ट बीयर बनाने की अनुमति होगी। पहले जहां सालाना लाइसेंस फीस 25 लाख रुपए थी, उसे घटाकर 10 लाख रुपए कर दिया गया है। हालांकि लाइसेंस लेने के साथ ही कारोबारियों को लाइसेंस फीस का 25त्न हिस्सा सुरक्षा राशि के रूप में पहले से जमा करना होगा।

एक गिलास की कीमत 250 से 300 रुपए तक: सरकार ने माइक्रो ब्रूअरी में तैयार होने वाली क्राफ्ट बीयर पर 60 रुपए प्रति बल्क लीटर उत्पाद शुल्क तय किया है। वहीं एक गिलास क्राफ्ट बीयर की अनुमानित कीमत 250 से 300 रुपए के बीच हो सकती है। सरकार का मानना है कि माइक्रो ब्रुअरी शुरू होने से होटल, रेस्तरां और पर्यटन क्षेत्र को फायदा मिलेगा। नए निवेश आएंगे, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और राज्य को लाइसेंस फीस व उत्पाद शुल्क के रूप में अतिरिक्त राजस्व भी प्राप्त होगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com